वर्ष : 17 अंक : 239 लखनऊ सोमवार, 8 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

**मौसम**

सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



उर्वशी रौतेला से छीने कई फैंस के मोबाइल :एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने के लिए लगी थी भीड़ 10


योगी सरकार की पहल से संस्कृत भाषा को नई उड़ान 2 | एक गांधी जो भुला दिए गए 6 | उपराष्ट्रपति को नहीं मिलती रेगुलर सैलरी 12

## वोटर आईडी में अब मकान नंबर 0 नहीं

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक में सैकड़ों मतदाता पहचान पत्रों में मकानों का एक ही पता 'जीरो' दर्ज होने से मचे बवाल के बीच चुनाव आयोग कुछ परिस्थितियों में नोशनल नंबर देना खत्म करने जा रहा है। इसके लिए मतदाता के पते के बारे में नए फॉर्मेट पर विचार किया जा रहा है, ताकि काल्पनिक नंबर देने की मजबूरी खत्म हो जाए। चुनाव आयोग पूरे देश में वोटर वेरिफिकेशन करेगा। इसके लिए 10 सितम्बर को दिल्ली में बैठक बुलायी गयी है।

वेरिफिकेशन के तहत वोटर आईडी में मकान नंबर डालने की अनिवार्यता समाप्त करना भी शामिल है। मकान नंबर की जगह आधार नंबर डालने को भी विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।

## पूरे देश में चांद ढका, चंद्रमा पर पूर्ण ग्रहण, 82 मिनट तक रहा ब्लडमून




विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** साल का दूसरा और आखिरी चंद्रग्रहण शुरू हो गया है। यह पूर्ण ग्रहण यानि ब्लड मून होगा और इसे भारत में कहीं से भी देख सकते हैं। साल 2022 के बाद भारत में दिखने वाला यह सबसे लंबा पूर्ण चंद्रग्रहण है। चंद्रग्रहण रात 9 :56 बजे शुरू हुआ, जो 3 घंटे 28 मिनट तक चलेगा। इसमें से 82 मिनट पूर्ण चंद्रग्रहण रहेगा। इस दौरान पृथ्वी सूर्य और चांद के बीच आ जाएगी, जिससे चांद पर उसकी छाया पड़ेगी और चांद लाल-नारंगी रंग का दिखाई देगा। इसे ही ब्लड मून कहा जाता है। यह 27 जुलाई, 2018 के बाद पहली बार है जब ग्रहण को देश के सभी हिस्सों से देखा जा रहा है। इसे सीधे आंखों से देखा जा सकता है। इसके लिए किसी चश्मे या फिल्टर की जरूरत नहीं है। हालांकि, दूरबीन या टेलिस्कोप से देखने पर इसे साफ देख सकते हैं। हालांकि कुछ शहरों में बादल और बरसात के कारण इसे नहीं देखा जा सका।

ज्योतिष और खगोल विज्ञान दोनों दृष्टिकोण से यह खास माना जा रहा है। चंद्र ग्रहण का आरंभ रात 9 बजकर 56 मिनट पर हुआ। इसका मध्य काल रात 11 बजकर 41 मिनट पर रहेगा और समाप्ति रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगी। इस तरह यह ग्रहण कुल मिलाकर करीब 3 घंटे 28 मिनट तक चलेगा। 11 बजे बाद से ब्लड मून भी दिखने लगा है। लगभग 82 मिनट तक आसमान में ब्लड मून दिखाई देगा। ग्रहण का सूतक काल दोपहर 12 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ हो गया था। ग्रहण भारत, एशिया, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया और यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों में दिखाई दे रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, एशिया और ऑस्ट्रेलिया में सबसे देर तक और सबसे अच्छा देखने को मिलेगा। वहां ग्रहण के समय चांद आसमान में ऊंचाई पर होगा। यूरोप और अफ्रीका में लोग इसे चांद निकलते समय थोड़े समय के लिए देख पाएंगे।

बैंकॉक में 12 :30 से 1 :52 बजे, बीजिंग और हांगकांग में 1 :30 से 2 :52 बजे, टोक्यो में 2 :30 से 3 :52 बजे और सिडनी में 3 :30 से 4 :52 बजे तक देखा जा सकेगा।

## ईडी ने सुब्रत रॉय के बेटे को भगोड़ा बताया

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय ने सहारा इंडिया समूह के खिलाफ कोलकाता की कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। इसमें 1.74 लाख करोड़ रुपए के चिटफंड घोटाले का जिक्र है।

ईडी ने सहारा के संस्थापक दिवंगत सुब्रत रॉय की पत्नी सपना रॉय, बेटे सुशांत रॉय को आरोपी बनाया है। अनिल वैलापरमपिल अब्राहम और जितेंद्र प्रसाद वर्मा समेत समूह के कई वरिष्ठ अधिकारी भी आरोपियों में शामिल हैं। ईडी ने सुशांत को भगोड़ा बताया है। वह पूछताछ में शामिल नहीं हुए थे। ईडी उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कराने की प्रक्रिया में है। सहारा के खिलाफ 500 से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से करीब 300 में दर्ज आरोप पीएमएलए के दायरे में आते हैं।

# उत्तर प्रदेश में अब नौकरियों की बौछार

## उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों को दिये गये नियुक्ति पत्र

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछली सरकारों पर निशाना साधा और कहा कि 8 वर्ष पहले वे नियुक्ति पत्र वितरण के ऐसे इवेंट नहीं कर पाते थे। पहले भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होती थी, क्योंकि हर प्रक्रिया में कोई न कोई ऐसा व्यवधान होता था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा रोक लगा दी जाती थी। शिक्षक, पुलिस, अनुदेशक की भर्ती हो या किसी अन्य विभाग की, इतना पैसा ले लिया जाता था कि वे किसी अभ्यर्थी से आंख मिलाकर बात नहीं कर पाते थे। क्योंकि जब व्यक्ति बेईमानी और भ्रष्टाचार का सहारा लेता है तो उसका नैतिक पतन हो जाता है और वह चेहरा उठाकर बात नहीं कर पाता है। 2017 के पहले सरकार में बैठे लोगों ने यही स्थिति कर दी थी, जिससे यूपी का नौजवान हताश और निराश था। जब नौजवान हताश और निराश होगा तो अर्थव्यवस्था नीचे गिरेगी ही, लेकिन पिछले साढ़े 8 वर्ष में सामूहिक परिणाम हुए तो आज सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी के साथ रोजगार भी है। यूपी में अब नौकरियों की बौछार है।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1510 अनुदेशकों को रविवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने लोकभवन में नवचयनित 11 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। सीएम ने निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से चयनित अनुदेशकों व अभिभावकों को बधाई दी।

**सीएम के हाथों 11 अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र**



सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मिशन रोजगार से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प दिया है, हम सभी उसमें सहभागी बन सकें, इसके लिए यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े 8 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है। हर महीने किसी न किसी आयोग-बोर्ड के माध्यम से नियुक्ति प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया है। जो सख्ती की गई, उसका परिणाम है कि निष्पक्ष भर्ती के तहत चयनित युवाओं ने भी ईमानदारी के साथ सरकार का हिस्सा बनकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ यूपी को दिया।

सीएम ने कहा कि 8 वर्ष पहले आपने अनुभव किया होगा कि यूपी के साथ दो बातें चस्पा थीं। पहली- यूपी का नौजवान-नागरिक प्रदेश के बाहर जाता था तो उसके सामने पहचान का संकट होता था। लोग हेय दृष्टि से देखते हैं। इससे नागरिकों के मन में हीन भावना पैदा होती थी। दूसरा- हमारे ऊपर बीमारू राज्य का लेवल लगा दिया गया था यानी देश के विकास का बैरियर, जबकि यह राज्य संसाधनों से भरपूर था। जिस राज्य में ईश्वर को भी किसी न किसी अवतार के रूप में बार-बार आना पड़ा। ऐसा राज्य बीमारू हो जाए, कोई खुद को सुरक्षित महसूस न कर सके। उस राज्य को पिछले 8 वर्ष के अंदर हम लोगों ने नंबर-2 की अर्थव्यवस्था बनने में सफलता हासिल की। बीमारू राज्य के लेवल को उखाड़कर भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में सफलता प्राप्त की। 25 करोड़ की आबादी, जनप्रतिनिधियों, सरकार से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और डबल इंजन सरकार ने मिलकर प्रयास किया तब यह परिणाम सामने आए। आज यूपी सबसे तेज गति से अग्रसर प्रदेशों में गिना जाता है। देश में विकास की दर यूपी की सर्वाधिक है। हर क्षेत्र में यूपी अग्रणी स्थानों में है। 2017 के पहले जो प्रदेश बॉटम 5 में था, वह आज देश के अंदर अधिकांश स्कीम में नंबर एक पर है, जहां एक पर नहीं है, वहां टॉप थ्री में यूपी को कोई नहीं हटा सकता।

सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यूपी के नौजवानों के लिए साफ-सुथरा मंच दिया। चयनित अनुदेशकों को सिफारिश की नौबत नहीं आई होगी। जिसने तैयारी की, उसका चयन हुआ। जिसने नहीं की होगी, तैयारी करेगा, उसका आने वाले समय में होगा। अब नौकरियों की बौछार हो रही है। कानून व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षा का माहौल तैयार किया गया है। दंगामुक्त, गुंडागर्दी, माफिया मुक्त की अवधारणा ने यूपी में बड़े-बडे निवेश को आमंत्रित किया है। इसका सर्वाधिक लाभ व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास व उद्यमिता से जुड़े नौजवानों को हुआ।

8 वर्ष में 60 लाख से अधिक ऐसे लोगों को नौकरी मिली। इसमें 14 लाख ऐसे नौजवान हैं, जिन्होंने यूपी कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण लिया।

## निर्माणाधीन भवन से गिरे तीन मजदूरों की मौत

### एक की मौके पर दो की दो घंटे के अंदर इलाज के दौरान मौत



विश्ववार्ता संवाददाता

**रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के फायर स्टेशन के पास रविवार देर शाम लापरवाही की एक और दर्दनाक तस्वीर सामने आई। निर्माणाधीन भवन की दूसरी मंजिल की छज्जी टूटने से तीन मजदूर 25 फुट नीचे आ गिरे। हादसे में राजमिस्त्री रमेश प्रजापति (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रामू (45) ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। तीसरा मजदूर रज्जब अली (45) जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। रात 9 बजे समाचार लिखे जाने तक खबर मिली कि उसकी भी अस्पताल में मौत हो गई है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और भवन स्वामी पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि बिना किसी सुरक्षा इंतज़ाम और तकनीकी मानकों की अनदेखी करते हुए भवन का निर्माण कराया जा रहा था। हाल ही में डाली गई छत की डालाई की मजबूती तक जांची नहीं गई, और यही लापरवाही दो घरों में मातम बनकर टूट पड़ी।मृतक रमेश प्रजापति के घर कोहराम मचा है। पत्नी श्यामा, बेटे अमरेश व विशाल और बेटी मानसी का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे से पूरे इलाके में गुस्सा है। दूसरी तरफ रामू की मौत की खबर से उसके परिजन भी सदमे में हैं। जब दूसरे की मौत की खबर आई तो कुछ देर में तीसरे के मौत की खबर मिली। लोग गंभीर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर बिना मानक और सुरक्षा के हो रहे निर्माण कार्यों पर जिम्मेदार लोगों पर प्रशासन खामोश क्यों हैं?कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जीएसटी घटी पर मुनाफाखोर दाम नहीं घटायेंगे : अखिलेश

विश्ववार्ता ब्यूरो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसान, नौजवान, मजदूर, कारोबार विरोधी है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण हर वर्ग परेशान और तबाह हो गया है। भाजपा सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने, नौजवानों की नौकरी, रोजगार और महंगाई को लेकर जनता से झूठ बोला। सरकार ने कहा था कि जीएसटी लागू होने से कारोबार आसान होगा लेकिन जीएसटी दुनिया का इकलौता ऐसा कानून है जिसमें सबसे ज्यादा संशोधन हुए है। जीएसटी में तमाम संशोधनों के बाद भी फिर बदलाव करना पड़ा।

रविवार को इटावा में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि अब सवाल यह है कि जीएसटी लागू होने



» ज्यादा दरें लागू कर इतने दिन सरकार ने किसका कराया फायदा

से लेकर अब तक सरकार ने किसको मुनाफा कमवाया। सरकार की गलत नीतियों से महंगाई बढ़ी। हर चीज के दाम बढ़े। वर्षों तक जनता से वसूली हुई। इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जीएसटी का स्लैब कम होने से भी महंगाई कम नहीं होगी क्योंकि जिनको मुनाफाखोरी की आदत पड़ गयी है वे कीमतें कम नहीं करेंगे।

## आठ साल बाद भारत बना एशिया कप हॉकी चैंपियन

### वर्ल्ड कप के लिए भी किया क्वालीफाई, पांच बार की चैंपियन कोरिया को 4-1 से धूल चटायी

विश्ववार्ता ब्यूरो/एजेंसी

**राजगीर(बिहार)।** बिहार के राजगीर में भारत ने हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल मुकाबले में पांच बार की चैंपियन कोरिया को 4-1 से धूल चटाई है। टीम इंडिया 8 साल बाद एशियाई चैंपियन बनी है। इस जीत के साथ ही भारत ने वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई किया है। मेजबान टीम के लिए दिलप्रीत सिंह ने दो जबकि सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने एक-एक गोल किया।

फाइनल हूटर बजा और भारत एशिया कप का चैंपियन बन गया है। भारतीय टीम चौथी बार एशियाई चैंपियन बनी है। इसके साथ ही भारत ने वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालीफाई किया। भारत 8 साल बाद बना एशिया कप हॉकी चैंपियन। कोरिया ने रिव्यू लेने का फैसला लिया है। हाई बॉल का रिव्यू लिया है। जरमनप्रीत के



बिहार के राजगीर में हॉकी एशिया कप 2025 के फाइनल में कोरिया पर जीत दर्ज करने के बाद हर्ष जताते भारतीय खिलाड़ी।

स्टीक से गेंद उछली है। सोन डायन ने इसे हाई बॉल माना है। टीवी अंपायर ने कोरिया के रिव्यू को खारिज किया। पेनल्टी कॉर्नर की चाहत में रिव्यू गंवाया। आखिरकार कोरिया ने गोल करने में सफलता पाई। पहली बैटरी ने अपने बाएं ओर गेंद को फेंका, इसके बाद कोरिया की यूनिट ने वेरिएशन लगाया और गोल किया। कोरिया का गोल का खाता खुला है। कोरिया क्या आखिरी के 10 मिनटों में कोई चमत्कार करेगी। भारत का चौथा गोल। अमित रोहिहास ने इस बार गोल दागा है। सपने में भी नहीं कोरियाई डिफेंस ने की हरमनप्रीत नहीं बल्कि अमित रोहिदास के पास गेंद जा रही है। अच्छा खेल भारत का। कोरियाई रशर को पता ही नहीं चला कि क्या हुआ। भारत ने 56 फीसदी समय तक इस मैच में गेंद का पोजेशन अपने पास रखा है। यह बता रहा है कि टीम इंडया किस तरह से गेम चला रही है। चलिए अब दिलप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर बनाया। इंतजार किया और कोरियाई खिलाड़ी के पांव को निशाना बनाया। भारत की कोशिश लीड को बड़ा करने पर। अगर कोई चमत्कार नहीं हुआ तो भारत एशिया चैंपियन बनने जा रहा है और अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप का टिकट भी हासिल करने के करीब है।

## भाजपा की कार्यशाला में सबसे पीछे बैठे पीएम मोदी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसदों की दो दिवसीय कार्यशाला रविवार को संसद परिसर में शुरू हुई। उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले इस कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसमें पीएम मोदी सहित भाजपा के सभी सांसद शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी का अनोखा अंदाज एक बार फिर देखने को मिला। वह बैठक में एक साधारण सांसद की तरह सबसे पीछे बैठे नजर आए। अब उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

रविवार सुबह शुरू हुई इस कार्यशाला में भाजपा सांसदों ने पीएम मोदी को जीएसटी सुधारों के लिए बधाई दी। इसके बाद सभी सांसदों को उपराष्ट्रपति चुनाव से जुड़ी जानकारी दी गई। इस दौरान पीएम मोदी सबसे पीछे की पंक्ति में एक आम सांसद की तरह बैठे दिखे। गोरखपुर सांसद रवि किशन ने इसकी



» जीएसटी सुधारों के लिए दी गयी बधायी

तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की और लिखा कि सांसदों की कार्यशाला में आखिरी पंक्ति में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। यही है भाजपा की ताकत। यहां हर कोई कार्यकर्ता है।

इससे पहले, जीएसटी में ऐतिहासिक सुधारों के लिए भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन और सम्मान किया।

## हजरतबल दरगाह विवाद में 26 पुलिस हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में 3 सितंबर को हजरतबल दरगाह में राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ के चिन्ह वाली शिलापट्ट तोड़ी गई। इसके अगले दिन 4 सितंबर को अनंतनाग की खिरम दरगाह में फुटब्रिज के उद्घाटन किया गया था। इसमें 26 लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

यहां लगाई शिलापट्ट में केवल वक्फ बोर्ड का लोगो था, अशोक चिन्ह नहीं था। उद्घाटन में जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की चेयरपर्सन दरख्शां अंद्राबी भी पहुंची थीं। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या जानबूझकर हजरतबल दरगाह में लगाई गई शिलापट्ट में अशोक स्तंभ चिन्ह उकेरा गया था। जिससे माहौल खराब किया जा सके। वहीं, हजरतबल दरगाह में अशोक स्तंभ शिलापट्ट तोड़ने के मामले में पुलिस ने शनिवार को 26 लोगों को हिरासत में लिया है।

# कासगंज में भाजपा सांसद की बहन को ससुर-देवर ने पीटा

## आरोप- नहाते वक्त वीडियो बना रहे थे, विरोध करने पर बाल खींचे, चाकू-डंडा मारा

विश्ववार्ता ब्यूरो

**कासगंज।** यूपी के फर्रुखाबाद से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की बहन को उनके ससुर और देवर ने बीच सड़क पर बेरहमी से पीटा। कासगंज में घर के बाहर ससुर ने बहू को 4 सेकेंड में 5 डंडे मारे। सांसद की बहन चीखती-चिल्लाती रही। दोनों देवरों ने भी सांसद की बहन को पीटा। एक ने बीच सड़क बाल पकड़कर खींचा। दूसरे देवर ने लोहे की रॉड से पिटाई की। चाकू से हाथ पर हमला किया। घटना का वीडियो सामने आया है। भाजपा सांसद की बहन का आरोप है नहाते समय ससुर और देवर वीडियो बना रहे थे। जब मैंने विरोध किया तो गालियां देने लगे। पिटाई शुरू कर दी। पीड़ति ने थाने में आरोपी ससुर और देवर के खिलाफ शिकायत की। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। 20 सेकेंड का वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि भाजपा सांसद की बहन के ससुर हाथ में डंडा लेकर खड़े हैं। दूसरे हाथ में मोबाइल है, जिससे वह रिकॉर्डिंग कर रहे हैं। सामने उनकी बहू रीना की आवाज आ रही है। वह कह रही हैं हां- मार लो मुझे, मार लो। ससुर उसे धमकाते हैं। लाठी दिखाते हैं। जैसे ही ससुर अपनी बहू की तरफ बढ़ते हैं, वह भागती है और एक बाइक वाले से टकरा जाती है। इसी दौरान ससुर अपनी बहू पर लाठियां बरसाने लगते हैं। 4 सेकेंड में 5 लाठी मारते हैं। देवर बाल पकड़कर खींचता है। इसी दौरान देवर वीडियो बना रहे शख्स के मोबाइल में हाथ मारता है और वीडियो बंद हो जाता है। पूरा मामला सहावर थाना क्षेत्र के अवंतीबाई नगर का है। फर्रुखाबाद से भाजपा सांसद मुकेश राजपूत की बहन रीना सिंह अपने ससुराल वालों के साथ रहती हैं। 17 साल पहले उनकी शादी लक्ष्मन सिंह के बेटे शेखेंद्र सिंह से हुई थी। रीना ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जिसमें बताया, रविवार दोपहर 1 बजे मैं अपने बाथरूम में नहा रही थी,



तभी मेरे देवर गिरीश और मेरे ससुर लक्ष्मण सिंह बाथरूम के रोशनदान से मेरा नहाते हुए वीडियो बना रहे थे। मेरी नजर पड़ी तो मैंने इसका विरोध किया। दोनों ने मुझे गालियां देना शुरू कर दिया।

इसके बाद मेरे ससुर अपनी लाइसेंसी राइफल लेकर नीचे आए और बोले- तुझे गोली मार देंगे। उन्होंने राइफल से मुझ पर हमला भी किया। किसी तरह मैंने अपनी जान बचाकर घर से भागने की कोशिश की। तभी मेरे देवर राजेश ने धारदार चाकू से मुझ पर वार किया, जिससे मेरे हाथ में चोट भी आई। रीना का आरोप है कि घर से बाहर निकलते समय मेरे देवर गिरीश ने सरिए (लोहे की रॉड) से हमला किया, जिससे मुझे गंभीर चोटें आईं। मैं बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाकर गली में पहुंची। यहां मेरे ससुर ने फिर से मोहल्ले वालों के सामने मुझे पीटा। जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोगों की मदद से मैं बच सकी। मैं थाने गई। पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

रीना के ससुराल वाले अवंतीबाई नगर में 3 मंजिला मकान में रहते हैं। ससुर सहावर के श्री गांधी इंटर कॉलेज में टीचर थे। अब वह रिटायर हो चुके हैं। वहीं पति शेखेंद्र लखनऊ में शिक्षा विभाग में संविदा पर काम करता है। दोनों देवर गिरीश और राजेश बेरोजगार हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। रीना के दो लड़कियां हैं। एक 6 साल की है, दूसरी 8 साल की है। कोतवाली सहावर प्रभारी चमन कुमार गोस्वामी ने बताया- मामला पारिवारिक विवाद का है। मारपीट की घटना सामने आने पर पीड़िता का मेडिकल कराया गया। उनकी तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर पीड़िता के पति, देवर राजेश, गिरीश और ससुर लक्ष्मण सिंह के खिलाफ दर्ज की गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

मुकेश राजपूत फर्रुखाबाद में भाजपा के दूसरे सांसद हैं, जिन्होंने फर्रुखाबाद में जीत की हैट्रिक लगाई थी। उन्होंने लगातार 2014, 2019 और 2024 का चुनाव जीता।

9 महीने पहले भाजपा सांसद मुकेश राजपूत लोकसभा में हंगामे के दौरान गिरकर घायल हो गए थे। आरोप लगाया था कि सांसद मुकेश राजपूत को राहुल ने धक्का मारा, जिससे वे ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी के ऊपर गिर गए।

## मोदी नौ सितम्बर को पंजाब का करेंगे दौरा

नयी दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन (24 जुलाई से लेकर 7 अगस्त) तक बारिश-बाढ़, लैंडस्लाइड से जुड़ी घटनाओं में 366 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार को 4 लाख करोड़ की संपत्ति का नुकसान भी हुआ है। शिमला में 116% और कुल्लू में 113% बारिश हुई, जो सामान्य से दोगुनी है। पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य में अगले 3 दिन बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन लुधियाना का ससराली बांध टूटने का खतरा बना हुआ है। पीएम मोदी 9 सितंबर को बाढ़ प्रभावित इलाके का दौरा करेंगे।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के नौगांव में शनिवार शाम को बादल फटा। बाजार और कई घरों में पानी-मलबा घुस गया। सड़क पर खड़ी कई गाड़ियां भी बह गईं। उत्तर प्रदेश के मथुरा में यमुना नदी शहर से 1 किमी दूर तक पहुंच गई है।

# राज्य के उत्पादन निगम को देने से 35-40 पैसे प्रति यूनिट तक सस्ती मिलेगी बिजली

## मध्य प्रदेश में अमरकंटक की तरह उप्र में भी ओबरा और अनपरा में ज्वाइंट वेंचर समाप्त कर उत्पादन निगम को परियोजनायें देने की मांग

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मा० योगी आदित्यनाथ जी से मांग की है कि ओबरा और अनपरा में लग रही नई बिजली इकाइयों को ज्वाइंट वेंचर के स्थान पर प्रदेश के व्यापक हित में राज्य विद्युत उत्पादन निगम को दिया जाय। संघर्ष समिति ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विगत सप्ताह लिए गए कैबिनेट के निर्णय का हवाला देते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार ने अमरकंटक बिजली घर में जॉइंट वेंचर समाप्त कर नई बनने वाली इकाई मध्य प्रदेश के उत्पादन निगम को देने का निर्णय लिया है।

संघर्ष समिति ने कहा है कि मध्य प्रदेश की कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय तकनीकी दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त और उचित है। उत्तर प्रदेश में भी जॉइंट वेंचर समाप्त कर राज्य के उत्पादन निगम को ओबरा डी और अनपरा ई परियोजनाओं को सौंपा जाये तो बिजली की उत्पादन लागत 35 से 40 पैसे प्रति यूनिट तक कम हो जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने 28 मार्च 2023 को यह निर्णय लिया था कि अमरकंटक ताप बिजली घर में 660 मेगावाट की नई बिजली इकाई ज्वाइंट वेंचर में एस ई सी एल (कोल इंडिया लिमिटेड) के साथ लगाई जाएगी।

संघर्ष समिति ने मध्य प्रदेश सरकार के आदेश की प्रति जारी करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के बिजली कर्मचारियों की संघर्ष समिति ने इसका विरोध किया था और अंततः ढाई साल के बाद मध्य प्रदेश की कैबिनेट ने अपने ही निर्णय को संशोधित करते हुए अब यह निर्णय लिया है कि अमरकंटक ताप बिजली घर की नई इकाई ज्वाइंट वेंचर में नहीं लगाई जाएगी और इसे मध्य प्रदेश का विद्युत उत्पादन निगम लगाएगा। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की तरह उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने 27 जुलाई 2023 को यह निर्णय लिया था कि 2×800 ओबरा डी और 2×800 अनपरा ई ताप बिजली परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर में एनटीपीसी के साथ लगाया जाएगा। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक बात समान थी कि राज्य के उत्पादन गृह में पहले से चल रही इकाइयों के साथ ज्वाइंट वेंचर को अनुमति दी गई थी जो विवाद का



मुख्य कारण है। राज्य के उत्पादन निगम की चल रही इकाइयों के साथ ज्वाइंट वेंचर में नई परियोजना लगाने का निर्णय पूरे देश में और कहीं नहीं लिया गया है।

संघर्ष समिति ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यतः 6 बिंदुओं को आधार मानते हुए जॉइंट वेंचर का अपना दो साल से अधिक पुराना निर्णय संशोधित कर नई इकाई जॉइंट वेंचर की जगह राज्य के उत्पादन निगम को देने का निर्णय लिया है।

संघर्ष समिति ने बताया कि छह बिंदुओं में सबसे बड़ा बिंदु यह है कि राज्य का उत्पादन निगम यदि एक्सटेंशन प्रोजेक्ट बनाएगा तो परियोजना की कई कामन फैसेलिटीज को देखते हुए बिजली की उत्पादन लागत ज्वाइंट वेंचर की तुलना में 35 से 40 पैसे प्रति यूनिट कम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त एक ही परिसर में उत्पादन निगम और ज्वाइंट वेंचर की परियोजनाएं रहने से कई प्रकार की परिचालकीय दिक्कतें उत्पन्न होने की संभावना व्यक्ति की गई थी। एक ही परिसर में दो स्वामित्व की परियोजनाएं रहने से भविष्य में अनेक प्रकार के कानूनी विवाद खड़े होने की स्थित आ सकती है। ऑपरेशनल डिफिकल्टीज में सबसे बड़ी समस्या रेलवे से कोल ट्रांसपोर्टेशन की और ऐश डिस्पोजल की सामने आने वाली है। एक ही रेलवे ट्रैक होने से कई बार ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है कि परियोजना के लिए कोयला अनलोड करने में अनावश्यक विलंब होगा। संघर्ष समिति ने कहा कि ओबरा डी और अनपरा ई परियोजनाओं के लिए कोयला खदान के मुहाने से (coal pit head) कोयला लिंकेज नहीं मिल पाया है और 500 से 700 किलोमीटर दूर से कोयला लाने के कारण ज्वाइंट वेंचर में बिजली की उत्पादन लागत बहुत अधिक बढ़ने की संभावना है। राख का डिस्पोजल एक बड़ी समस्या होने जा रही है। सामान्यतः एक ही ऐश पौंड होने से बहुत ही दुरूह स्थिति उत्पन्न होने की संभावना व्यक्त की गई है। संघर्ष समिति ने बताया कि इन मुख्य बातों को संज्ञान में लेते हुए मध्य प्रदेश की कैबिनेट ने जॉइंट वेंचर का प्रस्ताव निरस्त कर दिया है और परियोजना राज्य के उत्पादन निगम को दे दी है।

संघर्ष समिति ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने जिन बातों की आशंका व्यक्त करते हुए ज्वाइंट वेंचर को निरस्त करने का निर्णय ढाई साल के बाद लिया लगभग वही परिस्थितियां उत्तर प्रदेश में भी ओबरा और अनपरा में है। संघर्ष समिति ने कहा कि इन स्थितियों को देखते हुए प्रदेश को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल ज्वाइंट वेंचर निरस्त करने का निर्णय लेना चाहिए अन्यथा विलंब होने से और अधिक नुकसान होने की संभावना है।

# खुर्जा के सिरेमिक उत्पाद को विश्व पटल पर देगा अलग पहचान

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ/ बुलंदशहर।** योगी सरकार द्वारा लगातार प्रदेश के पांरपरिक उद्योगों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के साथ आधुनिकता से जोड़ा जा रहा है। इसी के तहत योगी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में लोकल फॉर वोकल को आत्मसात करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के जरिये प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों को नई पहचान दी है। इस दिशा में योगी सरकार द्वारा एक अनूठी पहल की गयी है। योगी सरकार के निर्देश पर बुलंदशहर में ₹अनोखी दुनिया₹ नाम से एक पार्क बनाया गया है, जिसे सिरेमिक वेस्ट से बनाया गया है, यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। यह पार्क माह के अंत तक पर्यटकों के लिए ओपन कर दिया जाएगा। यह पार्क विश्वस्तरीय डिज्नी वर्ल्ड और जुरासिक पार्क को टक्कर देगा। बुलंदशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि बुलंदशहर के खुर्जा को 'सिरेमिक की राजधानी' कहा जाता है। यहां बने विश्वस्तरीय डिज़ाइन, आकार, शैली के बर्तन व उत्पाद देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुके हैं। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप खर्जा की पारंपरिक विरासत को विश्व पटल पर अलग पहचान दिलाने के लिए 'अनोखी दुनिया' नामक सिरेमिक पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क न केवल खुर्जा की कला और कारीगरी को प्रदर्शित करता है, बल्कि शहर को पर्यटन की दृष्टि से भी एक नया मुकाम दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। वीसी ने बताया कि अनोखी दुनिया नामक पार्क को पीपीपी मोड पर बनाया गया है। यह पार्क करीब 2 एकड़ में फैला हुआ है। इस पार्क की खासियत है कि यह दुनिया का पहला सिरेमिक वेस्ट पार्क है। उन्होंने बताया कि अनोखी दुनिया पार्क में छह कलाकारों और 120 कारीगरों की टीम ने मिलकर कई महीनों की मेहनत से करीब 100 छोटी-बड़ी अनोखी कलाकृतियां तैयार की हैं। इसमें 28 बड़ी कलाकृतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। यह कलाकृतियां टूटी हुई सुराहियों, कप, केतली और अन्य बर्तनों के टुकड़ों से बनाई गईं हैं। यहां बड़े आकार के कप, केतली, सुराही और कई अन्य कलात्मक नमूने देखने को मिलेंगे, जिन्हें रंग-बिरंगे और आकर्षक अंदाज़ में सजाया गया है। यह पार्क सभी आयु वर्ग के लोगों को लुभाने में सक्षम है। वीसी डॉ. अंकुर लाठर ने बताया कि पार्क को 80 टन सिरेमिक कचरे से तैयार किया गया है, जो 'वेस्ट-टू-आर्ट' का उत्कृष्ट उदाहरण है। अनोखी दुनिया पार्क पीपीपी मोड पर 5 करोड़ 86 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ है। यह पार्क पयर्टकों के लिए सितंबार माह के अंत तक ओपन कर दिया जाएगा। इस पार्क में ग्रीनरी का भी विशेष ध्यान रखा गया है, जो हार्टिकल्चर पर आधारित है। पार्क में बच्चों के लिए कई सेल्फी प्वाइंट और एक कैफे भी बनाया गया है। इस पार्क में हर आयु वर्ग के लिए कुछ न कुछ विशेष है, जो उन्हे अपनी ओर आकर्षित करेगा।

## मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का होगा विस्तार : दिनेश प्रताप सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि योगी सरकार किसानों की आय बढ़ोतरी हेतु सार्थक कदम उठा रही है। प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन और शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार किसानों को प्रेरित कर रही है। साथ ही मधुमक्खी पालन हेतु 40 प्रतिशत अनुदान भी प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन से औद्यानिकी में स्वरोजगार का विस्तार होगा। मधुमक्खियाँ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से किसानों की आर्थिक वृद्धि, फसलों में पर-परागण से उत्पादन क्षमता में वृद्धि तथा पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण योगदान करतीं हैं। उद्यान मंत्री श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों की आय में वृद्धि हेतु कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक व्यवसायों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिनमें कम भूमि और कम पूंजी की आवश्यकता होती है। मधुमक्खी पालन ऐसा ही व्यवसाय है, जिसे अपनाकर किसान कम समय और कम लागत में अधिक आय अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को वैज्ञानिक ढंग से प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केन्द्र, सहारनपुर व बस्ती तथा राजकीय उद्यान, प्रयागराज में 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर, 2025 तक तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डॉ0 भानु प्रकाश राम ने बताया कि 90 दिवसीय प्रशिक्षण में पुरुष एवं महिलाएँ सभी वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

## एक नजर

### प्रबंधक ने स्वास्थ्य कर्मियों को किया सम्मानित



**गुरसहायगंज कन्नौज।** बैंक ऑफ इंडिया जलालाबाद के 120वें स्थापना दिवस पर बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बहेलियांपुरवा अनोगी में रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक नितिन कटियार ने रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया, निर्देशक कहा कि रक्तदान महादान है इससे बढ़ा कोई दान नहीं है आवश्यकता पड़ने पर इससे किसी भी जरूरत मंद की जान बच सकती है अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेन्द्र कुमार व निदेशक नितिन कटियार ने कार्यक्रम में वृक्षारोपण करने के बाद कहा कि बैंक ऑफ इंडिया 120 वर्षों से निष्ठा, ईमानदारी व सेवा भाव से कार्य कर रही है और देश के विकास में अग्रणी योगदान दे रही है संस्थान में 35 दिवसीय लेडीज ब्यूटी पार्लर बैच चल रहा है स्टाफ ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्थान समाजहित के कार्यों एवं उपयोगी गतिविधियों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है इस दौरान जिला अस्पताल से आई डॉक्टर किरन, मुनीश पाल, महेंद्र कुमार बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।

# लोकतंत्र में चुनाव ही एक मात्र रास्ता : अजय राय



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकतंत्र में चुनाव की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। चुनाव वह माध्यम है, जिससे जनता अपने प्रतिनिधियों का चयन करती है और शासन को वैधता मिलती है। लोकतंत्र में चुनाव ही एक मात्र रास्ता होता है जिसके जरिए बिना हिंसा के सत्ता परिवर्तित होती है और प्रत्येक नागरिक को बराबरी का अधिकार प्राप्त होता है। इसके साथ ही चुने हुए प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह रहते हैं, क्योंकि उन्हें फिर से 5 वर्ष बाद चुनाव लड़ना होता है, अगर वे जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरते तो जनता उन्हें सत्ता से बाहर कर सकती है। मोदी के शासनकाल में देश में निष्पक्ष चुनाव एक सपना सा हो गया है। देश और प्रदेश की सत्ता काबिज पर भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर दी है। जननायक राहुल गांधी पिछले कई वर्षों से चुनाव में धांधली बात प्रमुखता से उठा रहे हैं, मगर जब चुनाव आयोग ने किसी भी आरोप पर जाँच कराना तो दूर जवाब देना भी मुनासिब नहीं समझा तब पार्टी ने स्वतः ही आकड़ों की जाँच करवाई। 7 अगस्त, 2025 को राहुल गांधी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त साक्ष्यों के माध्यम से मतदाता सूची में भारी अनियमितता को उजागर किया। उनके खुलासों ने पूरे देश सामने चुनावी प्रक्रिया में हो रही धांधली को उजागर कर दिया कि किस पैमाने और सटीकता से चुनावी धांधली चुनाव आयोग की नाक के नीचे की जा रही है। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए 11 अगस्त 2025 को सभी इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग के पास जवाब मांगने के लिए मार्च करते हुए गए, लेकिन पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया यह इस सरकार की लोकतांत्रिक विरोध को दबाने की मंशा का स्पष्ट प्रमाण है। इस संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए, और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में तथा राहुल गांधी की उपस्थिति में आयोजित अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिवों और प्रभारियों की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, वोट चोरी के विरूद्ध पूरे देश में तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी अभियान निम्न प्रकार संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया।

## योगी सरकार का संकल्प यूपी बनेगा भारत का स्किल कैपिटल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश बीते साढ़े आठ वर्षों में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नए क्षेत्रों में लगातार प्रगति दर्ज कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने 2017 से पहले की चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए एक नया टेक्नोलॉजी हब बनने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। सीएम योगी का विजन है कि 2047 तक यूपी में 10 अरब यूएस डॉलर मूल्यांकन वाली 15-20 'डेकाकॉर्न' कंपनियां स्थापित हो सकें। इसके लिए एक तरफ आईटी, एआई, डीपटेक जैसे भविष्योन्मुखी तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही 4 करोड़ से अधिक युवाओं को ग्लोबल स्किल्ड वर्कफोर्स के रूप में तैयार किया जाएगा। 2017 से पहले प्रदेश में आईटी और डिजिटल क्षेत्र को लेकर न तो कोई ठोस नीतिगत प्रयास हुए थे और न ही कोई बड़ा विजन था। सॉफ्टवेयर निर्यात और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर बेहद सीमित थे। डाटा सेंटर जैसी अवधारणाएं केवल कागजों में थीं और प्रदेश तकनीकी दौड़ में पीछे छूट रहा था। वहीं 2017 के बाद योगी सरकार के प्रयासों से आज उत्तर भारत का पहला डाटा सेंटर गौतमबुद्ध नगर में स्थापित हो चुका है। कई और डाटा सेंटरों की स्थापना पर काम चल रहा है। सॉफ्टवेयर एक्सपोर्ट में भी प्रदेश ने रिकॉर्ड कायम किए हैं।

# भाजपा के लोग अयोध्या हारे है लगता लखनऊ से भी हारना चाहते हैं : अखिलेश यादव

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लोग पहले अयोध्या से हारे, लगता है यह लखनऊ से भी हारना चाहते हैं। अयोध्या से इसलिए हारे क्योंकि वहां के किसान और व्यापारियों पर भी इन लोगों ने अन्याय किया। अब यहां पर भी किसानों के साथ अन्याय करना शुरू कर दिया है।



राजधानी के आगरा एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट पर शुभी ढाबा एवं रेस्टोरेंट को शनिवार को एलडीए द्वारा बिना किसी नोटिस के सीज कर दिया गया था। जिसको चलते ढाबा मालिक व किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मिलकर भारी संख्या में एलडीए के खिलाफ धरना लगातार ढाबा के सामने धरना दे रहे है। रविवार को इटावा से वापस लखनऊ आते समय धरना स्थल पर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा रुक कर पीड़ित लोगों का हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नाकामियां छिपा रही है। रोजगार पर प्रहार कर रही है। बेरोजगार लोगों को और भी बेरोजगार बनाती जा रही है। एलडीए के अधिकारियों के द्वारा जहां से लाभ होता है वहां कार्रवाई नहीं करती है। जहां से लाभ नहीं मिलता है वहां पर जाकर एलडीए सीज कर देती है वह भी बिना किसी नोटिस के। सरकार के इशारों पर काम करने वाले लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होना चाहिए।

# योगी सरकार की पहल से संस्कृत भाषा को नई उड़ान

## संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह सम्पन्न, उभरती प्रतिभाओं को मिला मंच

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संस्कृत प्रतिभा खोज सम्मान समारोह का भव्य समापन हुआ। दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का वाचिक स्वागत किया गया।



संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कृत प्रतिभा खोज योजना उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसे वर्ष 2023 में आरम्भ किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न बोर्डों और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी प्रतिभाग करते हैं। यह प्रतियोगिता जनपद, मण्डल और राज्य स्तर पर आयोजित होती है तथा इसमें 10 प्रकार की प्रतियोगिताएँ सम्मिलित रहती हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिताओं में छात्रों के साथ अभिभावक, अध्यापक एवं विद्यालयों के संयोजकों सहित कुल 8 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता हुई। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों की छुपी हुई प्रतिभा को पहचानना, उन्हें प्रोत्साहित करना और संस्कृत भाषा को लोकप्रिय बनाना है। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 06 एवं 07 सितम्बर को पाँच प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ—संस्कृत गीत, संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल वर्ग), श्रुतलेखन, संस्कृत भाषण तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग)।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में अकांक्षा द्विवेदी ने प्रथम, मान्या वर्मा ने द्वितीय एवं अंकिता दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान (बाल वर्ग) में एकता प्रथम, लक्ष्मी देवी द्वितीय एवं भव्या गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। श्रुतलेखन प्रतियोगिता में शिखर शुक्ला प्रथम, ध्रुव द्वितीय एवं अमन शुक्ला तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में ओजस्वी गुप्ता ने प्रथम, काशी ने द्वितीय तथा मित्रा राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत सामान्य ज्ञान (युवा वर्ग) में अपूर्व मिश्रा ने प्रथम, विनय आर्य ने द्वितीय एवं कशिश वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। योगी सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे संस्कृत संवर्धन कार्यों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश में संस्कृत प्रतिभाओं को न केवल प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि उन्हें अपनी योग्यता प्रदर्शित करने का उचित मंच भी प्राप्त हो रहा है। संस्कृत प्रतिभा खोज योजना ने प्रदेश में संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा अभियान

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक लखनऊ महानगर में 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जनसेवा से जुड़े कार्यक्रम स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता व श्रमदान अभियान, पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम और गरीब व जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रमुख रहेगा जिसको लेकर भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी श्रीवास्तव उपस्थित रहें।महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 18 प्रकार की सेवा कार्यों को किया जाएगा । लखनऊ महानगर का हर एक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीतिक क्षेत्र में काम करता है, जो अन्य राजनीतिक दलों से इसे अलग करता है। इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान जनसेवा और रचनात्मक कार्य है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को हम सब के प्रेरणास्रोत और पार्टी की विचारधारा प्रदान करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी। दो अक्टूबर को गांधी जयंती मनायी जाएगी । भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह जी ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 15 दिन तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़ा अभियान हम लोग भारतीय जनता कार्यकताओं को जमीन स्तर पर उतरने का कार्य करेंगे कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल है, लेकिन राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राजनीतिक क्षेत्र में काम करती है, जो अन्य राजनीतिक दलों से इसे अलग करती है। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा पहलू जनसेवा का है। यह सेवा पखवाड़ा यह हमारे पार्टी की मूल चरित्र को दर्शाता है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एक सेवक के रूप कार्य करता है हमें ये भी सुनिश्चित करना पड़ेगा कि हमारा हर कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी इन दिनों को पार्टी की मूल चरित्र सेवा भाव से अधिक अधिक लोगों को जोड़े । पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन दर्शन और जनसेवा की सोच से प्रेरित होकर यह पखवाड़ा में सेवा भाव को बढ़ाने का कार्य करेगा।16, 17 सितम्बर को कॉल्विन ग्राउंड में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर 7500 युवाओं को रोजगार देने का काम किया जाएगा। अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने सेवा पखवाड़ा अभियान की कार्यशाला पर विस्तृत चर्चा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 'सेवा पखवाड़ा" के तहत आयोजित होने वाली 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरुआत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा । जिसमें बूथ स्तर पर 17 सितम्बर रक्तदान शिविर, सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, 17 से 24 सितम्बर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पी एच सी, सी एच सी, आरोग्य मंदिर में किया जाएगा, 17 सितम्बर - सामुदायिक केंद्रों पर मा. प्रधानमंत्री जी का लाइव सम्बोधन सुनना होगा।वही 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर को प्रदर्शनी मा. प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित प्रदेश स्तर, जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा। मंडल स्तर पर 18 सितम्बर से 2 अक्तूबर रक्तदान शिविर का आयोजन करना होगा। महानगर में 19-20 सितम्बर को प्रबुद्ध संवाद - नरेंद्र मोदी का जीवन एवं उपलब्धियां, विकसित भारत विषय पर, डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन मा. प्रधानमंत्री जी के जीवन पर आधारित, मा. प्रधानमंत्री जी पर आधारित पुस्तकों का वितरण प्रारम्भ करना। महानगर में 21 सितम्बर को नमो मैराथन युवा मोर्चा द्वारा थीम आत्मनिर्भर भारत.विकसित भारत।



## उत्तर प्रदेश में अब सिफारिश नहीं, बल्कि योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं रोजगार के अवसर

# सपना हुआ साकार तो सफल अभ्यर्थियों ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोजगार के अवसर अब योग्यता और मेहनत के दम पर हासिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया ने हजारों युवाओं के जीवन को नई दिशा दी है। रविवार को लोकभवन के सभागार में नियुक्ति पत्र पाने वाले नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल उनकी मेहनत ही नहीं, बल्कि सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अब रोजगार के अवसर योग्यता और मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को ही मिलेंगे, न कि सिफारिश वालों को। सीएम योगी के इसी मिशन को उनकी टीम धरातल पर उतारने में लगी है।

### मेहनत को मिला सही मंच : सीमा, मैनपुरी

मैनपुरी की सीमा ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि मैंने राजकीय महिला पॉलीटेक्निक, बरेली से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के प्रयास से यह भर्ती प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरी हुई, जिसकी वजह से उनकी मेहनत रंग लाई।

### बेटियों के सपनों को मिला सहारा : अल्पना श्रीवास्तव, लखनऊ

लखनऊ की अल्पना श्रीवास्तव ने फिरोजगांधी पॉलीटेक्निक, रायबरेली से प्रशिक्षण प्राप्त किया और एनएसटीआई कानपुर से सीआईटीएस कोर्स किया। उन्होंने बताया कि समाज की चुनौतियों के बावजूद उनके माता-पिता ने कभी पढ़ाई में कमी नहीं रखी। उन्होंने बताया कि अनुदेशक की नियुक्ति मिलने पर उनके माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे। उन्होंने वादा किया कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। उत्तर प्रदेश को उत्तम और कुशल प्रदेश बनाने में सहयोग करूंगी।

### किसान परिवार का पहला सरकारी रोजगार : श्यामू विश्वकर्मा, गोरखपुर

गोरखपुर के श्यामू विश्वकर्मा ने भावुक होकर कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और परिवार में पहले व्यक्ति हैं जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह अवसर उन्हें इसलिए मिल पाया क्योंकि प्रदेश सरकार ने निष्पक्ष भर्ती की परंपरा स्थापित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि वह पूरी लगन और मेहनत से काम कर अपने चयन को सार्थक करेंगे।

### रोजगार से बढ़ा आत्मविश्वास : पवन कुमार, पीलीभीत

पीलीभीत के पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने राजकीय पॉलीटेक्निक पीलीभीत से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और फिर सीआईटीएस की परीक्षा हैदराबाद से पास की। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र से सरकारी सेवा तक की उनकी यात्रा आसान नहीं थी। लेकिन सरकार की पारदर्शी प्रक्रिया ने उनके सपनों को पंख लगा दिए। नवचयनित अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न सिर्फ उनके लिए गर्व का क्षण है, बल्कि प्रदेश सरकार के युवाओं को रोजगार देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र (जन्म दिनांक 08--09-19) पर भूमि दुबे नाम अंकित कराकर नगर पालिका सीतापुर से जन्म प्रमाण पत्र बनवाया था। अब मैं ज्योतिष कारणों से अपनी कारणों से अपनी पुत्री का नाम बदलकर अधिरा दुबे रख लिया था। मेरी पुत्री के शैक्षिक प्रमाण पत्रों पर भी अधिरा दुबे अंकित है। अब मेरी पुत्री को अधिरा दुबे के नाम से ही जाना जाये।

**-विशाल दुबे**
**पुत्र राकेश कुमार दुबे**
**निवासी नैमिषारण्य, सीतापुर**

## एक नजर

### किसानों ने पंजाब भेजा राहत सामग्री



**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति ने पंजाब में आई बाढ़ से पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए राहत सामग्री भेजा है। रविवार को सामग्री लेकर ट्रक रवाना हो गया। पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए संगठन से जुड़े किसानों, मजदूरों एवं समर्थकों के सहयोग से जुटाई गई राहत सामग्री में आटा, चावल, दाल, तेल, बिस्कुट, नमकीन, मोमबत्ती, तिरपाल, वस्त्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। राहत सामग्री के जाने वाले ट्रक को रविवार को संगठन के संरक्षक बाबा गोपाल दास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से पीड़ित लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सभी को हाथ बटाना चाहिए। बताया गया कि राष्ट्रीय प्रवक्ता सत्येंद्र कुमार मौर्य तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक यादव पंजाब के तीन दिवसीय दौरे पर निकले हैं जो बाढ़ की चपेट में आए क्षेत्रों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मिलेंगे और राहत सामग्री वितरित करेंगे। लखनऊ जिला अध्यक्ष (पूर्वी) रामगोपाल विश्वकर्मा, जिला अध्यक्ष (पश्चिमी) पवन रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोतीलाल यादव, प्रदेश महामंत्री शिवराम यादव, जिला सचिव लालजी, सियाराम, रामप्रकाश, रामसागर यादव, रामफल बाजपेई, युवा जिला अध्यक्ष राममिलन रावत, सुनील कुमार और कृपा शंकर तिवारी सहित संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाढ़ पीड़ितों के लिए सहयोग किया।

### किसान संगठन के सलाहकार बने आदर्श



**लखनऊ।** गोसाईंगंज क्षेत्र के गंगागंज सलेमपुर निवासी आदर्श वर्मा को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के युवा सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उक्त जिम्मेदारी संगठन के युवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता ने सौंपी है। अजय गुप्ता ने कहा है कि आदर्श वर्मा के किसानों के प्रति लगाव और किसानों के हित में कार्य करने को देखते हुए संगठन में जिम्मेदारी दी गई है और उम्मीद की गई है कि वह संगठन को अपने अनुभवों से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। आदर्श वर्मा ने विश्वास दिलाया कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

### पीजीआई पुलिस ने नशीला पदार्थ खिलाकर नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दबोचा

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में नामजद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर पर थाना पीजीआई में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इंस्पेक्टर पीजीआई के अनुसार, आरोपी प्रशांत दुबे पुत्र सर्वजीत दुबे निवासी जनपद रायबरेली ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर अपने घर बुलाया और नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में थाना पीजीआई पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुखबिर द्वारा पीजीआई पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक ग्राम मंझी थाना बछरावां जनपद रायबरेली की तरफ भागने की फिराक में है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को किसान पथ के नीचे अंडरपास कल्ली पश्चिम से दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रशांत दुबे (22 वर्ष) पुत्र सर्वजीत दुबे, निवासी ग्राम मंझी, थाना बछरावां, जनपद रायबरेली हाल पता- ग्राम जगतखेड़ा थाना पीजीआई, के रूप में हुई।

### कार सवार युवकों द्वारा अपहरण की सूचना से हड़कंप

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में रविवार को शराब ठेके के बगल ठेले पर पान मसाला सिगरेट आदि बेच रहे एक दुकानदार को कार सवार अज्ञात युवकों द्वारा अगवा किए जाने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास छानबीन करने के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले और उसके बाद वापस लौट गई। बताते हैं कि उन्नाव के सफीपुर में रहने वाला राकेश गौतम सरोजनी नगर स्थित बदाली खेड़ा में किराए पर रहकर यहां कानपुर रोड के शहीद पथ तिराहा स्थित कंपोजिट शराब दुकान के बगल ठेला लगाकर उसपर पान मसाला सिगरेट और पानी की बोतल बेचता है। आसपास के लोगों के मुताबिक दोपहर बाद करीब 2 बजे एक सफेद रंग की बिना नम्बर की कार अचानक कानपुर रोड की तरफ से उसकी दुकान के पास पहुंची। जहां कार से उतरे एक युवक ने राकेश से एक सिगरेट मांगी। इसके बाद जैसे ही राकेश ने उसे सिगरेट पकड़ाई, तभी उक्त कार से उतरे चार अन्य युवकों ने राकेश के साथ धक्का मुक्की करते हुए उसे जबरन उठाकर कार में डाल लिया और वापस कानपुर रोड की तरफ भाग निकले। इस दौरान घटना स्थल के बगल बीते काफी दिनों से चल रहे धरने में मौजूद किसान यूनियन की महिलाओं ने कार को दौड़कर रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार युवक फर्राटा भरते हुए कार सहित फरार हो गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से आसपास के लोग सहम गए और उन्होंने आनन फानन इसकी सूचना 112 नंबर पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, घटना की पूरी जानकारी लेने के बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किये और बाद में वहां से चली गई।

# किताबों के बीच नजर आया पाठकों का उत्साह

## बलरामपुर गार्डन में 22वां पुस्तक मेला : चौथा दिन



- कैकेयी के राम, चंदन किवाड़ व इवोल्यूशन आफ आर्ट का विमोचन, डा.उषा सिन्हा पर चर्चा

**आज के कार्यक्रम 8 सितंबर**

- पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रगतिशील मानव कल्याण का समारोह
- अपराह्न 12:30 बजे निरूपमा मेहरोत्रा के उपन्यास प्रतीक्षा का विमोचन
- अपराह्न 2:00 बजे मंजूषा परिषद का सम्मान समारोह
- अपराह्न 3:30 बजे आर्य प्रतिनिधि सभा का आयोजन
- शाम 5:00 बजे कौशल किशोर की किताब का विमोचन
- शाम 7.00 बजे कविता लोक सृजन का काव्य समारोह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में चल रहे 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले के चौथे दिन आज सुबह से ही में पुस्तक प्रेमी उमड़ने लगे। विमोचन कार्यक्रमों की तो जैसे झड़ी लगी रही।नयी किताबों में सेतु प्रकाशन की आपातकाल में लोकसभा को लेकर विवेचनात्मक राजगोपाल सिंह वर्मा की पुस्तक ताकि सनद रहे और काम बाटोमोर द्वारा सम्पादित व कमल नयन चौबे द्वारा अनुवादित मार्क्सवादी चिंतन कोष मांग हैं। राम पुनियानी की लहुलुहान कश्मीर और तड़पती कश्मीरियत के अलावा संविधान संघ और डा.अम्बेडकर भी चर्चा में हैं। राजू शर्मा का उपन्यास गरीबजादे और रजनी गुप्त का जस्ट चिल यार भी पसंद किया जा रहा है। सस्ता साहित्य मंडल आचार्य रामचन्द्र शुक्ल, महावीर प्रसाद द्विवेदी, जयशंकर प्रसाद और प्रताप नारायण मिश्र जैसे हिन्दी के निबंधकारों पर श्रृंखला निकाली है। इसके साथ ही सत्यप्रिय पाण्डेय की लोक साहित्य का समाजशास्त्र जैसी महत्वपूर्ण किताबें हैं। अनबाउण्ड स्क्रिप्ट, अदित्रि बुक, राजपाल, सामायिक जैसे लगभग सभी स्टालों पर नयी किताबें खूब हैं।आज कार्यक्रमों में वाश शैली के अप्रतिम चित्रकार प्रो.सुखवीर सिंघल की पुस्तक इवाल्यूशन आफ आर्ट एण्ड आर्टिस्ट के पहले खण्ड का विमोचन उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उ.प्र.ललित कला अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सीताराम कश्यप, अखिलेश निगम व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया। बेटियों के विरासत को आगे बढ़ाने के योगदान की चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि सन 1942 की होली की सुबह उन्हें जवाहरलाल नेहरू ने अपनी पुत्री के विवाह-निमंत्रण पत्र को तैयार करने को बोला। सिंघल जी का दृढ़ आग्रह था कि निमंत्रण पत्र भारतीय शैली में हो। इस



पर हुए गहन संवाद में उन्हें अपनी विचारधारा को पुस्तक रूप में प्रस्तुत करने का सुझाव मिला। तीन खंडों में कल्पित इस पुस्तक के बारे में पुस्तक की सम्पादक व चित्रकार की नातिन प्रियम चन्द्रा और सहयोगी अणिमा चक्रवर्ती ने बताया कि पांडुलिपि पूरा करने में उन्ह बारह वर्ष लगे, परंतु उनके जीवनकाल 2006 तक में यह पुस्तक प्रकाशित न हो सकी। अब डिजिटलीकरण और कई दौर के सूक्ष्म संपादन के बाद छपकर सामने आयी है। वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित मुख्यमंत्री के सलाहकार पत्रकार रहीस सिंह की पुस्तक कैकेयी के राम का विमोचन आचार्य मिथिलेश नन्दिनी शरण ने वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ल, प्रवीण कुमार, विजय त्रिपाठी, सुधीर मिश्रा व लेखक की मौजूदगी में किया। आचार्य मिथिलेश नंदनी ने कहा कि राम को पूर्ण श्रीराम कैकयी ने ही बनाया। लेखक श्री सिंह ने कहा कि लोगों के द्वारा रची दूसरी मां की परिभाषा हमेशा विचलित करने वाली रही, मुझे कैकेयी के लिए संदर्भ में यह मिथ्या धारणा बदलकर अपने दृष्टिकोण को सामने लाना था। के लिए लिखा। यहीं वाणी द्वारा ही प्रकाशित मालिनी अवस्थी की चंदन किवाड़ की चर्चा में लेखिका ने लोक संस्कृति को असल और सहज संस्कृति बताया। प्रकाशक अदिति माहेश्वरी और आशुतोष शुक्ल ने अन्य पक्षों को रखा। उन्होंने कहा कि पुस्तक में देसज शब्दों का खुलकर इस्तेमाल हुआ है। महिलाओ द्वारा किया जाने वाला नकटौरा विधा मनोरंजन का उन्मुक्त साधन रहा है। ऐसी विधाओं को परिष्कृत रूप में संजोना और विकसित किया जाना चाहिए।सुबह शिक्षाविद प्रो.विष्णु गिरि गोस्वामी भाषाविद प्रो.उषा सिन्हा के व्यक्तित्व कृतित्व पर मीडिया फाउंडेशन व नवसृजन की ओर से सुल्तान शाकिर हाशमी की अध्यक्षता में चली परिचर्चा में मुख्य रूप से अनिल मिश्र, नरेन्द्र भूषण, महेन्द्र भीष्म, मन्जू सक्सेना व डा. शिवमंगल सिंह मंगल ने विचार रखे। सविता शर्मा की वाणी वन्दना व डा.योगेश के संचालन में ममता पंकज व मधु पाठक ने रचनाकारों का परिचय रखा। रवींद्र नाथ तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद दुबे, रश्मि लहर, डा.सुषमा सौम्या, अखिल कुमार श्रीवास्तव, रत्ना बापुली, चन्द्रपाल सिंह, अनिल किशोर शुक्ल, विजय कुमारी मौर्य , पूनम सिंह प्रिया, सविता श्रीवास्तव आस्मा, सर्वेश पाण्डेय, मनमोहन बाराकोटी ने विचार रखे। फ्लाईड्रीम पब्लिकेशंस की ओर से 75वीं पुस्तक कथा संग्रह घुंघरू पर लेखक संजीव जायसवाल ने कहा कि संग्रह में आधुनिक विषयों को भय और रोमांच के जगाने के साथ लिया है आगे प्रकाशक की मांग पर पौराणिक चरित्रों हिडिंबा, कुम्भकरण पर भी लिखने का इरादा है। शाम को अपराजिता संस्था के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

# बदलता परिदृश्य : बांझपन के उपचार 2025 की नई प्रवृत्तियाँ





**लखनऊ।** वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. गीता खन्ना ने चेतावनी दी है कि पुरुष बांझपन विश्व में तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन कलंक और सामाजिक चुप्पी के कारण यह छिपा रह जाता है—जिससे उपचार में देरी होती है और परिणाम खराब होते हैं। इंटरनेशनल होप सीएमई 2025 में बोलते हुए डॉ. खन्ना ने कहाः "बांझपन अब केवल महिलाओं की समस्या नहीं है। देश में हर छह में से एक दंपति निःसंतानता से जूझ रहा है और लगभग आधे मामलों में पुरुष कारक जिम्मेदार हैं।

फिर भी पुरुष जाँच कराने से हिचकते हैं और समस्या पर्दे के पीछे छिपी रह जाती है।" उन्होंने जीवनशैली संबंधी विकारों मोटापा, धूम्रपान, शराब, तनाव, देर से विवाह तथा चिकित्सीय कारणों जैसे पीसीओएस, फाइब्रॉइड, एंडोमीट्रियोसिस, बंद ट्यूब और घटती शुक्राणु गुणवत्ता को मुख्य योगदानकर्ता बताया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अचानक आईवीएफ केंद्रों की संख्या 60-65 तक पहुँच जाना बांझपन की बढ़ती महामारी को दर्शाता है, और शहर अब आईवीएफ हब के रूप में उभर रहा है। डॉ. खन्ना ने जोर देकर कहा कि कलंक और जागरूकता की कमी के कारण महिलाओं पर अनुचित दोषारोपण होता है। उन्होंने बतायाः "करीब 78% दंपति मानसिक तनाव से गुजरते हैं और चौंकाने वाली बात है कि 60% महिलाएँ पहले ओझा-गुनियों या faith healers के पास जाती हैं, डॉक्टरों से नहीं जिससे कीमती साल और संसाधन नष्ट हो जाते हैं।" उन्होंने कड़े नियमन, रोगी परामर्श और नैतिक प्रैक्टिस की मांग करते हुए कहाः "बांझपन एक बीमारी है, कलंक नहीं। जब तक पुरुष समय पर जाँच के लिए आगे नहीं आएंगे, तब तक दंपतियों को चुप्पी में पीड़ा झेलनी पड़ेगी। आईवीएफ एक आशा देने वाली तकनीक है हमें इसका जिम्मेदारी से उपयोग करना होगा।" होप सीएमई 2025, जिसका विषय था "बदलता परिदृश्यः बांझपन के उपचार – 2025 की नई प्रवृत्तियाँ", की मेजबानी डॉ. गीता खन्ना ने की। इसका संयुक्त आयोजन इंडियन फर्टिलिटी सोसायटी (IFS), LOGS और अजंता होप सोसायटी द्वारा होटल क्लार्क्स, लखनऊ में किया गया। इसका उद्घाटन डॉ. एन.बी. सिंह (सीएमओ, लखनऊ) ने किया। दिवाकर त्रिपाठी, IAS (सेवानिवृत्त), रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित कर्नल डॉ. पंकज तलवार (अध्यक्ष, IFS) मुख्य अतिथि रहे। सीएमई में भारत और विदेश से आए आईवीएफ विशेषज्ञों डॉ. सोनिया मलिक, डॉ. के.डी. नायर, डॉ. पूनम नायर, डॉ. कुलदीप जैन और डॉ. यूसुफ अल्हाऊ (यूएई)—ने भाग लिया। इसमें एआरटी में प्रथम तिमाही रक्तस्राव, आईवीएफ में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रेजिस्टेंट पीसीओएस, मोटापा और प्रजनन क्षमता, पुरुष स्वास्थ्य, परामर्श, प्रिसीजन आईवीएफ प्रोटोकॉल, एम्ब्रायोलॉजी और अल्ट्रासाउंड में नवाचार जैसे विषयों पर सत्र हुए। साथ ही एआरटी और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के लिए नवीनतम दिशानिर्देशों के समावेश पर उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसने चिकित्सकों को व्यावहारिक सुझाव प्रदान किए। समापन पर डॉ. खन्ना ने कहाः "बांझपन के उपचार का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। समय पर निदान, नैतिक प्रैक्टिस, परामर्श और उन्नत तकनीकों का उपयोग वास्तव में उन दंपतियों के परिणामों को बदल सकता है जो निःसंतानता से जूझ रहे हैं।

### लखनऊ में मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान परिवार में छाया मातम

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के दादा सिकंदरपुर गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां 31 वर्षीय मजदूर दिनेश कारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के मुताबिक, दिनेश पुत्र सत्रोहन ने अपने घर में पंखे की कुंडी से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। घटना के समय उसके परिजन घर में ही मौजूद थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। दिनेश मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी शालू, मां राजकुमारी और दो बच्चे हैं। इस घटना के बाद पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

### दाउदपुर गांवसभा की सड़कों पर दिख रही गंदगी



**लखनऊ।** गांवों में स्वच्छता के लिए भले ही गांव गांव में कर्मचारियों नियुक्त हैं लेकिन इसके बावजूद दाउदपुर गांवसभा की नालियां कीचड़ से पटी पड़ी हैं और मुख्य रास्ते पर गंदगी भरी है। गोसाईंगंज विकासखंड की दाउदपुर गांवसभा के मजरा सैदापुर और अनुसूचित जाति के पुरवा में नालियों में कीचड़ भरा है। गांवसभा में उस समय सीमेंटेड रोड का निर्माण करवाया गया था जब गांव अंबेडकर गांवों की सूची में शामिल हुआ था। गांव में बसपा सरकार में सामुदायिक मिलन केंद्र का भी निर्माण हुआ और कुछ परिवारों को आवास की भी सुविधा मिली। अगर साफ सफाई की बात की जाए तो लगता है कि अनुसूचित जाति के पुरवा और सैदापुर गांव में नालियां कीचड़ से पटी हैं। ग्रामीण बताते हैं कि सफाई कर्मचारी आते ही नहीं हैं। दाउदपुर मार्ग से इस पुरवा के पास से होते हुए बस्तिया और दाउदपुर के लिए भी दूसरी रास्ता जाती है। उक्त रास्ते पर हमेशा गंदगी ही देखने को मिलती है। कहने को तो स्वच्छता अभियान में रोस्टर बना कर गांवों में सफाई करवाई जाती है लेकिन इस गांव सभा की बजबजाती नालियां सफाई व्यवस्था की हकीकत बता रही हैं। दाउदपुर गांव में भी काफी समय से स्वच्छता कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं। बरसात में कीचड़ रास्तों में भर जाता है।

### मोहनलालगंज में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के डाडा सिकंदरपुर गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ घरेलू कलह से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई ।जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान दिनेश (30) पुत्र सत्रोहन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दिनेश ने घर के अंदर पंखे की कुंडी से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय परिजन घर पर ही मौजूद थे। जैसे ही परिजनों ने दिनेश को लटका देखा, चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना पाकर मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है ।गांव वालों के अनुसार, दिनेश मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके तीन बेटे और एक बेटी है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर बताई जा रही है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम का माहौल है और गाँव के लोग भी स्तब्ध हैं। ग्राम प्रधान ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि दिनेश मेहनती और शांत स्वभाव का युवक था। परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी उसी पर थी। उसकी मौत से बच्चों का भविष्य अंधकार में चला गया है। गांव के पड़ोसियों का कहना है कि दिनेश अक्सर पारिवारिक विवादों को लेकर परेशान रहता था। कई बार वह अपनी दिक्कतें दोस्तों और पड़ोसियों से भी साझा करता था ।मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी ।पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह शव घर पहुँचते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक की पत्नी बार-बार बेसुध हो जा रही थी और बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल था। छोटे-छोटे मासूम बच्चे पिता के शव के पास बैठकर विलाप करते रहे। रविवार दोपहर गमगीन माहौल में गाँव के श्मशान घाट पर दिनेश का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए और नम आँखों से दिनेश को विदाई दी। गाँव में इस घटना को लेकर गहरी संवेदना है और लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुँच रहे हैं।

### सिसेण्डी में विशाल दंगल का भव्य आयोजन, पहलवानों के दांव-पेच देख झूमे दर्शक



**मोहनलालगंज।** अनन्त चतुर्थदशी के अवसर पर सिसेण्डी में दशकों पुरानी परंपरा के तहत विशाल दंगल का सफल आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दंगल में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों से आए नामी-गिरामी पहलवानों ने दमखम दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दंगल में हजारों की संख्या में मौजूद दर्शक पहलवानों की हर चाल और दांव-पेच पर उत्साह से झूम उठे। दर्शकों का जोश इतना था कि देर शाम तक मोबाइल की रोशनी में भी कुश्तियां जारी रहीं। कार्यक्रम प्रभारी ललित दीक्षित ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी सिसेण्डी टीम द्वारा दंगल का आयोजन किया गया। पहली कुश्ती सिसेण्डी के आफताब और भावाखेड़ा के रामविलास के बीच हुई, जिसमें आफताब ने जीत दर्ज की। वहीं, अयोध्या की हनुमानगढ़ी से आए पहलवान भगत बाबा और पटियाला (पंजाब) के शेर सिंह के बीच रोमांचक मुकाबले में भगत बाबा ने जीत हासिल की। दंगल का सबसे यादगार मुकाबला लखनऊ के बाबी मिश्रा और हरियाणा के काली के बीच हुआ। आधे घंटे तक चली इस कड़ी टक्कर में दोनों पहलवानों ने जोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन कोई भी पहलवान दूसरे को चित नहीं कर सका और मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिसेण्डी व्यापार मंडल के महामंत्री वीरेंद्र शुक्ला सोनू, अध्यक्ष इमरान खान, शिक्षा मित्र संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह एडवोकेट, अशोक मिश्रा, डब्बू बाजपेई, पवन गुप्ता, बृजेंद्र राजपूत, गजेंद्र राजपूत, शकील खान समेत क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# हार्टफुलनेस ने किया गुरुवरों का सम्मान

- जीवन में अकामयाबी से नहीं डरने का पाठ भी अत्यंत जरूरी : प्रो. अजय तनेजा

**लखनऊ।** हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आईआईएम रोड स्थित संस्था के स्थानीय केंद्र में किया गया। समारोह में राजधानी के 60 से अधिक विश्वविद्यालयों/स्कूल/कॉलेजों के ए च ओ डी / स हा य क प्रवक्ता/प्रधानाचार्यों/शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, विशेष सचिव, कृषि, कृषि विपणन एवं विदेशी व्यापार तथा कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान रवीन्द्र कुमार तथा समग्र शिक्षा माध्यमिक, उत्तर प्रदेश के अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कांत पांडेय उपस्थित रहे। समारोह में कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि शिक्षकों को अपने विषय की मूलभूत जानकारी रखने के साथ ही जीवन कौशल के व्यावहारिक ज्ञान से भी सम्पन्न होना चाहिए। उन्हें अपने शिष्यों को अकामयाबी से डरना नहीं है, यह भी सीखाना है। वास्तविक गुरु वह है जो अपने शिष्य की गलतियों को छुपाकर उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। विशेष सचिव, कृषि रवीन्द्र कुमार ने भी अपने गुरुओं को याद करते हुए कहा कि योग्य गुरु का सानिध्य जीवन को नयी दिशा देता है। समग्र शिक्षा माध्यमिक, उत्तर प्रदेश के अपर राज्य परियोजना निदेशक विष्णु कांत पांडेय ने बताया कि समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार और हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट के मध्य अनुबंध के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के सरकारी कॉलेजों में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम हेल्प का आयोजन किया किया जा रहा है। जीवन कौशल का अनुभव करवाने वाले इन कार्यक्रमों का आयोजन हार्टफुलनेस द्वारा निःशुल्क हो रहा है। इसका लाभ शिक्षक और छात्र, दोनों ही वर्गों को मिल रहा है। इस अवसर पर हार्टफुलनेस की जोनल कोऑर्डिनेटर शालिनी महरोत्रा ने बताया कि हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट 160 से अधिक देशों में ध्यान के माध्यम से वैश्विक शांति एवं मानवीय मूल्यों के विकास के लिए सतत रूप से प्रयासरत है। संस्था द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित ग्लोबल गाइड कमलेश डी पटेल दाजी के मार्गदर्शन में जीवन-कौशल आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। समारोह में विशाल के संचालन में ब्राइटर माइंड के कार्यक्रम में अर्चना, करिश्मा और चेतन ने कई हैरतअंगेज प्रस्तुति दी। आंखों में पट्टी बांध कर रंगों को पहचाने और कार्ड को पढ़ने का कारनामा उन्होंने कर दिखाया। विशाल ने बताया कि बच्चों को ब्राइटर माइंड की एक्टिविटी से बच्चों का ब्रेन इतना विकसित हो जाता है कि वे ऐसे कार्य आसानी से कर सकता है।



## सौ साल बाद दिखे ऐसे हालात, कोविड के बाद पहली बार लंबे समय के लिए बंद हुई माता वैष्णो देवी की यात्रा

# सामान्य नहीं हो पा रहे जम्मू के हालात

**जम्मू से लौट कर राम दशरथ यादव**

भारी बरसात के कारण बिगड़े जम्मू के हालात अभी तक सामान्य नहीं हो सके हैं। कई ट्रेनों का संचालन जम्मू से नहीं हो रहा है तथा माता वैष्णो देवी की यात्रा रुकी हुई है। खराब मौसम के कारण लोगों को पीने के पानी और बिजली की भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में जम्मू की यात्रा के पहले बहुत कुछ सोचने और जानकारी लेने की जरूरत है।

22 अगस्त की रात माता वैष्णो देवी भवन से कटरा तक खूब बरसात हुई। इसके बाद 26 अगस्त को हुई बरसात में जहां माता वैष्णो देवी भवन के रास्ते पर हुए भूस्खलन में कई लोगों की जान चली गई वहीं पर जम्मू और आसपास भी बरसात का सिलसिला शुरू हुआ तो तवी नदी, तवी की सहायक नदी और चिनाव नदी का जलस्तर अचानक बढ़ ही नहीं गया बल्कि कुछ पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए





और वाहनों का आवागमन बंद हो गया। कुछ समय के लिए मानों जम्मू का अन्य स्थानों से संपर्क ही कट गया। इसी समय 27 अगस्त को दोपहर बाद जम्मू से जाने वाली ट्रेनें निरस्त कर दी गई। बिगड़े हालात में बाहरी राज्यों के यात्री परेशान हो उठे। शहर का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। जम्मू के कई स्थानों पर बादल फटने की घटना से कुछ घर बह गए। वाहनों का आवागमन बंद होने से यात्रियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया। ट्रेन निरस्त होने के बाद यात्रियों को टिकट निरस्त करवाने में पैसों का भुगतान भी तुरंत नहीं हो सका। 28 और 29 अगस्त को मौसम थोड़ा ठीक होने पर जम्मू में फंसे यात्री बसों से सफर करके पठानकोट, जालंधर, लुधियाना, दिल्ली, अंबाला, सहारनपुर तथा अमृतसर पहुंचे और वहां से ट्रेनों से घरों के लिए रवाना हुए। जम्मू में आई परेशानी से लोग किसी तरह निकल पाए लेकिन काफी मंहगा पड़ा। 30 को ही शाम से जम्मू में फिर बरसात होने लगी और रामबन में बादल फटने की घटना हुई। इससे पटरी पर आ रहे जम्मू के हालात एक बार फिर से असामान्य हो गए। कई स्थानों पर पानी का संकट खड़ा हो गया। कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन की उम्मीद लगाए यात्री भी वापस आने लगे लेकिन कुछ यात्री दर्शनों के लिए रुके रहे। मौसम के साथ न देने से टूटे पुलों की मरम्मत का काम सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाया। कठुआ पुल के पास तमाम ट्रक खड़े दिखाई दिए। रास्ते में कई नदियां वेग से बहती मिली। फिलहाल राजधानी के करीब 150 यात्रियों को विपरीत परिस्थितियों में किसी तरह से जम्मू से रवाना होकर पंजाब के स्टेशनों से ट्रेन पकड़ना पड़ा। काफी यात्री जम्मू से लेकर पंजाब तक भटकते रहे। जम्मू में स्थित साहिल लाज के मालिक विक्की ने यात्रियों की काफी सहायता की जिससे यात्रियों को घर पहुंचने में आसानी हुई। उन्होंने बताया कि शायद सौ साल पहले ऐसी बरसात आई थी। बताते हैं कि 2014 में भी भारी बरसात हुई थी लेकिन इतना नुकसान और परेशानी नहीं हुई थी। फिलहाल माता वैष्णो देवी के दर्शन की अभिलाषा में कुछ यात्री कटरा में रुके हुए थे लेकिन यात्रा 26 अगस्त से बंद चल रही है। बीच बीच में बरसात होती जा रही है। कटरा में सन्नाटा छाया है। इन हालातों में माता वैष्णो देवी की यात्रा पर जाने के पहले ट्रेनों के संचालन और माता रानी की यात्रा की स्थिति की जानकारी लेने के बाद ही यात्रा करना उचित होगा। इस समय भी कटरा जम्मू रेल मार्ग भूस्खलन के कारण बाधित है।

# जिलाधिकारी ने लिया निजामपुर गौटिया पुल का जायजा, दिए सुरक्षा के कड़े निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** गर्रा नदी की बाढ़ से निजामपुर गौटिया पुल के एप्रोच मार्ग पर बढ़ते कटान की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह रविवार को मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुल और सड़क की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के अभियंता महेंद्र पाल को निर्देश दिए कि सुरक्षात्मक एवं बैरिकेडिंग कार्य को और मजबूत तरीके से कराया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुल से गुजरने वाले वाहनों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए संकेतक और रिफ्लेक्टर भी लगाए जाएं ताकि रात्रि के समय यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने सड़क किनारे हो रहे कटान को तत्काल नियंत्रित करने के निर्देश देते हुए कहा कि बचाव व मरम्मत कार्य तेज गति से कराए जाएं। इस दौरान पीडब्ल्यूडी की टीम सक्रिय रही और सड़क कटान रोकने के कार्य में जुटी रही। ग्रामीणों ने भी डीएम से पुल की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंताएं साझा कीं। जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि किसी भी हाल में आवागमन बाधित नहीं होने दिया जाएगा।

## सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



**शाहजहांपुर।** महानगर के कई बाढ़ ग्रस्त इलाकों का समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने रविवार को दौरा किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इसी क्रम में उन्होंने 135 नगर विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक ददरौल स्थित ग्राम निजामपुर गौटिया का भी दौरा किया, जहां गर्रा नदी की बाढ़ से गौटिया पुल के पास सड़क कटान शुरू हो गया है। तनवीर खान ने कहा कि सड़क कटान से बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कटान रोकने की व्यवस्था कराने की मांग की। इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, गुफरान खान, सिद्दीक खान, रानू खान, आरिफ खान, सतीश वर्मा, सुमित वर्मा, सतपाल वर्मा और वीरपाल वर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खजुरी ताल की रामलीला मर्यादा के अनुशासन पर आधारित : महंत संजय दास

## जगद्गुरु रामानुजाचार्य का तंज फिल्मी कलाकार आहत कर रहे धार्मिक भावनाएं

» 20 सितंबर से होगा खजुरी ताल की ऐतिहासिक रामलीला का भव्य शुभारंभ



विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** संत श्री तुलसीदास रामलीला समिति द्वारा रविवार को बड़ा भक्त महल परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में समिति प्रमुख जनमेजय शरण ने कहा कि श्रीराम की लीलाएं केवल मंचन नहीं, बल्कि श्रद्धा और मर्यादा का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि खजुरी ताल की ऐतिहासिक रामलीला इस वर्ष भी विशेष रूप से मंचित की जाएगी, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ धर्म के जानकार विद्वानों का मार्गदर्शन रहेगा।प्रेसवार्ता में महामंत्री संजय दास ने कहा कि खजुरी ताल की रामलीला का भव्य आयोजन 20 सितंबर से प्रारंभ होगा। हमारी लीला मर्यादा और अनुशासन के अनुरूप होती है, जबकि फिल्मी कलाकारों द्वारा मंचित रामलीलाओं में न भाषा की शुद्धता होती है, न चरित्र की गहराई। वे केवल सरकारी बजट का दुरुपयोग करते हैं। जगद्गुरु रामानुजाचार्य ने फिल्मी कलाकारों पर तंज कसते हुए कहा कि गांव-गांव में रामलीला का मंचन हमारी परंपरा रही है। लेकिन फिल्मी दुनिया के लोग जब धर्म के क्षेत्र में आते हैं तो वे मर्यादा की सीमाओं को नहीं समझ पाते और धार्मिक भावनाओं को आहत करते हैं।

महंत अवधेश दास ने कहा कि अयोध्या में कुछ रामलीलाओं में न साहित्य है, न संस्कृति। सरकार का बजट खर्च तो होता है, लेकिन नतीजा केवल दिखावा बनकर रह जाता है। इस अवसर पर हेमंत दास महाराज और धनुषधारी शुक्ला भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### गोशाईगंज में जेई की मनमानी और अवैध वसूली का आरोप

**अयोध्या-गोशाईगंज।** गद्दौपुर विद्युत उपकेंद्र पर तैनात बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) और लाइनमैन पर क्षेत्रीय किसानों और उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जेई अवैध नलकूप (टिल्लू पंप) चलाने वालों पर छापेमारी तो करते हैं, लेकिन सुविधा शुल्क लेकर कोई कार्रवाई नहीं करते। जो किसान रिश्वत देने से इनकार करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते हैं, जिसमें उनकी बिजली केबल जब्त कर बेचने तक का आरोप है। इससे क्षेत्र में किसानों और उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय निवासी राम सुमन वर्मा, सिद्धार्थ कौशिक सहित कई किसानों ने उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसानों का शोषण रोका जा सके। वहीं, गदौपुर निवासिनी सावित्री ने बताया कि लाइनमैन विक्की यादव ने बकाया राशि के नाम पर उनका बिजली कनेक्शन काट दिया। जब उपभोक्ता ने 5000 रुपये का भुगतान किया, तब कनेक्शन बहाल किया गया, लेकिन इसके लिए कोई रसीद नहीं दी गई। इसी तरह, नगहरा गांव में लाइनमैन अरविंद यादव पर आरोप है कि उन्होंने कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए और पैसे लेकर कनेक्शन जोड़े, लेकिन भुगतान की रसीद नहीं दी। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि इस भ्रष्टाचार और मनमानी की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

### 'द अरविंद स्टोर' का भव्य शुभारंभ



द अरविंद स्टोर शुभारंभ करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी

**अयोध्या।** नियांवा क्षेत्र में रविवार को द अरविंद स्टोर का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश मंत्री सुरेश पासी, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव और बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे।केवल मेंस कलेक्शन पर केंद्रित इस स्टोर में रेडीमेड शर्ट, टी-शर्ट, जींस, कॉटन व लिनन फैब्रिक की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। अरविंद लिमिटेड द्वारा संचालित यह स्टोर अयोध्या में प्रीमियम क्वालिटी और लेटेस्ट फैशन का नया केंद्र बनेगा।विधायक सुरेश पासी ने बताया कि अब अयोध्या वासियों को लग्जरी कपड़े एक ही छत के नीचे मिलेंगे।

## रील बनाने के चक्कर में बह गए दो युवक, मचा हड़कंप

**शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर रील बनाने का शौक दो युवकों की जिंदगी पर भारी पड़ गया। सुभाषनगर रिंग रोड से राई खुर्द रिंग रोड क्षेत्र में बाढ़ के पानी में अचानक दोनों युवक बह गए। घटना से आसपास हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक कोतवाली तिलहर क्षेत्र के रहने वाले थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक बाढ़ के पानी में खड़े होकर वीडियो बना रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से गहरे पानी में बह गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय गोताखोरों ने सर्च अभियान शुरू कर दिया। दोनों युवकों की तलाश जारी रही। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था मजबूत की जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# 10 नवचयनित आईटीआई अनुदेशकों को मिला नियुक्ति पत्र, वित्त मंत्री ने दी शुभकामनाएं

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में 1,510 नवचयनित आईटीआई अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शाहजहांपुर के 10 नवचयनित अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।



कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, एमएलसी डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता, विधायक हरि प्रकाश वर्मा, चेतराम, कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता व मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह मौजूद रहे। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सपनों को साकार कर रही है। बिना भेदभाव रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी व निष्पक्ष है। उन्होंने अभ्यर्थियों से ईमानदारी, मेहनत और निष्ठा के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त निदेशक आरआर यादव, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# बिहार चुनाव पर मंत्री का बड़ा दावा

» नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनेगी पूर्ण बहुमत की सरकार : नितिन अग्रवाल



विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल रविवार को अयोध्या पहुंचे और बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। आबकारी मंत्री के सर्किट हाउस पहुंचते ही उप्र उद्योग व्यापार संघटन के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह बिन्नू,जिला अध्यक्ष बीजेपी संजीव सिंह,बीजेपी के युवा नेता अमल गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों ने माल्यापर्ण कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

मंत्री नितिन अग्रवाल ने विपक्षी इंडिया गठबंधन को पूरी तरह दिशाहीन और जनता से नकारा हुआ करार दिया। मंत्री ने विपक्ष के नए पीडीए नारे पर तीखी प्रतिक्रिया दी। कहा कि पहले इनकी परिभाषा परिवारवाद, दंगावाद और आतंकवाद थी। अब जनता को गुमराह करने के लिए नया नारा गढ़ा जा रहा है, लेकिन जनता इन पर बिल्कुल भरोसा नहीं करती।

**आबकारी विभाग पर भी बोले मंत्री** - प्रदेश की आबकारी व्यवस्था पर मंत्री ने कहा कि इस वर्ष विभाग का राजस्व लक्ष्य 70,000 करोड़ रुपये तय किया गया है। अवैध शराब पर लगातार सख्ती की जा रही है और बीते तीन सालों में जहरीली शराब की कोई घटना सामने नहीं आई है।

# चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर पर गलत सीटी स्कैन रिपोर्ट देने का आरोप, डीएम ने दिए जांच के आदेश

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर, अयोध्या पर सीटी स्कैन की गलत रिपोर्ट देने का गंभीर आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि इस लापरवाही के कारण न केवल उन्हें इलाज में देरी हुई, बल्कि जान का भी खतरा उत्पन्न हो गया। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। शहर निवासी अब्दुल कादिर ने इस संबंध में एक विस्तृत शिकायती पत्र चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर को भेजते हुए इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, एसएसपी, सीएमओ तथा उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल को भी प्रेषित की है। उन्होंने आरोप लगाया कि 8 जुलाई को सेंटर में कराए गए सीटी स्कैन में बाएं गुर्दे में 4.3 मिमी व दाएं गुर्दे में 3.2 मिमी की पथरी दिखाई गई, जबकि मूत्र वाहिनी या हाइड्रोनफ्रोसिस जैसी किसी गंभीर स्थिति का उल्लेख नहीं किया गया।

शिकायतकर्ता ने कहा कि जब 10 अगस्त को समस्या बढ़ने पर सत्यम डायग्नोस्टिक सेंटर में दोबारा जांच कराई गई तो रिपोर्ट में दोनों गुर्दों व मूत्र वाहिनी में कई बड़ी पथरियां पाई गईं। दाईं मूत्र वाहिनी में 9.0 मिमी, बाएं गुर्दे में 6.2 मिमी की पथरी स्पष्ट रूप से देखी गई। इससे पहले, 12 जून को विशाल नर्सिंग होम में कराए गए अल्ट्रासाउंड में भी गुर्दों में कई पथरियों का उल्लेख किया गया था।गलत रिपोर्ट के चलते निदान में देरी हुई, जिससे स्वास्थ्य स्थिति गंभीर हो गई और अंततः 11 अगस्त को आपातकालीन सर्जरी करानी पड़ी। पीड़ित ने दावा किया कि इससे उन्हें अतिरिक्त चिकित्सा व्यय झेलना पड़ा और 12 अगस्त की एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट भी रद्द करनी पड़ी, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। शिकायत में यह भी कहा गया है कि मूत्र वाहिनी की पथरी की पहचान में देरी के चलते गंभीर हाइड्रोनफ्रोसिस, गुर्दा क्षति और किडनी फंक्शन में गिरावट जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान एवं उप जिलाधिकारी सदर को संयुक्त रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इस संबंध में जब चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर के प्रबंधक यतींद्र से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि सेंटर पर इस प्रकार की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि सेंटर में सभी सीटी व अल्ट्रासाउंड जांचें एमडी विशेषज्ञों द्वारा की जाती हैं और रिपोर्टें गुणवत्ता युक्त एवं प्रमाणिक होती हैं।

# नीलामी का वाहन ले जा रहे पांच लोगों को चोर समझकर पीटा

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** जिले में इन दिनों ड्रोन के जरिए रेकी करने और घरों में धावा बोलकर चोरी करने की अफवाहों ने जोर पकड़ रखा है, ऐसे में जिले के लोग दहशत में हैं और हर किसी को शंका की नजर से देखते हैं। ऐसे ही रविवार की सुबह नीलामी में खरीदे वाहन को लेकर जा रहे लोगों को ग्रामीणों ने चोर समझ लिया और उनकी जमकर धुनाई कर दी। ग्रामीणों ने उनके वाहन में रखे सामान को ड्रोन समझकर तोड़ फोड़ भी कर डाली। हालांकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभाला और किसी तरह समझा बुझाकर घायलों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया।

बताया गया है कि केरला सुनंदा कट्टे मंजेश्वर निवासी के नवी राजनायक पुत्र चक्कर अप्पा नायक वर्कशॉप का काम करता है, वह नीलामी में वाहनों की खरीद फरोख्त करके उन्हें बेंचने का धंधा करता है। वह अपने चार साथियों शिवचरन शाह पुत्र रामनारायण शाह मैकेनिक निवासी कमलपुर नेपाल, रामनरायण होल्ला पुत्र हर्षियाय मूर्ति निवासी काजी कोड़ा केरला, हर्षित शेटटी पुत्र ईश्वर दत्त शेटटी निवासी मुटला केरला, सतीश कुमार बेल्चा पुत्र वीएम माधव निवासी ओमगढी केरला, के साथ कानपुर पुलिस लाइन आया था। यहां से पीआरबी वाहन को नीलामी में खरीदकर सड़क मार्ग से केरल वापस जा रहे थे। रविवार की सुबह देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर बाईपास के समीप उनकी गाड़ी अचानक खराब हो गई। सभी लोग गाड़ी से उतरकर नीचे खड़े हो गए। इसी बीच आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उनकी बोली भाषा को देख ग्रामीणों ने उन्हें चोर समझा लिया और गाड़ी में रखे सामान को ड्रोन मान लिया। देखते ही देखते वहां और ग्रामीणों का हुजूम एकत्र हो गया और पांचों लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। ग्रामीणों ने उनके वाहन को क्षतिग्रस्त कर डाला। सूचना पाकर देहात कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण कुछ भी सुनने को तैयार नहीं थे। काफी देर समझाने बुझाने के बाद थानाध्यक्ष की बात ग्रामीणों की समझ में आई और सभी को थाने ले जाया गया और उनसे पूछताछ की गई।

# पूर्व सांसद बाबू मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन, लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



## सपा कार्यालय पर भी हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन, अयोध्या में भी बाबू मित्रसेन यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन', महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामीद जाफर मीसम सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा, बाबू मित्रसेन यादव दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्ग की आवाज थे। उन्होंने जीवनभर गरीबों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने भी अपने संबोधन में कहा, स्वर्गीय मित्रसेन यादव जी अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले योद्धा थे। वे हर गरीब के दुख-दर्द में सहभागी बनते थे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने बाबूजी के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई।

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** गरीबों के मसीहा, पूर्वांचल के शेर और संघर्षशील नेता के रूप में पहचाने जाने वाले पूर्व सांसद स्वर्गीय बाबू मित्रसेन यादव जी की दसवीं पुण्यतिथि शनिवार को भव्य रूप से अयोध्या सहित विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

बाबूजी की स्मृति में जगह-जगह श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें उनके समर्थकों, सहयोगियों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाजवादी महिला जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने कहा बाबूजी ने अपना संपूर्ण जीवन सामंतवाद, अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष करते हुए गरीबों, मजलूमों और वंचितों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके निधन को दस वर्ष बीत जाने के बावजूद जनमानस में उनकी छवि आज भी अमिट बनी हुई है। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन जिला पंचायत सदस्य इंदू सेन यादव के नेतृत्व में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने बाबूजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और उनके जीवन संघर्ष को प्रेरणास्रोत बताया।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं वार्षिक समारोह संपन्न

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन दर्शन नगर स्थिति एक होटल में रविवार को संपन्न हुआ। देशभर के विभिन्न प्रांतों से बड़ी संख्या में समाज के लोग इस अधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी साहू वार्षिक समारोह में अपने संबोधन में कहा कि साहू समाज देश की राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता है। लेकिन लंबे समय से समाज की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में साहू समाज उसी राजनीतिक दल के साथ जाएगा जो हमारे समाज को सम्मान और महत्व देगा।

अधिवेशन में संगठन के पदाधिकारियों और समाज के वरिष्ठजनों ने भी विचार रखे और समाज को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पदाधिकारीगण राष्ट्रीय अध्यक्ष साहू मुरारी गुप्ता, महामंत्री ललित गुप्ता, मुख्य संरक्षक कैलाश नाथ साहू, विधायक गाजीपुर जय किशन साहू, पूर्व विधायक झारखंड कुमारी अम्बा प्रसाद, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री दीनदयाल साहू, रामकृष्ण गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ अशोक राठौर, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मंजू साहू राष्ट्रीय कार्यकारिणी महिला उत्तर प्रदेश संध्या साहू, हरभजन साहू सुरेंद्र साहू, चंदन साहू, राष्ट्रीय महामंत्री राम ललित गुप्ता, महिला महामंत्री श्रीमती पूनम साहू, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन विजय प्रसाद साहू, उत्तर प्रदेश प्रांत अध्यक्ष साहू देव कुमार (राजू) झारखंड दिलीप कुमार साहू, बिहार गोपाल साहू, मध्य प्रदेश अशोक साहू, राजाराम साहू, रामदीन साहू सहित तेली एवं साहू समाज के हजारों लोग शामिल रहे।

# 850 से अधिक जानें बचाकर श्रद्धालुओं की रक्षक बनी पुलिस

**अयोध्या।** मां सरयू के तट पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात अयोध्या जल पुलिस टीम ने अपने अदम्य साहस और समर्पण से अब तक 850 से अधिक लोगों की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की है।

2019 में गठित इस टीम ने न सिर्फ डूबते श्रद्धालुओं और आत्महत्या का प्रयास कर रहे लोगों को बचाया, बल्कि बाढ़ के समय 150 से अधिक पशुओं और दो घायल मोरों, एक दुर्लभ उल्लू व हिरण को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया। टीम ने 80 से अधिक बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया, साथ ही घाटों से 1.5 लाख रुपये नकद, चेक और मोबाइल वापस करके ईमानदारी का परिचय भी दिया।टीम प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य के नेतृत्व में यह टीम आज सरयू घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए एक जीवन रक्षक कवच बन चुकी है।

## एक नजर

### जुलूस-ए-मोहम्मदी सकुशल व शांतिपूर्वक संपन्न

**रुदौली -अयोध्या।** 12 रबीउल अव्वल पर निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी सकुशल व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। अंजुमन फैज़ाने ग़रीब नवाज़ का जुलूस बना आकर्षण का केंद्र। मशहूर नातख़्वाहों ने महफिल में रूहानियत घोली। प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद, एसपी, एसडीएम व सीओ खुद रहे मौजूद। हालांकि नगर पालिका की लापरवाही पर उठे सवाल—गंदगी, कीचड़ व गड्ढों ने बढ़ाई अकीदतमंदों की परेशानी।

### उत्कृष्ट शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**अयोध्या।** शिक्षक दिवस पर दाना पानी सेवा संस्थान व ओजस भारत फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक, वाद-विवाद व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं। नि :शुल्क कोचिंग संचालित करने वाले 30 शिक्षक व राकेश सिंह को भी सम्मान मिला।

### अवध विश्वविद्यालय का तालाब होगा सुंदर और जीवंत

**अयोध्या।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर स्थित पुराने तालाब को 1.5 करोड़ रुपये की लागत से नया रूप मिलेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने इसके सुंदरीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा है। योजना के तहत तालाब के चारों ओर पाथवे, लाइटिंग और पौधरोपण किया जाएगा। वर्षों से उपेक्षित यह तालाब अब छात्रों और आगंतुकों के लिए एक सुंदर दर्शनीय स्थल बनेगा।

# युगों युगों तक याद की जाएंगी स्व . मित्रसेन यादव के संघर्षों की गौरव गाथा :प्रसाद

» बाबूजी ने हमेशा किया गरीबों के लिए संघर्ष : आनंद सेन

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** रविवार को पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में रविवार को मनाई गई। इस दौरान फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे पवन, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा सहित हजारों लोगों ने बाबूजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। फैजाबाद ही नहीं पूरे पूर्वांचल की राजनीतिक धुरी रहे स्वर्गीय बाबूजी मित्रसेन यादव की दसवीं पुण्यतिथि उनके द्वारा स्थापित किसान इंटर कॉलेज कल्याणपुर में बनाई गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबूजी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव द्वारा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी 12 छात्र-छात्राओं को साइकिल भी विस्तृत की गई।

कार्यक्रम आरंभ गायत्री मंत्र के हवन पूजन के साथ शुरू हुआ। हवन पूजन में पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व प्रमुख इंदूसेन यादव, प्रमुख अंकुर सेन यादव व नेहा सेन भी शामिल हुई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद ने पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव को गरीबों का मसीहा बताया और कहा कि स्वर्गीय मित्रसेन यादव द्वारा किए गए संघर्ष संघर्षों की गौरवगाथा को लोग युगों युगों तक याद करेंगे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि वह स्वर्गीय बाबूजी के बताए हुए रास्ते पर चलकर गरीबों, मजलूमों की सेवा करते रहेंगे। पूर्व मंत्री श्री यादव ने मौजूद लोगों को आश्वस्त किया कि वह भी गरीबों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ने कहा कि बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हमारे नेता अखिलेश यादव 2027 में प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ़ रुश्दी मियां ने भी बाबूजी के संघर्षों को याद किया और कहा कि बाबूजी ने हमेशा गरीबों की लड़ाई लड़ कर उनको न्याय दिलाने का काम किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने ने कहा कि बाबूजी के संघर्षों से प्रेरणा लेकर हम सभी को उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा और आने वाले चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनानी होगी। सपा प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पृथ्वीराज यादव व संचालन सुरेश इंसान ने किया। कार्यक्रम में लोग गायक के रूप में मौजूद धर्मेंद्र वर्मा व छबिलाल पाल ने स्वर्गीय बाबूजी के संघर्षों को गीतों के माध्यम से लोगों के बीच रखा। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, पूर्व प्रमुख इन्दू सेन यादव, ब्लाक प्रमुख अंकुर सेन यादव, पूर्व साकेत छात्रसंघ अध्यक्ष संजय यादव, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, पूर्व प्रमुख कमलासन पांडे, आनंद सिंह मिंटू, राम निहाल यादव ने संबोधित किया।

## ग्राम प्रधान की गायब पत्नी का गांव के ही तालाब में मिला शव

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी सत्तीचौरा क्षेत्र की ग्राम सभा बरई कला निवासी ग्राम प्रधान रामदीन की दो दिन से लापता पत्नी का शव गांव के मध्य बने एक तालाब में उतराता मिला। गाँव में फैली सूचना और तमाम कयासों के बीच सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाने के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार की सुबह एक गोहटा नामक जानवर तालाब से बाहर निकल कर भ्रमण कर रहा था। ग्रामीणों ने देखा और खदेड़कर इसे तालाब तक पहुंचे ही थे कि इन्हे तालाब में एक महिला का शव उतराता नजर आया। जिसकी पहचान ग्राम प्रधान की दो दिन से लापता 65 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी के रूप में हुई। घटना की सूचना चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह को दी गयी। मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी ने बताया कि मृतका का दिमागी संतुलन ठीक नहीं था। लगभग दो दिन से तालाब मे होने के कारण चेहरा को पानी में जानवरों ने खराब कर दिया है।

# रामनगरी की पवित्र भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा

» अवैध प्लाटिंग का काला धंधा बेनकाब

विश्ववार्ता संवाददाता

**अयोध्या।** रामलला की नगरी में भूमाफियाओं का तांडव ,महर्षि विद्यापीठ के ट्रस्टी राहुल भारद्वाज के नेतृत्व में एक पूरा गिरोह रामचन्द्र दास परमहंस वार्ड में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर रहा था। हनुमान प्रसाद पांडेय, मुकेश सक्सेना और अखिलेश तिवारी जैसे नाम सामने आए हैं, जिन्होंने बैनामा के जरिये बेखौफ भूखंडों की खरीद-फरोख्त की। यह सच किसी गली-मोहल्ले की फुसफुसाहट नहीं, बल्कि अयोध्या विकास प्राधिकरण की जांच रिपोर्ट से उजागर हुआ बड़ा खुलासा है। शिकायत संख्या 40017723048017 पर हुई कार्यवाही में अवर अभियंता ने साफ कहा है कि मामला पूरी तरह अवैध है और इसके खिलाफ धारा 27(1) व 28(1) में चालानी कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

क्या भूमाफिया सत्ता संरक्षण में पनप रहे हैं? क्या अयोध्या की पावन भूमि को गिद्धों की मंडी बना दिया गया है?

-जे.ई. की रिपोर्ट तो आ गई, पर असली कार्रवाई कब होगी?

शिकायतकर्ता बृजेश कुमार सिंह ने यह मामला उजागर किया उससे प्रशासन की आंख खुली। लेकिन अ भी तक सिर्फ कागजी कार्रवाई तक ही सीमित है मामला। जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेज दी गई है, मगर असली कसौटी यह होगी कि इन नामी-गिरामी लोगों पर शिकंजा कसता है या फाइलों में दब जाता है सच।

## एक नजर


### पहले बाजार में फिर घर में घुसकर पीटा

**बाराबंकी।** रामनगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिलखिया में रंजिश को लेकर दबंगों ने पहले बाजार में युवक को पीटा, फिर विरोध जताने पर घर पर धावा बोलकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई पिटाई में कई लोग घायल हुए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। ग्राम निवासी रामकरन ने बताया कि उसके चाचा तीरथ 5 सितंबर को बिलखिया बाजार गए थे। इस दौरान गांव के बब्लू सिंह, लायकराम ने उन्हें पकड़कर गालियां दीं और मारपीट की। घर लौटकर पीड़ित ने घटना बताई तो परिजनों ने विरोध जताया। आरोप है कि इससे नाराज होकर बब्लू और लायकराम अपने साथियों रोहित, सचिव और छम्मू के साथ लाठी-डंडों व तमंचे के साथ घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने रामकरन समेत उसके भाई संदीप को भी बुरी तरह पीटा, जिससे दोनों घायल होकर बेहोश हो गए। शोरगुल सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को सीएचसी सिद्धौर से जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### घर में घुसे चोर, नगदी-जेवरात लेकर फरार

**टिकैतनगर बाराबंकी।** टिकैतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम फतापुर कला में चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी, जेवरात और मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़ित रामसजीवन पुत्र हनोमान ने बताया कि 5 सितंबर की रात अज्ञात चोर उसके घर में घुसे और 15 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात व मोबाइल चोरी कर ले गए। सुबह करीब 4.30 बजे पत्नी के जागने पर चोरी का पता चला। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। टिकैतनगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मोहल्ला पछली में बिजली के तार गिरे



**जैदपुर, बाराबंकी।** भारी बारिश के चलते मोहल्ला पछली में बिजली के जर्जर तार जमीन पर गिर गए हैं। जिससे लोगों में काफी दहशत हो रही है कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। बिजली विभाग को सभासद नसीम शाहरूख ने काफी दिन से सचेत कर रहे थे। परन्तु विभाग ने इसे नजरअंदाज किया। बहरहाल विभाग की अब जिम्मेदारी बनती है कि जमीन पर गिरे तारों को हटाये और नये खंभे लगाये व नये तारों की लगाये जिससे मोहल्ला पछली के लोगों को दहशत से मुक्ति मिल सके।

### हरदेव बाबा मंदिर में भूमि पूजन

**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** नगर पंचायत स्थित हरदेव बाबा मंदिर परिसर में शनिवार को दुर्गा पूजा समिति द्वारा माँ पिंडि स्वरूपा वैष्णव माता के दरबार, पहाड़ एवं गुफा निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। पूजन अनुष्ठान पंडित शिवकुमार तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया। इस अवसर पर समिति के सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे। पूजनोपरांत श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर माँ दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। समिति ने इसे स्थानीय आस्था व उत्साह का प्रतीक बताया और सभी भक्तों से आगामी धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### जीएसटी से व्यापारी बर्बाद, किसानों को मिला धोखा : गौरव रावत



**सिद्धौर (बाराबंकी)।** बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनता में भाजपा सरकार के प्रति गहरी नाराजगी है। भाजपा ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को चौपट कर दिया है। उक्त विचार जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने ग्राम नयोछना में आयोजित पीडीए पंचायत में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि दोषपूर्ण जीएसटी और भारी टैक्स ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। महंगाई से गरीब, किसान और मध्यमवर्ग बुरी तरह परेशान है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा खोखला साबित हुआ, वहीं बिजली, पढ़ाई और इलाज सब महंगा हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी रामकरन यादव ने की। सपा जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने दावा किया कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार पूर्ण बहुमत से बनेगी। पंचायत में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नाव हादसे से प्रभावित महिला के घर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम, दी खाद्यान्न सामग्री

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** तहसील लखीमपुर के ब्लॉक नकहा क्षेत्र में घटित नाव पलटने की घटना से प्रभावित महिला माधुरी के आवास पर रविवार को तहसील प्रशासन की टीम पहुँची। यह भ्रमण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशों के अनुपालन में किया गया। नायब तहसीलदार सुनील कुमार द्वितीय, लेखपाल शैलेंद्र मिश्रा एवं अजय गौरव ने प्रभावित महिला को फल एवं खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराई।

टीम के अधिकारियों ने प्रभावित महिला को आश्वस्त किया कि शासन-प्रशासन द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी तथा किसी भी प्रकार की आवश्यकता पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। नायब तहसीलदार ने महिला को ढांढस बंधाते हुए यह भी अवगत कराया कि आगे की आवश्यकताओं के लिए प्रशासन निरंतर संपर्क बनाए रखेगा। इस दौरान ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### लापता की तलाश जारी, एसडीएम सदर मौके पर डटे

उधर, राहत और बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। रविवार सुबह एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह तहसील टीम के साथ घटनास्थल पर पहुँचे, एनडीआरएफ की टीम नदी में लापता व्यक्ति की तलाश कर रही है। एसडीएम ने स्वयं मौजूद रहकर राहत-बचाव कार्यों की निगरानी की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## छह माह से अधूरी पड़ी पानी की टंकी छुट्टा पशुओं ने किया परिसर जर्जर

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मसौली (बाराबंकी)।** ग्राम पंचायत सादामऊ में जलजीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकी छह माह से अधूरी पड़ी है। निर्माण कार्य ठप होने से परिसर में छुट्टा पशुओं का जमावड़ा है। वहीं, पैनल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं और वाटर सप्लाई के लिए खोदी गई सड़क जर्जर हालत में पड़ी है। एडवोकेट राम अचल यादव व ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने इस मामले को संपूर्ण समाधान दिवस में उठाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि निर्माण की शुरुआत से ही अभियंताओं और जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई निरीक्षण नहीं किया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 20 जुलाई को दिए गए ऑनलाइन प्रार्थना पत्र पर अधिशासी अभियंता कार्यालय ने भ्रामक रिपोर्ट लगाकर मामले को निस्तारित कर दिया।



रिमाइंडर पर भी जिम्मेदार विभागों ने पल्ला झाड़ते हुए फाइल आगे बढ़ा दी। वर्तमान में पानी की टंकी अधूरी अवस्था में बांस, बल्ली लगी पड़ी है। सोलर पैनल की गुणवत्ता बेहद खराब होने से टेढ़े हो गए हैं। पाइपलाइन अधूरी छोड़ दी गई है और गेट खुले होने से छुट्टा जानवर अंदर घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### बुखार से लोग परेशान

**बड्डूपुर (बाराबंकी)।** निंदूरा ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों वायरल बुखार का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। हालात ऐसे हैं कि लोग स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड्डूपुर में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़ गया।

निर्धारित समय पर न तो चिकित्सक पहुंचे और न ही फार्मासिस्ट, जिससे इलाज के लिए आए मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। रविवार सुबह 11 बजे तक पीएचसी का हाल यह रहा कि डॉक्टर प्रवीण और फार्मासिस्ट दोनों अस्पताल नहीं पहुँचे। मरीज लंबे समय तक इंतजार करते रहे, लेकिन स्वास्थ्य सेवा शुरू न होने पर मायूस होकर वापस चले गए।गांव के रोमी पुत्र अमिताभ ने बताया कि उसे एक दिन पहले कुत्ते ने काट लिया था। शनिवार को इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल आया तो डॉक्टरों ने कहा कि रविवार को आरोग्य मेले में लग जाएगा।

## अनाथ बच्चों के नाथ बने एसडीएम, खुद बने शिक्षा के अभिभावक

» वेवा महिला की व्यथा सुन भावुक हुए अधिकारी, बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा उठाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** नगर पंचायत के पूरे मितई वार्ड की एक बेवा महिला शनिवार को अपने तीन बच्चों के साथ एसडीएम हैदरगढ़ राजेश विश्वकर्मा के दरबार पहुँची। महिला ने रोते हुए कहा कि पति के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वह निजी विद्यालय की फीस नहीं भर पा रही। मजबूरन बच्चों का नाम कटवाकर प्राइमरी विद्यालय में लिखवाना चाहती है। महिला की व्यथा सुनकर उपजिलाधिकारी भावुक हो गए।



उन्होंने बच्चों राधिका (कक्षा 11), अनुराधा (कक्षा 7) और रणवीर (कक्षा 4) से बातचीत की। बच्चों ने बताया कि उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण अब यह सपना अधूरा रह जाएगा। बच्चों की मासूमियत और संघर्ष ने एसडीएम का दिल छू लिया। उन्होंने तुरंत विद्यालय प्रबंधक से बातचीत कर बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च स्वयं उठाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फोटो खिंचवाकर उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी शिक्षा बीच में नहीं रुकेगी। एसडीएम की इस संवेदनशील पहल की जानकारी जैसे ही फैली, लोगों ने तालियाँ बजाकर और प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्षेत्र में चर्चा है कि ऐसे अधिकारी ही समाज में बदलाव की मिसाल बनते हैं।

### महंगाई ने बिगाड़ा रसोई का बजट, सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

**फतेहपुर (बाराबंकी)।** कड़कती धूप और बरसात की मार से हरी सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। हालात यह हैं कि मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए हरी सब्जी खरीदना मुश्किल हो गया है। सब्जियों के साथ-साथ दाल, आटा और खाद्य तेल के दामों में भी तेजी आई है। आलू 20 से 50 रु. किलो, टमाटर 70-80 रु. किलो, गोभी 70-80 रु. किलो, लहसुन 100 रुपये तक और प्याज 25-30 रु. किलो बिक रहा है। वहीं दालों में अरहर 110, उर्द 120 और मूंग 100 रुपये किलो तक पहुंच गई है। तेल 150 से 180 रु. लीटर बिक रहा है। एक गृहणी ने बताया कि पहले 200 रु. में हफ्तेभर की सब्जी आ जाती थी, लेकिन अब 500 रु. में तीन दिन का भी गुजारा मुश्किल है।

### चन्द्र ग्रहण लगने से लोधेश्वर धाम के कपाट रहेगें बंद

**रामनगर, बाराबंकी।** रामनगर तहसील क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोधेश्वर महादेव धाम में रविवार 7 सितम्बर की रात लगने वाले चन्द्र ग्रहण के कारण मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए हैं। मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र कुमार अवस्थी ने बताया कि ग्रहण का स्पर्श रात 9.57 बजे और मोक्ष 8 सितम्बर की भोर 1.27 बजे होगा। सूतक काल आरम्भ होने से मंदिर के कपाट दोपहर 12.30 बजे से ही बंद कर दिए गए, जिन्हें ग्रहण समाप्ति के बाद सोमवार सुबह पुनः खोला जाएगा। मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी ने सूचना जारी कर मंदिर परिसर की दीवार पर चस्पा कराई है ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह चन्द्र ग्रहण शतभिषा नक्षत्र और कुम्भ राशि में घटित होगा, जो पूरे भारत में दृष्टिगोचर रहेगा।धार्मिक मान्यता के अनुसार ग्रहण काल में अन्न-जल का सेवन वर्जित होता है।

# पैर फिसलने से पानी में गिरा किशोर, हालत नाजुक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**निघासन खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के गांव बरोठा में 16 वर्षीय किशोर अपना खेत देखने गया था, जिसका परिजनों के अनुसार पैर फिसलने वह पानी में गिर गया, पानी ज्यादा होने के कारण उसकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरोठा के बाहर पर बने सूखा नाले के रपटा पुल की सड़क पर बाढ़ का पानी आ जाने के कारण, लोगों का आना जाना मुश्किल हो गया, गांव को निघासन से जोड़ने वाला एक यही रास्ता है इसी रास्ते से लोग अपने खेत, निघासन, झंडी आदि के लिए निकलते हैं, इसी रास्ते गांव का एक 16 वर्षीय युवक अपना खेत देखने गया था, जिस पर उसके पिता प्रहलाद कुमार ने बताया कि उनका बेटा अंकित खेत देखने गांव के बाहर गया था, वापस लौटते समय वहां पर भीड़ लगी थी, और सामने से बाइक आ जाने के कारण उनका बेटा किनारे होकर जाने लगा किंतु पानी का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और उसका पैर फिसल गया, पैर फिसल जाने के कारण वह पानी के बहाव में बहने लगा, जिसे बहता देख मौके पर खड़े लोगों ने बाहर निकाल कर घर के लोगों को जानकारी दी, जानकारी मिलने पर उसे तुरन्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन लाया गया, जहां पर डाक्टर मुनेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी नाजुक हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां पर डाक्टरों ने हालात अत्यधिक गंभीर होने के कारण लखनऊ रेफर कर दिया गया, घर के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। बताते चलें कि पानी का प्रवाह तेज होने के कारण आवागमन बड़ी मुश्किल से हो रहा है, बहाव इतना तेज है कि यदि लोग संभल कर न निकले तो निकल पाना संभव नहीं है,साथ ही मछुआरों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे वहां पर भीड़ बनी रहने के कारण आवागमन भी काफी बाधित रहता।



> सुरक्षा की दृष्टि से रपटा पुल पर रस्सा लगवाया जा रहा है, ताकि लोग सावधानीपूर्वक ही पुल पार कर सकें। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि जरूरत पड़ने पर ही पुल पार करें और रस्से को पकड़कर सतर्कता से निकलें, जिससे किसी भी तरह की अनहोनी को टाला जा सके।
> **राजीव निगम,** उपजिलाधिकारी

## तेंदुए को लाठी लेकर दौड़ाया, दो बकरी और एक कुत्ते को खेत में खींचा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**निघासन खीरी।** लखीमपुर खीरी के निघासन तहसील क्षेत्र में तेंदुए की चहल कदमी से ग्रामीण दहशत में हैं। तिकुनिया कोतवाली क्षेत्र के रन नगर गांव के ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वहीं ग्रांट नंबर 12 गांव में एक तेंदुआ घर में घुस गया जिसे ग्रामीणों ने लाठी डंडे से खदेड़ दिया जिसका वीडियो भी सामने आया है।



रन नगर गांव के रहने वाले ओमकार सिंह ने बताया कि बीती रात गांव निवासी नरेंद्र सिंह के घर में घुसा तेंदुआ कुत्ते को घर से खींच के ले गया। वहीं रननगर के रहने वाले साहब के खेत से दो बकरियां खींच कर गन्ने के खेत में घुस गया। गांव के छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाते हैं ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में दहशत बनी हुई है। उन्होंने मांग की की जल्द ही वन विभाग तेंदुए को पकड़े। उत्तर निघासन वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि टीम भेजी जा रही है, तेंदुए की लोकेशन का पता लगाया जा रहा है।

# परिवर्तन की लहर में शामिल हो रहे किसान-नौजवान : धर्मराज

## समाजवादी विचारधारा ही जनता को दिला सकती है राहत : सुरेंद्र सिंह वर्मा

» प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर : राकेश वर्मा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ जिस जोश और उत्साह से नौजवान, किसान, छात्र, व्यापारी और महिलाएं जुड़ रहे हैं, यह प्रदेश में परिवर्तन की लहर का स्पष्ट संकेत है। यह बातें सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने रविवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के कार्यकाल को आज पूरा प्रदेश याद कर रहा है।



जनता की निगाहें फिर से उनके नेतृत्व पर टिकी हैं। ऐसे में हर बूथ को मजबूत करना और हर मतदाता को सूची में दर्ज कराना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।पूर्व कैबिनेट मंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। जनता परेशान है और उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। ऐसे में समाजवादियों को गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को उठाना होगा और अखिलेश यादव की नीतियों को पहुँचाना होगा। पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा ने कहा कि समाजवादी विचारधारा ही जनता को राहत दिला सकती है। वहीं, जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि प्रदेश भ्रष्टाचार और अपराध से त्रस्त है। गरीबों और बेरोजगारों की कोई सुनवाई नहीं है, इसलिए जनता अखिलेश यादव की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। बैठक में विधायक गौरव कुमार रावत, पूर्व विधायक रतनलाल राव, पूर्व एमएलसी अरविंद यादव समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीईटी की अनिवार्यता हटाने को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में सांसद तनुज पुनिया को ज्ञापन सौंपा।शिक्षकों ने मांग की कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवाओं को बिना टीईटी मान्य किया जाए और केवल पदोन्नति के स्तर पर ही टीईटी की शर्त लागू हो।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों पर नए मानक थोपना न्यायसंगत नहीं है। सांसद ने मामले को केंद्रीय शिक्षा मंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# प्रधानपति व भतीजे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, आरोपी फरार

» सीएचसी में भर्ती, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम प्रधान के पति और उनके भतीजे पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया गया। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।



जानकारी के अनुसार, अचौच ग्राम पंचायत की प्रधान किरण देवी के पति शैलेंद्र कुमार (46) और उनके भतीजे बिपिन कुमार (35) चौराहे पर मौजूद थे। आरोप है कि कुछ दिन पहले ग्रामीणों को गाली-गलौज करने से मना करने पर विवाद खड़ा हो गया था। उसी रंजिश को लेकर रविवार सुबह बदमाशों ने दोनों पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह घायलों को सीएचसी फतेहपुर पहुँचाया। पीड़ित शैलेंद्र ने हमलावरों के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल परीक्षण कराया और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।कोतवाली प्रभारी संजीत सोनकर ने बताया कि हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एक नजर

### ननिहाल में सर्पदंश से किशोर की मौत

**बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव में ननिहाल में रह रहे 14 वर्षीय किशोर की सांप के डसने से मौत हो गई। इलाज के लिए सीएचसी सिद्धौर ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में मातम छा गया।सफदरगंज थाना क्षेत्र के भगेलापुरवा निवासी कृष्णा पुत्र मंशाराम अपने नाना समुझ के घर गढ़ी गांव में रहकर पढ़ाई करता था। वह कक्षा छह का छात्र था। शनिवार रात करीब दस बजे लघुशंका के लिए बाहर गया था, तभी छिपे सांप ने उसे डस लिया। चीख सुनकर परिजन पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची असंद्रा पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर है।

### खेत में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के रामपुर पाटमऊ गांव में मानसिक रूप से बीमार एक युवक का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी इंद्रेश कुमार (45) पुत्र शत्रोहन लाल का शव घर से करीब 700 मीटर दूर खेत में आम के पेड़ से लटका मिला। छोटे भाई कृष्ण कुमार ने बताया कि इंद्रेश पिछले चार वर्षों से मानसिक रूप से परेशान थे। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने में 5 पर मुकदमा दर्ज

**बाराबंकी।** घुंघटेर थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के साथ घर में रखे 70 हजार रुपये नगद भी गायब हो गए। पीड़ित पिता ने पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायतकर्ता का कहना है कि 4 सितंबर की रात उसकी पुत्री घर के पीछे हाल में सो रही थी।

इसी दौरान अजय पुत्र मोल्हे, सतीश पुत्र सियाराम, शिव प्रसाद पुत्र रामऔतार व मोल्हे पुत्र रामऔतार उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गए। युवती घर में रखे 70 हजार रुपये भी साथ ले गई, जो उसकी शादी के लिए गाड़ी खरीदने को एकत्र किए गए थे। पिता का आरोप है कि जब सुबह विपक्षियों से बेटी को वापस करने की बात कही गई तो उन्होंने धमकी दी कि लड़की वापस नहीं करेंगे।

**परीक्षा सम्पन्न** दूसरे दिन भी खीरी में संपन्न हुई व्यवस्थित, निर्विघ्न पीईटी परीक्षा, प्रशासन ने ली राहत की सांस

# डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, 26 केंद्रों पर 16463 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी में रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 26 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में नकलविहीन, शुचितापूर्वक, शान्तिपूर्ण परीक्षा संपन्न हुई। शनिवार को दोनों पालियों में 16463 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 5137 ने परीक्षा छोड़ी।

नोडल अधिकारी व एडीएम अनिल कुमार रस्तोगी ने बताया कि रविवार को उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 की प्रथम पाली में 26 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8162 परीक्षा में शामिल हुए। वहीं 2638 परीक्षा छोड़ी। दूसरी पाली में 10800 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8301 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं 2499 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।



**डीएम-एसपी ने भ्रमणशील रहकर देखे परीक्षा केंद्र, दिए निर्देश**

रविवार की सुबह डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, ला मार्टिना स्कूल, आर्य कन्या महाविद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों का भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापको से नामांकित बच्चों के सापेक्ष उपस्थित एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या जानी। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों से परीक्षा उपरांत ओएमआर शीट की सीलिग प्रकिया पूछी एवं कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा के सभी कायदे कानून का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिए।बताते चलें कि दोनों पालियों में आयोजित पीईटी परीक्षा में एडीएम-एएसपी, एसडीएम-सीओ सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, सेक्टर मजिस्ट्रेट ने भ्रमणसील एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी देखरेख एवं निगरानी में सकुशल संपन्न कराया।



**सकुशल संपन्न हुई पीईटी परीक्षा, डीएम ने दी बधाई**

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) शांतिपूर्ण, नकल विहीन, सकुशल, व्यवस्थित एवं निर्विघ्न संपन्न होने पर जहां एक और प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने परीक्षा को संपन्न कराने में अहम किरदार निभाने वाले परीक्षा के नोडल अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, स्टैटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं कार्मिको को शुभकामनाएं दी।

## संपादकीय

# पर्यावरण के बैरी बनने से बचिए

भारतीय संस्कृति में ऋषि–मुनियों ने पर्यावरण को स्वच्छ और वातावरण को स्वस्थ रखने के लिए अनेक व्यवहारिक पक्ष समाज को दिए हैं। धरती पर जीवन संतुलित बना रहे, आबाद रहे इसके लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। मनुष्य, पशु–पक्षी, पेड़–, वन, पहाड़, नदी, झील आदि के महत्व को उन्होंने जाना और समझा। इसके संरक्षण हेतु अनेक मार्ग भी बताए। जब हम स्वच्छ पर्यावरण की बात करते हैं, तो यह केवल हानिकारक गैसों और रसायनों से मुक्त होने की बात नहीं होती। पर्यावरण में हमारे आस–पास का सारा माहौल शामिल है। इस माहौल को दूषित करने के अपराध सहभागी हर वह व्यक्ति है, जो कहीं भी थूक देते हैं, गुटका–पाउच, पॉलीथिन सड़कों पर कहीं भी फैंक देते हैं। अपने घर का कचरा समेटकर किसी तरह थैले में ठूंस कर कहीं भी पटक आते हैं, जला देते हैं ...। क्या आपको अंदाजा है कि कचरे के प्रकार, मात्रा और उसके उचित निस्तारण के प्रति अपने उदासीन रवैये के चलते पर्यावरण को क्षतिग्रस्त करने में हम सब बहुत बड़ी भूमिका निभा रहे हैं आधुनिक युग में वैज्ञानिक और तकनीकी विकास का एक भयानक पहलू है पर्यावरणीय असंतुलन।जिसके कारण धरती की सेहत लगातार गिरती जा रही है। धरती पर पादप जगत और जीव जगत एक दूसरे पर आश्रित हैं। यह सहजीवन जितना सहज होगा, दुनिया मे उतनी ही खुशहाली, हरियाली रहेगी। हजारों सालों से यह संतुलन बरकरार रहा, लेकिन धीरे धीरे जब इंसानी आबादी विस्तार लेने लगी और उसके अस्तित्व के लिए प्राकृतिक संसाधन कम पड़ने लगे, तो इसके लिए पेड़ –पौधों को काटा जाने लगा। नदियों को बाँधा जाने लगा और पहाड़ों को क्षरित किया जाने लगा, तो पर्यावरण संतुलन बिगड़ने लगा। परिणामत: मानव जाति के अस्तित्व को ही खतरा पैदा हो गया। यह ठीक है कि विज्ञान ने हमको बहुत कुछ दिया है, जिससे मानव बहुत सरल व सुखी हो गया है। परंतु अपनी तृष्णाओं व अनन्त विकास–विस्तार, संवेदनहीनता, बौद्धिकता की लालसा, बेइंतहा भाग–दौड़ से मानवता का स्वभाव भी अधिक मारक व उग्र होता जा रहा है। तकनीकी के ज्यादा प्रयोग और मुनाफा कमाने के चक्कर में मानव ने जल, थल, नभ सभी कुछ को ही मथ डाला है। आज मानव विकास के मार्ग पर तेजी से बढ़ रहा है वहीं बड़े–बड़े कल–कारखानों की चिमनियों से लगातार उठने वाली जहरीली गैसें, धुआँ वायुमंडल में घुलती जा रही है। बड़ी–बड़ी मशीनों का शोर वायु प्रदूषण के साथ–साथ पर्यावरण को दूषित कर रहा है। प्राणवायु देने वाले पेड़ों को काटकर राजमार्ग बनाये जा रहे है। कॉलोनियां बसाई जा रही है। इससे धरती पर जीवनदायनी ऑक्सीजन की कमी होती जा रही है। मनुष्य के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई तरह की बीमारियां पनप रही है। मानव जीवन को भौतिक सुविधाएं तो प्राप्त हो रही है, परन्तु पृथ्वी पर मौजूदा जीवन आधारित स्त्रोत तेजी से समाप्त होते जा रहे हैं। भूमि के अतिरिक्त दोहन व उत्खनन से जैव–विविधता, पशु–पक्षी, वनस्पति, जल, नदियां, तालाब, झीलें, पहाड़ धीरे–धीरे विलुप्ति के कगार पर पहुंच रहे हैं। विभिन्न प्रदूषणकारी तत्वों के उत्सर्जन के साथ धरती के तापमान में लगातार बढ़ोतरी ने धरती के ऋतु चक्र को ही गड़बड़ा दिया है। युद्ध जैसी विभीषिकाओं से उत्सर्जित रासायनिक पदार्थ व गैसें हमारे प्राकृतिक संसाधन को ही नहीं, बल्कि समूचे वायुमंडल को विषाक्त कर रहे हैं। पूरी धरती का दम प्रदूषण से घुट रहा है। इस घुटन के प्परिणाम स्वरूप ही तो प्राकृतिक आपदाएं बढ़ने लगी है। भूकम्प, अतिवृष्टि, पहाड़ों के टूटना, सुनामी जैसे खतरे बढ़ने लगे गए हैं। इन बढ़ते खतरों से मानव जीवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ता जा रहा है। हम इस बात पर गर्वकर सकते हैं कि मोबाइल फोन, लेपटॉप, कम्प्यूटर, टी. वी., माइक्रोवेव ओवन, मेडिकल उपकरण, एयर कंडीशनर आदि की संख्या कुल आबादी से कई गुनाअधिक हो गई है।हर दिन इनमें से कई हज़ार खराब होते हैं या पुराने होने के कारण कबाड़ में डाल दिए जाते हैं। सभी इलेक्ट्रिक उपकरणों का मूल आधार ऐसे रसायन होते हैं जो जल, जमीन, वायु, मानव और समूचे पर्यावरण को इस हद तक नुकसान पहुंचाते हैं कि उबरना लगभग ना मुमकिन है। यही ई–कचरा है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी






प्रेम शर्मा

**ट्रंप भारत को लेकर अभी और लचीले होगें यह तय है। इसके पीछे एक दो नही बल्कि ऐसे कई निर्णय है जो भारी सरकार द्वारा लिये जा चुके हैं। जैसे ट्रंप के तमाम प्रयासों के बावजूद भारत रूसी तेल पर अपने पुराने रुख पर कायम रहा है। टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होकर इशारों में ट्रंप को सख्त संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। दूसरी तरफ ट्रंप के सख्त रवैये से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत–अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पर्दे के पीछे से कोशिशें चल रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्रेड डील नवंबर तक फाइनल होने की हाल ही में उम्मीद जताई थी। इस ट्रेड डील को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है। कृषि और डेयरी जैसे कुछ क्षेत्रों पर बात अटकी हुई है. इसे लेकर अमेरिकी दल भारत आने वाला था।**

# अभी और बदलेंगे ट्रप के बोल

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने बयानों और निर्णय को लेकर शुरू से ही चर्चा में है। हाल में टैरिफ को लेकर वह पूरे विश्व में चर्चा में ही नही आए बल्कि इस निर्णय से उन्हें अपने ही देश में भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन भारत में भारी भरकम टेरिफ लगाने का खेल उन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमरीकी के दादागिरी वाले निर्णय पर भारत की रणनीति के मद्देनजर ट्रप के बोल में बदलाव शुरू हो गया है। सम्भावना यह जताई जा रही है कि भारत को लेकर टैरिफ मामले में जल्द ही डोनाल्ड ट्रम्प बेकफुट पर नजर आएगें। भारी भरकम टैरिफ और रूसी तेल खरीदने के लेकर पिछले दो दशकों के सबसे गहरे तनाव के बीच ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के नेता शी चिनफिंग के साथ तस्वीर पोस्ट हुए कहा था कि लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। इसका कूटनीतिक जबाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनकी सकारात्मक राय की गहराई से सराहना करते हैं और उसका पूरी तरह से समर्थन करते हैं. उन्होंने आगे कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बहुत सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।ट्रंप भारत को लेकर अभी और लचीले होगें यह तय है। इसके पीछे एक दो नही बल्कि ऐसे कई निर्णय है जो भारी सरकार द्वारा लिये जा चुके हैं। जैसे ट्रंप के तमाम प्रयासों के बावजूद भारत रूसी तेल पर अपने पुराने रुख पर कायम रहा है। टैरिफ विवाद के बीच पीएम मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में शामिल होकर इशारों में ट्रंप को सख्त संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी इस महीने के अंत में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र में शामिल नहीं होंगे। दूसरी तरफ ट्रंप के सख्त रवैये से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर पर्दे के पीछे से कोशिशें चल रही हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी ट्रेड डील नवंबर तक फाइनल होने की हाल ही में उम्मीद जताई थी। इस ट्रेड डील को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है। कृषि और डेयरी जैसे कुछ क्षेत्रों पर बात अटकी हुई है. इसे लेकर अमेरिकी दल भारत आने वाला था। लेकिन इसी बीच ट्रंप के 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद वार्ता थम गई। जाहिर बात है कि ये ट्रेड डील दोनों ही देशों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। ऐसे में ट्रंप ये खतरा उठाने का जोखिम मोल नहीं लेना चाहेंगे। ट्रंप ने जिस तरह से भारत के ऊपर भारी भरकम 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए, उसे लेकर उन्हें अपने ही देश में तीखी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर 8 सितंबर को ब्रिक्स के वर्चुअल शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, ईरान और यूएई आदि के 10 सदस्यीय ग्रुप की बैठक में टैरिफ पर चर्चा होने की संभावना है। निश्चित तौर पर यहॉ भी टैरिफ मामले में अमरीकी को लेकर कोई सार्थक रणनीति बन सकती है। यह सच है कि अमेरिका के लिए भारत आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक रूप से काफी अहम है। भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था भी है। 'एप्पल' ने भारत से 67,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'अमेजन' ने 40,000 करोड़ रुपए कमाए हैं। 'गूगल' ने 22-23,000 करोड़ रुपए बनाए हैं और 'मेटा' ने भी लगभग इतनी ही कमाई की है। ये सभी अमरीकी कंपनियां हैं और भारत उनका सबसे बड़ा बाजार है। ऐसी कई अमरीकी कंपनियां है जो भारत में व्यापार कर रही हैं और मोटा मुनाफा कमा रही हैं। ट्रंप का पीएम मोदी को लेकर दिया गया बयान यह संकेत दे रहा है कि वह भारत पर टैरिफ पर पुनर्विचार कर अपने फैसले को वापस ले सकते है।, लिहाजा उन्होंने सर्वोच्च अदालत से आग्रह किया है कि वह टैरिफ मामले पर यथाशीघ्र सुनवाई कर उसे 'वैध' करार दे। अदालत नवंबर माह में सुनवाई शुरू करेगी, यह पहले से ही तय है। अब राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि दुनिया दो धुरवों के बीच बंटती जा रही है और अमरीका को 'शीत युद्ध' एक बार फिर शुरू होने की आशंका है। अमरीका की ताकत भी बंटती जा रही है। अमरीकी विशेषज्ञ भी मानते हैं कि देश के राष्ट्रपतियों ने दशकों की मेहनत, कूटनीति, दूरदर्शिता और देशों की लामबंदी के जरिए जो ताकत अर्जित की थी और अमरीका को सबसे बड़ी 25 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था तक पहुंचाया था, राष्ट्रपति ट्रंप उस पर पानी फेर रहे हैं। दूसरी तरफ भारत आगामी दो सालों के भीतर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बन सकता है। अमरीकी कंपनियां भारत की सार्वजनिक और निजी कंपनियों से अरबों डॉलर के करार कर रही हैं। अमरीकी राष्ट्रपति के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रहे अधिकारी ने अमरीका में मंदी की संभावनाओं को लेकर राष्ट्रपति को सचेत किया है। ऐसे भी विश्लेषण सामने आए हैं कि एक-तिहाई उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। ऐसे में भारत के साथ कारोबार कम क्यों किया जा रहा है ? टैरिफ का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि रूस के साथ भारत, चीन के अलावा अमरीका और यूरोपीय देश भी तेल और गैस का धंधा कर रहे हैं। ऐसे वैश्विक परिदृश्य में अमरीका अकेला पड़ता जा रहा है। ऐसे में भारत को लेकर ट्रंप निश्चित तौर पर जल्द ही भारत के प्रति अपने बोल बदलेगें।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे–
vishwavarta.response@gmail.com

# एक गांधी जो भुला दिए गए



अरुण गुप्ता

पिछले कई सालों से सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में सभी अखबारों को देखता रहा हूं , करीब-करीब सभी न्यूज चैनल भी खंगाल डालता हूं, लेकिन कहीं कोई जिक्र नहीं। जिस शख्सियत ने पचास के दशक में अपनी पार्टी की ही सरकार के दौरान कई बार बड़े भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा संसद में कर वित्तमंत्री व वित्त सचिव को इस्तीफा देने को विवश कर दिया हो, जो भारत के एक प्रधानमंत्री का दामाद हो, एक का पति, एक अन्य का पिता, सबसे लंबी अवधि तक कांग्रेस अध्यक्ष रहने वाली नेत्री के ससुर और वर्तमान नेता विपक्ष के दादा। इसी सप्ताह ऐसे मुखर सांसद स्व. फिरोज गांधी जी की जयंती व पुण्यतिथि दोनों पड़ते हैं, लेकिन न जयंती पर और न ही पुण्यतिथि पर पार्टी तो दूर,परिवार भी उन्हें स्मरण करने से बचता रहा है। 12 सितंबर 1912 को उनका जन्म हुआ था और 8 सितंबर 1960 को उनका निधन हो गया था। उन्होंने दो बार लोकसभा में रायबरेली का प्रतिनिधित्व भी किया। सांसद के रूप में वह सदैव विभिन्न विषयों पर बेबाकी से अपनी बात कहने के लिए भी जाने जाते रहे। गुजरात के भरूच से मुंबई जा बसे एक पारसी परिवार में दि. 12/09/1912 में जन्मे फिरोज जहांगीर गांधी ( Ghandy-वह पारसी परिवार के थे न कि मुस्लिम, जैसा सोशल मीडिया में कई जगह वायरल हो रहा है) पिता जहांगीर फरदून घांडी के निधन के बाद बचपन में ही मां रतिमाई कमिसरियत के साथ इलाहाबाद चले गए थे, जहां उनकी आंटी डाक्टर थीं। मात्र 18 साल की उम्र में पढ़ाई छोड़ कर स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और लगभग डेढ़ साल फैजाबाद जेल में कैद रहे।राजनीतिक सक्रियता के फलस्वरूप अखबारों में उनका घांडी सरनेम गांधी के रूप में छपने लगा। इस दौरान वह नेहरू परिवार के निकट आ गये। टीबी की बीमारी से जूझ रहीं स्व. कमला नेहरू के साथ वह पहले भुवाली सेनिटेरियम और फिर उनकी मृत्युपर्यंत लासेन में उनकी देखभाल करते रहे। इस दौरान इंदिरा जी के साथ उनकी मित्रता की परिणति 1942 में विवाह के रूप में हुई, जिसके छः महीने बाद भारत छोड़ो आंदोलन में एक साल के लिए दोनों नैनी जेल में निरुद्ध रहे। कहा जाता है कि नेहरू जी इस विवाह के लिए राजी नहीं थे, लेकिन गांधीजी के समझाने पर वह मान गए थे। वह नेहरू जी द्वारा स्थापित एसोसिएटेड जर्नल्स के प्रबंध-निदेशक बने, जहां से नेशनल हेराल्ड व नवजीवन अखबार प्रकाशित होते थे।उनके कार्यकाल में दोनों अखबारों की विशेषकर लखनऊ व आसपास के क्षेत्र में लोकप्रियता में काफी विस्तार हुआ। वह रायबरेली से 1952 व 1957 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। एक सांसद के तौर पर उनका कार्यकाल उनकी ईमानदारी और अपनी ही पार्टी की सरकार को असहज कर देने वाले मुद्दे उठाने के फलस्वरूप शानदार रहा और आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने बड़े व्यापारी राम कृष्ण डालमिया द्वारा बैंक व बीमा कंपनी के फंड के अपने हित में इस्तेमाल का मामला उठाया, जिसके बाद जीवन बीमा कंपनियों के राष्ट्रीयकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ। 1958 में हरिदास मूंदड़ा के भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ वित्तीय घोटाले का मामला उठाया, जिसमें घिरी अपनी पार्टी की सरकार के वित्तमंत्री टी टी कृष्णमाचारी को इस्तीफा देना पड़ा था।केंद्रीय वित्त सचिव एच. एम. पटेल को भी पद छोड़ना पड़ा था। इन मामलों में रामकृष्ण डालमिया और हरिदास मूंदड़ा को जेल भी जाना पड़ा था।



8 सितंबर 1960 को नई दिल्ली में ह्रदयाघात के फलस्वरूप मात्र 48 वर्ष की अल्पायु में निधन होने के पूर्व ही भारत के संसदीय लोकतंत्र के शैशवावस्था में ही वह अपनी मुखरता व निर्भीकता के पदचिन्हों की छाप छोड़ चुके थे। उनकी इच्छानुसार उनका अंतिम संस्कार सनातन पद्धति से किया गया था। प्रयागराज के पारसी कब्रिस्तान में आज भी उनकी समाधि मौजूद है। स्व. फिरोज गांधी जी का प्रारब्ध ही कहा जाएगा कि भारत के तीन प्रधानमंत्रियों के दामाद, पति व पिता होने के साथ-साथ एक मुखर व निर्भीक सांसद होने के बाद राष्ट्र ही नहीं उनका परिवार भी उन्हें लगभग विस्मृत कर चुका है। माह सितंबर के दूसरे सप्ताह में उनकी पुण्यतिथि व जन्मदिन के अवसरों पर क्या किसी के पास उन्हें स्मरण करने के लिए समय है। एक मुखर, निर्भीक व श्रेष्ठ सांसद के रूप में उन्हें आदरपूर्ण श्रद्धांजलि।

## कविता



दीपाली अग्रवाल

### पेड़

युद्ध के दिनों में शांति पर लिखीं कविताएँ
बिछोह में लिखा गया सबसे सुंदर श्रृंगार
बढ़ते पानी में लिखीं बाढ़ की विभीषिकाएँ
और घटते पानी में सूखे की संभावनाएँ
बहुत कुछ था जिस पर कविताएँ कही गईं
सुनी गईं, गुनगुनाई भी गईं
सूरज भी चमका, फूल भी महका
प्रेमिका मिली, दिल भी बहका
नेताओं के हिस्से उलाहना आयी
जनता के हिस्से संवेदना आयी
कविताएँ सीमा के परे भी पहुँची
और मन के खोल में भी रहीं
लेकिन
समाज को सींचने वाली कविताओं ने
वृक्ष क्यूँ नहीं सींचे?
निबंधों से भरे एक पन्ने के सिवा
और क्या मिला उन्हें,
यूं, पन्ने की जगह सींचा जा सकता था एक पेड़
पेड़ ही तो थे कभी वे पन्ने
नदी, झरने, पर्वत, घाटी के सौंदर्य पर
मर–मिटने वालों
हे! छायावादी कवियों
कितने भीगे तुम्हारे पृष्ठ
जब गिरा था कोई पेड़

# जौन सीख लीहिस यू ग्यान , वहिकी जिन्नगी हुई गै आसान



डॉ. आकांक्षा दीक्षित

सुरीली जिज्जी का फ्यासबुक देखि-देखि कै याक दिन पहुड़े-पहुड़े ग्यान प्राप्त हुई गा। उनकेर दुलहा अनिल मास्टर रहे। पढ़े-लिखे रहे। ग्यान प्राप्त होय ते उनका कउनौ समसिया ना रही। उनका यू समझेम नाई आवा कि इतिहास मा ग्यान बहुत जनेन का प्राप्त भा हय, सुरीलिव का मिलि सकत हय, मुला पहुड़े-पहुड़े ग्यान कइसे मिलि सकत हय ? यहैय स्वाचत-स्वाचत वुई कालेज मा जब खंभा ते टकराय गे तौ उनकेरे साथी सुनील कहिन कि 'काहे परेसान हौ, खंभा मा भिड़े जाय रहे हौ।' अनिल बाबू बतावै लाग कि तुम्हरी सुरीली भौजी का ग्यान प्राप्त भा हय।' सुनील पूछिन, 'कि तुमका कइसे पता लाग कि भौजी का ग्यान प्राप्त भा हय ?' अनिल बतावै लाग, 'सुरीली खुदै बताइन, अब यहहिते आगे। उनते पूछैय केर हिम्मत हमार तौ हय नाई, मुला कुछ समझ नाई आ रहा, का करी।' सुनील कहिन, 'बसि यतनी बात, चलौ अबै छुट्टी मा ग्यानचंद चाचा तीर चला जाय। वुई जगतग्यानी हय, तुमका जौन समझि मा नाई आय रहा, पूछि लिहेव। मुला आधा किलो जिलेबी या रसगुल्ला औउर चार ठई खस्ता लै चलैका परी।' अनिल कहिन, 'बिलकुल लै चलब, बसीराम हलवाई कउने दिन काम अइहै।' दूनौ जने दुपहरी मा चाचा तीर पहुंचि गे। चाचा दिक्काय केर स्वाचत रहे, मुला खस्तन केर खुसबू ते परसन्न हुइ गे। खस्ता,जिलेबी केर दोना सामने रक्खे गे। जिलेबी मुंह मा रक्खैय कै बादि चाचा केर दिमाग चाचा चौउधरी केरे दिमाग ते तेज चलै लागत हय। चाचा कहिन, 'बताव सुनील कइसे आयेव, औ इ को आय।' सुनील बताइन, 'चाचा इ हमार साथी अनिल आय। जिलेबी,खस्ता यहे लाय हय। इनकेर याक समसिया हय। परेसान रहे तौ हम आपकेरे तीर लै आयेन।' चाचा कहिन, 'आओ अनिल बाबू ! तुम हमार आत्मा परसन्न कै दिहेव, बताव का दिक्कत हय। अबै दूरि किहे देइत हय। सुनील तुम्हार यू दोस्त हमका परसंद आवा। सिस्टाचार जान्ति हय। इनका चाहे जब लाव, मुला चिंटू का दुबारा ना लायेव, सार परौ सैगर मिठाई खाय गा जौन हफ्ता भर ते धरी रहैय। दुई कप चाय पी गा औउर तौ औउर हमरी पोती केर चाकलेटौ खाय गा। आजु तलक माटिव लै के नाई आवा, नकसान कराय गा । हां बेटवा अनिल बताव का भा।' अनिल कहिन, 'चाचा ! हमरी धरमपतनी सुरीली का पहुड़े-पहुड़े ग्यान प्राप्त हुई गा, यू कुछ समझि मा नाई आवा। दूसर बात हमरी इकलौउती

## आखिन देखी–कानन सुनी

मेहरिया हय तौ हमका नाई पता कि ग्यानी मेहरिया ते कइसे डील कीन जाय। आपैय मार्गदरसन करौ।' चाचा मुसकाय कै कहिन, 'अनिल बाबू ! तुमका याक राज केर बात बताय रहेन हय, ई जौनी चाची हय हमरी सगी पतनी, ई हमते जादा ग्यानी हय। काहे ते हम जगत भरे का ग्यान बांटि सकित हय मुला हमार बोलती उनकेरे आगे एकदम बंद रहत हय। यै मानि लेव कि हमरे ग्यान केर स्रोत चाची हय। यू बताव कि तुम्हार मेहरिया का ग्यान दिहिस।' अनिल कहिन, 'चाचा ! ऐस कुछ खास नाई भा हय। काल्हि पूछिन कि का बताई? लरिका कहिन पनीर बनाव, अम्मा कहिन कु कढ़ी बनाय लेव। हम कहा कि आलू मटर बनाय लेव। वुई बनाइन दालि, चावल, सूखी सब्जी औउर रोटी। जब सब जने कहैय लाग कि बतायन तो कुछ औउर रहैय तौ यू काहे बनायेव ? कहिन कि हमका ग्यान हुई गा हय, कि पूछु सबते लेक चही कि कोउ का बुरा ना लागैय, मुला करैका वहैय चही जौन आपन जिव कहैय। माने कि सुनौव सबकी, करौव मनकी। सवाल आवा, 'चाचा ! हम कनफूज हन कि केहि बित इनते पार पउबै।' चाचा कहिन, 'द्याखव बेटा, याकैय उपाय हय, सरेन्डर कै देव। नाई स झेल, चलौ समझाइत हय। कहै केर मतलब हय कि ऐस हय भइया ! मेहरिया जन्मजात ग्यानी होउती हय। कबौ-कबौ जब आपन ग्यान दुस्यंत कि तिना भूलि जाती हय, तौ कबौ सास, कबौ दुलहा, कबौ लरिकन केरी अनजाने मा की गई हरकतन ते उनका बरतन मांजत, पोछा लगावत, सब्जी काटत या फिर पहुड़े-पहुड़े कहूं ग्यान प्राप्त हुई सकत हय। आदमिन का चही कि जेतना दिमाग होय वतनय इस्तेमाल कीन करा करैय। मेहरियन केरे चक्कर मा ना परैका चही। काहे ते जेतना दिमाग तुम्हरे तीर हय, वतना तौ उनकेर महरी बच्चन केर इस्कूल, फीस, पड़ोसिन केर साड़ी खर्च करत रहत हय, बाकी बचे ते काम चलउती हय। यू समझौ कि तुम्हरे तीर जेतना हय वहिका दुगुना उनकेरे पास होत हय। इनते जीतैय केरे चक्कर मा ना परौ बस यहैय गाव कि अब सौंपि दिहेन ई जीवन केर सब भार तुम्हरे हाथन मा। अब जीत तुम्हरे हाथन मा औ हार तुम्हरेन हाथन मा। फिर द्याखव मजा, तुमका ई कबौ हारैय ना देहे। औ जहां तुम बनि गयेव दिमागदार तौ जिन्नगी भर झेलिहौ औउर पार तौ पउबै ना करिहौ।' अनिल कहिन, 'चाचा ! थ्वारा-थ्वारा ग्यान हमहूं का हुई गा हय, कुछ औउर बताय देव।' चाचा बतावै लाग, 'सबेरे-साम याक हुई वाक्य कहि दीन करौव, जइसे कि तुम ना होव तौ हम कुछ करिन ना पाइत, तुम केतनी सुंदर हौ। जइसे कुख खाय केर मनई होय तो कहौव कि तुम्हरे हाथन मा जादा हय। तुम्हार बनाए फरा पूरा इसकूल खात हय। बसि यह तिना केर बातैय करौ, ग्यानी मेहरिया हमेसा खुस रही औ तुम्हार सौ काम बनाय देई।' अनिल चाचा का परनाम किहिन औ कहिन, चाचा ! तुम्हार नाव सार्थक हय।' चाचा पूछीन कि याक लैन मा बताव कि का सीखेव।' अनिल कहिन, 'यू सीखे चाचा कि 'जौन सीख लीहिस यू ग्यान,वहिकी जिन्नगी हुई गै आसान।'

# लोकतंत्र की शुचिता के लिए बढ़ता खतरा अपराधियों का राजनीतिकरण !



मनोज कुमार अग्रवाल

एक ताजा रिपोर्ट ने भारतीय राजनीति की हकीकत को बेपर्दा कर दिया है. इस रिपोर्ट में बताया गया कि देश के 643 मंत्रियों में से 302 (47%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं. इनमें से 174 मंत्री गंभीर अपराधों जैसे हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध में आरोपित हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में राजनीति के अपराधीकरण को रोकने की बात लंबे अरसे से हो रही है। चुनाव आयोग से लेकर सुप्रीम कोर्ट के तमाम प्रयासों के बावजूद देश की राजनीति में अपराधीकरण कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि राजनीति में अपराधी तत्वों की घुसपैठ कोई नया मुद्दा नहीं है, लेकिन जिस पैमाने पर यह बढ़ा है, वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की ताज़ा रिपोर्ट इस सच्चाई को बयान करती है कि देश के लगभग आधे मंत्री ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मामले भी शामिल हैं। अब सवाल यह आता है कि जब कानून बनाने और उसे लागू कराने वाले ही दागी होंगे तो क्या वे सचमुच न्याय और निष्पक्ष शासन की रक्षा कर पाएंगे? एडीआर के एक विश्लेषण के अनुसार देश के लगभग 47 प्रतिशत मंत्रियों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है, जिनमें हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। यह रिपोर्ट केंद्र सरकार द्वारा उन तीन विधेयकों को संसद में पेश किए जाने के कुछ दिन बाद आई है, जिनमें गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी के बाद 30 दिन तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। हाल ही में एडीआर ने 27 राज्य विधानसभाओं, तीन केंद्रशासित प्रदेशों और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के 643 मंत्रियों के हलफनामों का अध्ययन किया और पाया कि 302 मंत्रियों, यानी कुल मंत्रियों के 47 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 302 मंत्रियों में से 174 पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण के अनुसार भाजपा के 336 मंत्रियों में से 136 यानी 40 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है और 88 यानी 26 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं। कांग्रेस शासित चार राज्यों में पार्टी के 45 मंत्रियों यानी 74 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 18 यानी 30 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर अपराध दर्ज हैं। द्रमुक के 31 मंत्रियों में से 27 यानी लगभग 87 प्रतिशत पर आपराधिक आरोप हैं, जबकि 14 यानी 45 प्रतिशत पर गंभीर मामले दर्ज हैं। तृणमूल कांग्रेस के भी 40 में से 13 मंत्रियों यानी 33 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 8 वानी 20 प्रतिशत पर गंभीर आरोप हैं। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) का अनुपात सबसे ज्यादा है, जिसके 23 में से 22 मंत्रियों यानी 96 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और 13 यानी 57 प्रतिशत पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। आप के 16 में से 11 यानी 69 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पांच यानी 31 प्रतिशत पर गंभीर मामले दर्ज हैं। राष्ट्रीय स्तर पर 72 केंद्रीय मंत्रियों में से 29 यानी 40 प्रतिशत ने अपने हलफनामों में आपराधिक मामले घोषित किए हैं। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु विहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पुडुचेरी में 60 प्रतिशत से ज्यादा मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके विपरीत हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, नागालैंड और उत्तराखंड के मंत्रियों ने अपने खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होने की सूचना दी है। देखा जाए तो सभी पार्टियों में दागी नेता है, जबकि देश के सभी दल अपराध मुक्त राजनीति की बात करते हैं। आंकड़ों को देखने के बाद साफ है कि हिंदुस्तान की सियासत आज जिस रास्ते पर चल रही है वह भ्रष्टाचार और अपराध से लबालब है। आपको पता है चुनाव में बढ़ता धनबल, बाहुबल और अपराधीकरण लोकतंत्र को अंदर ही अंदर खा रहा है। जब कानून के निर्माता और रखवाले ही अपराध में सने होंगे तो उनसे कैसे उम्मीद की जा सकती है कि लोकतंत्र को स्वस्थ रख सकेंगे। पहले तो बिहार और उत्तर प्रदेश को ही आपराधिक राजनीति का गढ़ कहा जाता था, लेकिन पिछले दो-तीन दशकों से सभी राज्यों में ऐसी प्रवृत्ति के नेताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। आज नेताओं का उद्देश्य चुनाव जीतकर देश सेवा करना नहीं, बल्कि सत्ता हासिल कर हुकूमत करना है। कालेजियम व्यवस्था के रहते हमारी न्यायपालिका को भी पूर्ण पवित्र नहीं कहा जा सकता है। राजनीति का अपराधीकरण केवल संसद और विधानसभाओं को ही प्रभावित नहीं करता, वरन समाज और लोकतंत्र की जड़ें खोखली कर देता है। लेकिन चिंता की बात यह है कि राजनीतिक पार्टियों के द्वारा चुनाव जीतने के लिए दागी उम्मीदवारों को टिकट देने में कोई परहेज नहीं किया जाता है। 'हमाम में सभी नंगे हैं' की तर्ज पर सभी राजनीतिक पार्टियों की गोद में ऐसे अनेक नेताओं की किलकारियां गूंजती हैं, जो अपराध में आकंठ डूबे हैं। चुनावों में अपराधीकरण बढ़ने का बड़ा कारण चुनावी व्यवस्था की खामियां हैं। चुनाव लड़ने के लिए अपार धन की जरूरत होती है, और यही धनबल राजनीति में अपराधियों के लिए रास्ता खोल देता है। अपराध से अर्जित धन चुनावी मैदान में खर्च होता है और उसके बदले सत्ता का संरक्षण अपराधियों को मिलता है।

# वोट अधिकार यात्रा में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत भाजपा पर साधा करारा निशाना

विश्ववार्ता संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** स्थानीय रामलीला मैदान मे कांग्रेस की वोट अधिकार रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह बनारस से चुनाव हार चुके थे उन्हें अंतिम चक्र की गिनती में जबरन जिताने का काम किया गया। श्री राय पिछला लोकसभा चुनाव मोदी के विरुद्ध बनारस से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में लड़ रहे थे। उन्होंने कहा कि जहां पूरे देश की चुनावी अपडेट आ रहा था वही बनारस में चुनावी अपडेट न देना और सीधे परिणाम घोषित कर देना बेईमानी करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर वोट चोरी करने का मामला अब धीरे-धीरे जनता समझ चुकी है। बिहार में वोट अधिकार यात्रा को जनता का समर्थन इस देश में नई क्रांति लाएगा। उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर तमाम गंभीर आरोप लगाए।



रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि बिसवा की यह ऐतिहासिक रैली में उमड़ा जन सैलाब आने वाले चुनाव में प्रदेश की राजनीति की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने देश में विकास के लिए सैकड़ों योजनाएं दी। गरीब किसानों बेरोजगारों का दर्द समझा, भाजपा ने इन योजनाओं को ख़त्म कर दिया। बीजेपी देश को बेचने का काम कर रही है, पूरा देश पूंजीपतियों के हाथ बिक चुका है। सभा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। 15 अगस्त से बिहार में राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के मामले को लेकर की जा रही रैली में जन सैलाब इस बात का प्रतीक है कि लोग अब कांग्रेस के साथ हैं और भाजपा से पूरी तौर से अजिज आ चुके हैं। इस सभा को जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, डॉक्टर बृज बिहारी, जिला अध्यक्ष ममता वर्मा, सुनीता रावत, अतीक खां, जिला पंचायत सदस्य रईस अहमद के अलावा प्रदेश तथा जिले के आए तमाम कांग्रेसी नेताओं ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के संयोजक सांसद सीतापुर राकेश राठौर ने आए हुए पार्टी नेताओं तथा पार्टी के कार्यकर्ता के प्रति आभार व्यक्त किया और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की अपील की।

# 2296 परीक्षार्थियों ने नहीं दिया इग्जाम

## दूसरे दिन 12 परीक्षा केंद्रों पर 8504 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा जिले में शनिवार के बाद रविवार को भी जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में शांतिपूर्ण व नकलविहीन सम्पन्न हो गई।



रविवार को पहली पाली में पंजीकृत 5400 परीक्षार्थियों में से 4258 ने परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 1142 अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में पंजीकृत 5400 परीक्षार्थियों में से 1154 अनुपस्थित मिले जबकि 4246 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेकर ही उन्हें परीक्षा कक्ष में जाने की इजाजत दी गई। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर मुस्तैद सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने परीक्षा के दौरान प्रत्येक कक्षों का जायजा लेते रहे। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व

» शांतिपूर्ण निपटी परीक्षा, दूसरे दिन भी नहीं मिला नकलची

एसपी अंकुर अग्रवाल ने पहली पाली की परीक्षा के दौरान आरएम इंटर कॉलेज, लखनऊ पब्लिक स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर तथा सुमित्रा मार्डन स्कूल परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वह आयोग के निर्देश के अनुसार परीक्षा सम्बंधी सभी कार्यों को पूरी ईमानदारी के साथ कराएं। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे चल रहे हैं इसका जायजा लिया और परीक्षा केंद्र के बाहर किसी को नजदीक न आने देने की हिदायत पुलिस कर्मियों को दी। दो दिन चली प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा के दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी बेहद सजग नजर आए। शांतिपूर्ण व नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न हो जाने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### श्री दिगम्बर जैन मंदिर से पर्यूषण पर्व के समापन पर निकाली गयी शोभायात्रा



**सिधौली/सीतापुर।** कस्बे के गोविंदनगर मोहल्ले में स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर से पर्यूषण पर्व के समापन पर शोभायात्रा निकाली गई। दशलक्षण पर्व के दसों तप की साधना कर निर्जला उपवास रखने वाली साक्षी जैन को मस्तक पर मुकुट धारण करवा कर शोभायात्रा में शामिल किया गया।इस बेहद कठिन तप की साधना करने वाली साक्षी जैन ने बताया कि जैन तपस्वियों व मुनियों के आशीर्वाद से यह कृत संकल्प कर पाने में सक्षम हो पाई हूँ। बैंड बाजों के साथ निकली यह शोभायात्रा मंदिर से निकल कर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण करने के पश्चात पुन: मंदिर पहुंची जहां उसका समापन किया गया।श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।इस दौरान सीमा जैन,सरिता जैन,अरविंद जैन,पप्पू जैन,वैभव जैन,शुभम जैन,गगन जैन,परितोष जैन,धर्मेंद्र जैन व शैंकी जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जुलूस ए मोहम्मदी के जुलूस की तैयारी बैठक

**सिधौली, सीतापुर।** जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस 8 सितंबर दिन सोमवार को अकीदत के साथ निकाला जाएगा। इसको लेकर मरकजी कमेटी तैयारियों में जुटी है। कमेटी के पदाधिकारी मौलवी सय्यद अहमद ने बैठक में बताया कि सोमवार को बाड़ी जामा मस्जिद से सुबह 9 बजे जुलूस रवाना होगा जुलूस कदीमी रास्तों से होकर निकलेगा और मेला मैदान बड़ा कुआं पर समापन होगा। जुलूस में शामिल अंजुमनों को पुरस्कृत किया जाएगा।



### मेरा बूथ सबसे मजबूत बिषय को लेकर मंडल महामंत्री ने किया बूथ सत्यापन

**मिश्रिख सीतापुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत जसरथपुर में शनिवार को मिशन 2027 के परिपेक्ष में मेरा बूथ सबसे मजबूत विषय को लेकर मंडल महामंत्री मिश्रिख देहात राजेश शुक्ला के नेत्रतव में बूथ सत्यापन कार्य किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र संयोजक ज्ञानेंद्र मिश्र, विनीत दीक्षित सहित समस्त बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।



### नदी में युवक डूबा, एनडीआरएफ कर रही है तलाश

**तंबौर सीतापुर।** शारदा नदी के किनारे बसे एक गाँव का युवक डूब गया जिसकी तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार ग्रामपंचायत देवपालपुर का मजरा कोल्हुआ पुरवा निवासी मोहन 28 रविवार दोपहर गाँव के पास से निकली शारदा नदी में स्नान करने गया था ।स्नान करते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक वापस न आने पर घर वालों ने नदी किनारे जाकर देखा तो नदी किनारे उसके कपड़े व चप्पल रखे हुए थे। युवक के डूबने की जानकारी होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मुख्यालय सूचना देकर एनडीआरएफ को बुलवाया जो डूबे हुए युवक की तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है ।



### मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में 414 मरीजों की हुई जांच

**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हर रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में जहां 414 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई वहीं बदलते मौसम के चलते ग्रामीणों को विशेष साफ-सफाई व मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। ज्ञातव्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को गांव में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का आयोजन किया जाता है परंतु क्षेत्र के विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों के स्थान पर आयुष डॉक्टर मरीजों को दवाएं दें रहे हैं बल्कि क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरुल्लापुर में फार्मासिस्ट अशोक के द्वारा मरीजों को देखा जा रहा है। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में डॉक्टर अख्तर ने 89 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकैचनपुर फरीदपुर में मरीज डॉक्टर प्रज्ञा शरण आनंद ने 85 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉक्टर आदित्य ने 73 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा मे डॉ तलत जहाँ ने 71 मरीज और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरुल्लापुर मे फार्मासिस्ट अशोक के द्वारा 93 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद वाजपेई ने बताया कि, बरसात के मौसम के चलते सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर वायरल फीवर, खांसी जुकाम, त्वचा रोग के मरीज अधिक आ रहे हैं जिन्हें डॉक्टरों के द्वारा साफ सफाई व मच्छरों से बचाव के लिए जागरूक किया गया व नव दम्पत्तियों को परिवार कल्याण अपनाने के लिए जागरूक किया गया।



# सेवा भारती की परिचय बैठक में बनायी गयी विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** सेवा भारती की बैठक शहर के प्रेम नगर स्थित जैन मंदिर प्रांगण में की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता व संचालन जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी ने की। बैठक में अतिथि में विभागाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल व पालक सुभाष गुप्ता मौजूद रहे।



सर्वप्रथम अतिथियों को जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय, सम्पर्क प्रमुख अशोक प्रजापति ने पटका पहनाकर स्वागत किया। बैठक के दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि सेवा भारती मुख्य रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता, स्वरोजगार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में कार्य करता है। पालक सुभाष गुप्ता ने कहा कि सेवा भारती का उद्देश्य पिछडे एवं अभावग्रस्त लोगों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं स्वावलंबन के विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा तथा स्वैच्छिक संस्थाओं व समर्पित कार्यकर्ताओं के सहयोग से समाज का निर्माण करना है।

जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों की लाखो महिलाओं ने मिलकर स्व रोजगार महिला सेवा का गठन किया है यह उन आर्थिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने के लिए काम करता है जिन्होंने महिलाओं को समाज के हाशिये पर रखा है। जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन ने कहा कि सेवा भारती द्वारा बच्चों के लिए बाल संस्कार केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जहाँ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सिखाए जाते हैं। संगठन का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को सुसंस्कारित करके राष्ट्र के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष विश्ववीर गुप्ता ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए आभार ज्ञापित किया।

इस दौरान विभाध्यक्ष महेन्द्र अग्रवाल,पालक सुभाष गुप्ता, जिला अध्यक्ष विश्वीर गुप्ता, जिला महामंत्री रत्नेश द्विवेदी, जिला प्रचार प्रमुख आकाश राय, डॉ. वीरेन्द्र कुमार आर्य, जिला कार्यवाह मातृ शक्ति सरिता जैन, जिला कार्यवाह बालिका विकाश कौशल सीमा जैन, रीना अग्रवाल, सरिता जैन, अनिल अग्रवाल, अशोक अवस्थी, अशोक प्रजापति, रवि अग्रवाल, खेम चंद्र डोडेजा, कमलेश मेहरोत्रा,अनूप कुमार, दिनेश राय, त्रिलोचन सिंह अरुण मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, राम किशोर अग्रवाल, चंद्र कुमार अग्रवाल, अनिल मेहरोत्रा, वेद प्रकाश कश्यप, आदित्य गुप्ता, रामगोपाल, पुष्कर शुक्ल, नीरज शुक्ल, आशीष गुप्ता, शिखा जैन, नूतन जैन, आशुतोष शुक्ल, संजय दीक्षित आदि उपस्थित रहे।

# सुर्खियों में हैं बीईओ महोली की कार्यप्रणाली गैरहाजिर मिले दो, कार्यवाही सिर्फ एक पर

विश्ववार्ता संवाददाता

» शिक्षक ने 20 का मांगा अवकाश 22 को किया अस्वीकृत

**सीतापुर।** खंड शिक्षा अधिकारी महोली के विरुद्ध अनियमितता में सहभागिता के मामले में चल रही जांच को लेकर वह एक बार फिर सुर्खियों में हैं। बीईओ वीरेंद्र कुमार पांडेय का विवादों से पुराना नाता रहा है।

दिसम्बर 2024 में बीईओ द्वारा की गई कारगुजारी को लेकर बीएसए ने इनसे ही कारण बताओ नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांग लिया था। प्रकरण कम्पोजिट विद्यालय बहेरि सिंघौड़ा से जुड़ा हुआ है। यहां के प्रभारी प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश ने 19 दिसम्बर को 20 दिसम्बर के लिए आकस्मिक अवकाश स्वीकृति के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। 20 दिसम्बर को प्रधानाध्यापक विद्यालय नहीं आए और 22 दिसम्बर को बीईओ ने आवेदन निरस्त करते हुए प्रधानाध्यापक का एक दिन वेतन काटने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट बीएसए को भेज दी। प्रधानाध्यापक ने बीएसए ऑफिस में पेश होकर ऑनलाइन आवेदन की स्वीकृति मांगने का साक्ष्य दिया तो बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह ने बीईओ को कारण बताओ नोटिस भेज कर पूरे मामले में स्पष्टीकरण मांग लिया। बीएसए द्वारा भेजी गई नोटिस में जिक्र किया गया है कि जब प्रधानाध्यापक ने 19 दिसम्बर को आकस्मिक अवकाश के लिए मांगा गया था फिर 22 दिसम्बर को किस मन्तव्य से और किस शासनादेश के तहत अस्वीकृत किया है। प्राथमिक विद्यालय चाउबिरवा का बीईओ ने 21 जनवरी 2025 को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षामित्र लोकेश कुमार सिंह व क्षमा शुक्ला गैरहाजिर मिलीं।

बीईओ ने उपस्थिति रजिस्टर पर दोनों को अनुपस्थित लिख दिया। इसके बाद सेटिंग के खेल के चलते बीईओ ने दोनों की जगह महज लोकेश कुमार सिंह का एक दिन का मानदेय अवरुद्ध करने की संस्तुति बीएसए को कर दी। सवाल यह है कि जब दोनों शिक्षामित्र गैरहाजिर मिले थे तो दोनों का मानदेय अवरुद्ध किया जाना था लेकिन दंड एक ही शिक्षामित्र को मिला। ऐसे में बीईओ की कार्यशैली पर सवाल उठना तो लाजिमी है।

### साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को झारखंड के राज्यपाल ने किया सम्मानित

**बिसवां (सीतापुर)।** विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने बरेली में सम्मानित किया। यश-कीर्ति साहित्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित कवियों की आवाज कवि सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया गया। खुशलोक अस्पताल के सभागार में संपन्न इस साहित्यिक समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार व अध्यक्ष कमलेश मौर्य मृदु, विशिष्ट अतिथि डा. विनोद पागरानी, व डा. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। फाउंडेशन की संस्थापक कु. यश-कीर्ति गंगवार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रोहित राकेश ने किया। वरिष्ठ कवियों में मोहन मुंतशिर, कमल सक्सेना, किरन प्रजापति ने काव्यपाठ कर उपस्थित नवोदित कवियों का उत्साह वर्धन किया।



# बाढ़ राहत किट व लंच पैकेट वितरित किए गए

विश्ववार्ता संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र से गुजरने वाली शारदा नदी के उफनाने से विभिन्न ग्रामों में भरा पानी रविवार को धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन पानी की स्थिति अभी भी विकट बनी हुई है, जिसके चलते ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है और कई ग्रामों का क्षेत्र से संपर्क टूट जाने से राहत सामग्री भी नहीं भेजी जा पा रही है बल्कि ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर बुलाकर बाढ़ राहत किट वितरित किए जा रही है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शासन के द्वारा बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों को विभिन्न बाढ़ चौकियों पर बाढ़ राहत किट व लंच पैकेट वितरित किए गए। क्षेत्र की बाढ चौकी अमर नगर, मीतमऊ खंडवा, तेजवापुर नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, राजस्व निरीक्षक दिनेश पांडे, राजकुमार पांडे सत्यभान सिंह, रूपेश श्रीवास्तव द्वारा 1500 राहत किट ग्राम गौर चौघड़िया, बिचला बरेती, रतौली डीह, नाउन पुरवा, नकहा, मीतमऊ, परेवा, खनियापुर आदि गांवों में वितरित किए गए। बाढ़ चौकी दंड पुरवा से रमुवापुर में 500 लंच पैकेट, भदफर में 500 लंच पैकेट, बिचला बरेती में 500 लंच पैकेट, डिंगरी, मंजरी करिंदा में 700 लॉन्च पैकेट वितरित किए गए। इस मौके पर प्रमुख रूप से ओम प्रकाश, रमेश कुमार, मनीष कुमार, आशुतोष द्विवेदी, दीपक, श्री कृष्ण भार्गव, महेश कुमार सहित भारी ग्रामीण उपस्थित थे।

### यातायात निरीक्षक ने ईरिक्शा में छूटा बैग वापस लौटाया

**सिधौली/सीतापुर।** नैमिषारण्य से दर्शन कर लौट रहे दर्शनार्थी मां बेटे का ई रिक्शा में छूटा नकदी भरा बैग यातायात निरीक्षक की सूझ बूझ से सकुशल वापस लौटाया गया। थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र निवासी पुनीत शर्मा व उनकी मां लक्ष्मी शर्मा शमलीपुर चौराहा, बेनीपुर नैमिषारण्य दर्शन करने गए थे, जहां से वापस ईरिक्शा से लौट कर सिधौली पहुंचे और महमूदाबाद जाने वाले ई रिक्शा पर सवार होकर चले गए। इनका बैग ईरिक्शा में छूट गया जिसे चालक मनोज पाल निवासी संतनगर कस्बा सिधौली ने यातायात निरीक्षक दक्षिणी मुन्नीलाल सिंह को सौंपा, उन्होंने बैग में ढूंढने पर मिली आईडी से पुनीत शर्मा को काल कर वापस बुलाया और बैग वापस करवाया। बैग में 2 हजार रुपये नकदी सहित कीमती सामान था। बैग पाकर पुनीत शर्मा व उनकी मां लक्ष्मी शर्मा ने यातयात निरीक्षक को धन्यवाद दिया और बताया कि बैग गुम होने से वे काफी परेशान थे।

## भाजपा कार्यालय पर आगामी अभियानों की योजना बैठक संपन्न



विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में आगामी अभियानों जिसमें मुख्य रूप से सेवा पखवाड़ा शिक्षक एमएलसी निर्वाचन , स्नातक एमएलसी निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला पदाधिकारियों और मोर्चे के अध्यक्षो को अभियानो से संबंधित कार्य वितरण किए गए एवं संपूर्ण कार्य योजना पर जिला अध्यक्ष द्वारा विस्तार के प्रकार डाला गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपने उद्बोधन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेवा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन पार्टी द्वारा किया जाएगा। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को लगकर सभी अभियानों को सफल बनाना है और आगामी समय में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाना है ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विश्राम सागर राठौर, सुधाकर शुक्ला, नैमिष रत्न तिवारी, संजय मिश्रा, रोहित सिंह सचिन मिश्रा, सुनील मिश्रा, रमेश भार्गव दीपू, इंदू सिंह चौहान, सुनील मिश्रा, प्रखर जायसवाल जया सिंह, उदित बाजपेई, विष्णु मौर्य, महेश शर्मा, राम जीवन जायसवाल अजय विश्वकर्मा, अमन सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जल विहार कमेटी ने किया शिव मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन





विश्ववार्ता संवाददाता

**लहरपुर सीतापुर।** नगर क्षेत्र के मोहल्ला टांडा सालार में जल विहार कमेटी के द्वारा आयोजित की गयी भजन संध्या जिसमें भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य सजीव झांकियां का किया गया चित्रण।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात जल विहार कमेटी टांडा सालार के द्वारा शिव मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यक्रम का शुभारंभ विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना और आरती करके किया। इस मौके पर कलाकारों ने भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियों का सजीव मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

लखीमपुर जनपद से आई भजन मंडली ने कब आएंगे खाटू वाले श्याम, आदि भगवान के भजनों की शानदार प्रस्तुति की, जिसे सुनकर उपस्थित लोग मंत्र-मुग्ध हो गये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष भाजपा विनीत जायसवाल, महामंत्री देवेश अवस्थी जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, वीरेंद्र पुरी, जिला मंत्री उदित बाजपेई, मनोज गुप्ता, बंशीधर पाठक, विशाल द्विवेदी, शिवम मिश्रा, संदीप पांडे, रामू द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, राजेन्द्र यादव, विजय द्विवेदी, अंकित अवस्थी, बीनू अवस्थी, रचिन रस्तोगी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

**विश्ववार्ता पड़ताल** मचान तो बनाया मगर निगहबान नदारद, ग्रामीणों ने बताई वन विभाग टीम की काम्बिंग की असलियत

# बाघ पकड़ने का ऑपरेशन कागजों पर तेज, धरातल पर सुस्त

विश्ववार्ता संवाददाता

**सीतापुर।** रविवार दोपहर एक बजे वन विभाग के कमांड सेंटर नरनी के बाहर तीन-चार वनकर्मी कुर्सी पर आराम फरमा रहे थे। रेंजर कल्पेश्वरनाथ भार्गव रेंज ऑफिस गए हुए थे। वन विभाग के अफसरों के पिंजड़ा दूसरी जगह शिफ्ट करने के दावों से इतर नरनी गांव के बाहर लगाया गए पिंजड़ा का स्थान थोड़ी दूर पीपल के पेड़ पास लगा हुआ था। जिस कमांड सेंटर में हर वक्त चहल-पहल रहती है उसी की पिछली दीवार से सटाकर पड़वा रात में बांधा जाता है। हैरानी की बात तो यह है कि जहां इंसानों की चहलपहल हर वक्त रहती है विभाग को वहां बाघ आने की उम्मीद है।





इलाके में बाघ, बाघिन व उसके शावक विचरण कर रहे हैं मगर बीते दो दिनों से टीम को जंगली जानवरों के कोई ताजा पगमार्क भी नहीं मिल सके हैं, यह जानकारी महोली के एक डिप्टी रेंजर ने दी। दोपहर डेढ़ बजे पसिगवां निवासी सुशील कुमार रघुबरदयालपुर गांव के दक्षिण गुजरे नाले से कोई 100 मीटर दूर वन विभाग ने जहां नीम के पेड़ की ओट में मचान बना है टीम को लेकर वहां गए। मचान से कोई 20 मीटर उत्तर तीन खूंटानुमा डंडे गड़े हुए थे। पूरब व पश्चिम वाले डंडों में एक-एक ट्रैप कैमरा लगा हुआ था जबकि बीच वाले डंडे में रात को पड़वा बांधने का दावा किया जाता है। ट्रैप कैमरों के इर्दगिर्द भैंसों का झुंड घास चर रहा था। पास में ही भैंस चरा रहे पसिगवां निवासी बिपिन यादव ने बताया कि रात में यहां कोई वनकर्मी नहीं आता है। हर रोज सुबह एक गाड़ी आती है जिसमें तीन-चार लोग होते हैं पड़वा को सकुशल देख वापस लौट जाते हैं। विभाग यहां भले ही पिंजड़ा लगाने का दावा करता हो लेकिन हकीकत इससे जुदा है।

ग्रामीणों के मुताबिक यहां पिंजड़ा ट्राली पर लदा रहता है जिसे अभी तक नीचे ही नहीं उतारा गया है। जिस स्थान पर पड़वा बांधा जाता है वह चारागाहनुमा जगह है, यहीं पर रघुबरदयालपुर व पसिगवां के लोग जानवर चराने आते हैं। रघुबरदयालपुर निवासी विजय कुमार ने बताया कि वन विभाग ने जो पड़वा बांध रखा है चरवाहे उसे चारा डाल देते हैं और उसे नाले के पास ले जाकर पानी पिला देते हैं।

उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर ग्रामीण पड़वा को चारा न डालें तो वह भूख से मर जाएगा। अपनी नाकामी छिपाने के लिए विभाग को आला अफसर से लेकर अदना कर्मचारी वन विभाग की टीमों द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में कुछ भी नहीं बोलता है। फिलहाल विश्ववार्ता की पड़ताल में वन विभाग की टीमों की वर्किंग की सच्चाई सामने आने के बाद यह दावे से कहा जा सकता है कि ऐसी शिथिल कार्यशैली से बाघ को फिलहाल पकड़ा जाना इतनी जल्दी संभव नहीं है।

## एक नजर

### नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को सख्ती से लागू कर रही यातायात पुलिस



**कानपुर।** यातायात पुलिस प्रदेश सरकार के नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को सख्ती से लागू कर रही है। पुलिस दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष जागरूकता अभियान चला रही है। महाराजपुर थाना क्षेत्र के नरवल मोड़ पर चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस बिना हेलमेट वाहन चालकों को समझाकर वापस भेज रही है। ट्रैफिक उप निरीक्षक संजीव कुमार पाल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में सबसे ज्यादा सिर में चोटें आती हैं। अधिकतर दुर्घटनाओं में शामिल बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने होते है। चकेरी से पुरवामीर कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर कई दुर्घटना संभावित स्थल चिन्हित किए गए हैं। महाराजपुर थाना क्षेत्र में कुलगांव मोड़, रुमा, हाथीपुर मोड़, नरवल मोड़, रहनस मोड़, प्रेमपुर मोड़, महोली मोड़ और पुरवामीर में अब तक कई सड़क हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक घायल हुए हैं। पुलिस सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत बाइक, कार और बस चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर रही है। प्रदेश सरकार ने बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए यह अभियान शुरू किया है।

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला युवक का शव



**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के हाथीपुर न्यू जंक्शन के पास बीती रात को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा मिला। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान मनीष कुमार यादव के रूप में हुई है। मनीष कुमार यादव बिहार के नवादा जिले का रहने वाला था। वह दरभंगा से दिल्ली की यात्रा कर रहा था। मृतक के पास से मिले रेलवे टिकट से उसकी पहचान और पते की जानकारी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह ट्रेन से गिरने का मामला लग रहा है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है।

### सुपारी कारखाने में लगी आग दमकल ने बुझाई



**कानपुर।** चावल मंडी में रविवार को एक सुपारी कारखाने में आग लग गई। दुकान के मालिक रामजी ने मिनी कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। सूचना के बाद लाटूश रोड फायर स्टेशन की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर सर्विस अधिकारी ने देखा कि सुपारी के कारखाने में आग तेजी से फैल रही थी। मौके पर देखा गया कि कारखाना बंद है, गेट पर ताला लगा हुआ है फायर कर्मियों ने कटर से ताला काट कर कारखाने के अंदर प्रवेश किया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने दो दिशाओं से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। कर्नलगंज फायर स्टेशन से भी एक अतिरिक्त दमकल यूनिट को सहायता के लिए बुलाया गया। दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग को पूरी तरह बुझा दिया गया। इस घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

### राशन की दुकान से गेहूं चोरी मामले में दो लोगों पर मुकदमा हुआ दर्ज

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** सरकारी राशन की दुकान से गेहूं चोरी करने की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगो पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गांव आसायस निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र रामकृष्ण ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह उचित दर विक्रेता है जिससे घर के बरामदे में बोरिया जमा थी बीते 5 व 6 सितंबर की रात में गांव के ही दो लोगो ने अपने अन्य साथियों के साथ 8 बोरी गेहूं की रिक्शा से चुरा ले गए सुबह घटना की जानकारी हुई तो कोटेदार ने दो नामित व अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हुई है।

### छत से गिरा किशोर गंभीर रूप से हुआ घायल जिला अस्पताल रेफर

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के शीतल खेड़ा गांव में छत से गिर कर किशोर घायल हो गया। जिसे सीएचसी लय गया। जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शीतल खेड़ा गांव निवासी अजय 16 वर्ष व उसका छोटा भाई आयुष के साथ नाना के यहां रहता था। रविवार को अजय किसी काम से छत पर गया था। तभी पैर फिसल गया ओर वह नीचे गिर गया। घायल अवस्था मे परिजन स्वास्थ्य केन्द्र लाये जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# शीतला माता मंदिर में सातवां जल बिहार मेला व जवाबी कीर्तन का हुआ आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता



**मौरावां उन्नाव।** हिलौली के गांव बछौरा स्थित माँ शीतला देवी जी के मंदिर में 7वां जल बिहार मेला एवं जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। दोपहर में लगे मेले में आयोजित आल्हा गायन सुन सभी भाव विभोर रहे। कार्यक्रम में श्रोता गणों ने पूरी रात जवाबी कीर्तन का आनन्द लिया। कलाकारों ने दर्शकों को खूब वाहवाही लूटी।

बछौरा गांव स्थित मां शीतला देवी जी के मंदिर में 7 वां जल बिहार मेला एवं जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। मेले आल्हा गायन करने पहुंची गायिका काजल सिंह को ग्राम प्रधान उषा देवी ने प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद काजल सिंह ने अपने ओजस्वी अंदाज में आल्हा गायन कर सभी श्रोताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। आल्हा सुनने के लिए देर शाम तक श्रोतागण जमे रहे। उसके बाद रात में कानपुर की रहने वाली क्रांति माला और मध्यप्रदेश के बाबूलाल राजपूत में मध्य हुई। कार्यक्रम में प्रधान उषा देवी ने दोनों कलाकारों और गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। जवाबी कीर्तन में सवाल और जबाब में कलाकारों ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कीर्तन कार्यक्रम में कट-पीस दर्शकों को खूब भायी। इस अवसर पर विंदा साहू, कल्लू यादव, ग्राम प्रधान मनोज साहू, बच्चू लोधी, आशू साहू, रमेश लोधी, अंशुमान गौतम, अमरदीप सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## इंडियन मेडिकल एसो. में 10 साल बाद पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कानपुर शाखा में 10 साल बाद पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई। वर्ष 2015 में तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. किरण पांडेय की टीम निर्विरोध चुनी गई थी। इस बार भी कोई नामांकन नहीं आया, जिसके चलते डॉ. अनुराग मेहरोत्रा को अध्यक्ष और डॉ. शालिनी मोहन को निर्विरोध सचिव निर्वाचित किया गया है।

शनिवार को नामांकन का अंतिम दिन था। एसोसिएशन की परंपरा के मुताबिक जितने पद थे उतने ही नामांकन दाखिल हुए। डा. नंदिनी रस्तोगी की देखरेख में सभी नाम तय हुए और परिणाम घोषित कर दिए गए। अब मतदान की आवश्यकता नहीं रहेगी। नई कार्यकारिणी 12 अक्टूबर को शपथ लेकर पदभार संभालेगी। कार्यकारणी में एक अध्यक्ष, 4 उपाध्यक्ष, एक सचिव, 48 कार्यकारिणी सदस्य शपथ लेंगे।



» अध्यक्ष बने डॉ. अनुराग, डॉ. शालिनी मोहन बनीं सचिव

चुने गए पदाधिकारियों में अध्यक्ष- डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, सचिव- डॉ. शालिनी मोहन, उपाध्यक्ष- डॉ. प्रीति आहुजा, डॉ. मनीष निगम, डॉ. देवज्योति देवराज, डॉ. राम सिंह वर्मा, संगठन सचिव- डॉ. किन्कर श्रीवास्तव, संपर्क सचिव- डॉ. पुनीत गर्ग, पुस्तकालय सचिव- डॉ. नंदिनी दत्ता, संपत्ति सचिव- डॉ. गौरव गुप्ता और वैज्ञानिक सचिव- डॉ. दीपक श्रीवास्तव हैं। कुल 48 कार्यकारिणी सदस्यों में से 36 नामांकन तय हो चुके हैं।

## गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से शवों के दाह संस्कार करने में करना पड़ रहा मुश्किलों का साऊ

विश्ववार्ता संवाददाता

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** गंगा नदी के बढ़े जलस्तर से आसपास क्षेत्र की सारी भूमि जलमग्न हो चुकी है जिससे गंगा तट पहुंचने वाले शव यात्रियों को शवो के दाह संस्कार हेतु भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही है। तट के किनारे एक मात्र विकल्प के रूप में नजदीकी बांध पर अनेकों शव एक साथ प्रतिदिन जलते हुए देखे जा सकते है।

गौरतलब हो एक बार पुनः गंगा नदी के जलस्तर में तेजी के साथ वृद्धि हुई है जिससे गंगा किनारे का कई किलोमीटर भूमि का क्षेत्रफल पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है। तलहटी क्षेत्र में मुख्य बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग ही खड़े होने के लिए स्थान शेष बचा है। इस दसा में गंगा तट पहुंचने वाले शवयात्री अपने वाहन व खुद को मुख्य मार्ग पर रोककर अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए विवश बने हुए है। इसके अलावा शवो के दाह संस्कार हेतु कोई भूमि का स्थान ना उपलब्ध होने की दसा में पुल की सुरक्षा हेतु बांधे गए बांध के ऊपर शवो का दाह संस्कार किया जा रहा है। फलस्वरूप गंगा का बढ़ा जलस्तर शव यात्रियों के लिए भी भारी मुसीबत बना हुआ है।



## पति-पत्नी के 17 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर साथ रहने को हुए राजी

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन वामा सारथी की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 7 व परिवार परामर्श केन्द्र से 5, सोहरामऊ से 2, कोतवाली सदर, आसीवन, दही से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया।

उपरोक्त पुनीत कार्य में शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी डाक्टर आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति




एवं सलाहकारों में संजय चौरसिया, डॉक्टर एस के पाण्डेय, डॉक्टर शशी रंजना अग्निहोत्री, डॉक्टर अवसार अली, डॉक्टर सगीर अहमद, अवरार हुसैन, रामस्नेही यादव, प्रभा यादव, सविहा उमर एवं सहयोगी अंकित सिंह, स्वास्तिक मिश्रा, शिवेन्द्र चौहान व पुलिस टीम से प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, महिला उप निरीक्षक मिथलेश वर्मा, साधना, सेविका, अंशू रानी, प्रीती राठौर, चंचल, अर्चना, पूजा, शकुंतला, शिखा, दुर्गेश, सीता यादव, मीनू, पूनम शाक्य का विशेष योगदान रहा।

## 200 अग्नि सचेतकों को आग से बचाव व आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** नरवल फायर स्टेशन में शासन के निर्देश पर निशुल्क साप्ताहिक अग्नि सचेतक प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। नरवल तहसील के सरसौल और भीतरगांव ब्लॉक से 200 अग्नि सचेतकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अग्निशमन अधिकारी सुधीर कुमार वर्मा यहाँ प्रशिक्षण दे रहे हैं। युवाओं को आग बुझाने की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी जा रही है। इसमें गैस सिलेंडर से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन निकासी के तरीके शामिल हैं। साथ ही अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



यह प्रशिक्षण 18 अगस्त, 2025 से शुरू हुआ है। इसमें उन अग्नि सचेतकों को शामिल किया गया है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश अग्निशमन और आपात सेवा में दो वर्षों तक लगातार सेवाएं दी हैं। प्रति सप्ताह 50 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण पूरा करने वाले अग्निसचेतकों को जनपद स्तर से प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। प्रमाण-पत्र उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय से प्राप्त होगा। इस पहल से नागरिकों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी।

### संदिग्धावस्था में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला

**औरास उन्नाव।** सीमऊ गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर युवक को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनों की चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। लखनऊ जनपद के थाना काकोरी के अजीतन खेड़ा का मूल निवासी द्वारिका का 35 वर्षीय बेटा नागेंद्र कुमार यादव पिछले 5 वर्षों से औरास थाना क्षेत्र के सीमऊ गांव में मकान बना कर अपनी पत्नी सुमन व बच्चों के साथ रह रहा था। जहां उसने आसपास के गांवो में खेती योग्य जमीन भी खरीद रखी थी। संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार सुबह घर के अंदर कमरे में उसे फांसी पर झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को फांसी के फंदे से उतरवा कर विधिक कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

## जमीनी विवाद में नशे में धुत युवक ने मां-भाई पर किया हमला

विश्ववार्ता संवाददाता



**कानपुर।** बिल्हौर थाना क्षेत्र में एक परिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। शिवदाशत्तापुर गांव में जमीनी बंटवारे को लेकर एक युवक ने अपनी मां और भाई पर लाठी से हमला कर दिया।

आरोपी युवक नारायण ने शराब के नशे में धुत होकर अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी मां जय देवी और भाई पर लाठी-डंडों से हमला किया। हमले से पीड़ित भाई के हाथ में गंभीर चोट आई है। आरोपियों ने इतना ही नहीं किया किया, बल्कि रात के समय धक्का देकर मां और बड़े भाई को घर से बाहर निकाल दिया। पीड़ितो ने तुरंत डायल 112 पर कॉल किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले आरोपी गाली-गलौज करते हुए और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीड़ितो ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोपी बेटे और उसकी पत्नी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके घायल मां बेटे को उपचार के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जुहारी देवी की छात्रा डा. पूजा द्विवेदी ने एमएस ईएनटी परीक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**कानपुर।** शिक्षा जगत में कानपुर ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। जुहारी देवी गर्ल्स पीजी कॉलेज की स्नातकोत्तर छात्रा डॉ. पूजा द्विवेदी ने एमएस ईएनटी परीक्षा में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च अंक हासिल करके गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। हाल ही में सम्पन्न हुए दीक्षांत समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

डॉ. पूजा द्विवेदी की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम को दर्शाती हैं। उनके विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. कन्नौजिया के मार्गदर्शन और शैक्षणिक दिशा-निर्देश का यह बड़ा प्रमाण है। विभाग के शिक्षकों का कहना है कि डॉ. पूजा की सफलता ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और छात्रों की मेहनत को नई पहचान दी है। कॉलेज परिवार ने



इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान के लिए गौरव का विषय है।

इस अवसर पर मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ. संजय काला, उप प्राचार्या डॉ. ऋचा गिरी और एसआईसी डॉ. आरके सिंह ने डॉ. पूजा को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का मुख्य लक्ष्य छात्रों को ऐसा वातावरण देना है, जिससे वे अपनी प्रतिभा का पूरा उपयोग कर सकें और शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करें।

डॉ. पूजा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके व्यक्तिगत कैरियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है, बल्कि आने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का मार्ग भी प्रशस्त किया है। उनका कहना है कि सफलता का मूल मंत्र सतत प्रयास और सही मार्गदर्शन है।

संस्थान के शिक्षकों और सहपाठियों ने भी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर डॉ. पूजा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता निश्चित ही अन्य विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की प्रेरणा देगी।

## पैगंबर की 1500वीं ईद-ए-मीलाद पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



विश्ववार्ता संवाददाता

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव दसदान में कोठी पर अली अहमद एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से पैगंबर-ए-इस्लाम हज़रत मुहम्मद की 1500 वीं ईद-ए-मीलाद के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अब्दुल मजीद खान ने फीता काटकर किया। शिविर में लगभग एक सैकड़ा मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. बेनजीर (होम्योपैथी एवं त्वचा व बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. मुदस्सिर (जनरल फिजिशियन), डॉ. नौरीन (आयुर्वेद विशेषज्ञ) तथा डॉ. नूर आलम (जनरल फिजिशियन) शामिल रहे। जांच टीम ने मौके पर ही रक्त जांच के सैंपल लिए और प्राथमिक रिपोर्ट दी।

बुजुर्गों और महिलाओं ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे समाज के लिए उपयोगी कदम बताया। शिविर की सफलता में सईद अहमद खान का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने चिकित्सकों और सहयोगियों का आभार जताया। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी व शिविर आयोजक रईस खां, निशात आरिफ बबलू खां, सहित गांव और क्षेत्र के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दंगल में नितिन उर्फ दारा पासी बने दंगल केशरी



**बीघापुर उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के रावत पुर ग्राम पंचायत के गहरेन्दा गांव में विराट दंगल कमेटी द्वारा आयोजित दंगल में कई जनपदों से आए पहलवानों ने शिरकत की साथ ही छोटे पहलवानों से लेकर मंडल स्तर तक के पहलवानों ने दिखाया अपनी अपनी कला का प्रदर्शन। वही दंगल में सूर्या रायबरेली व सुनील बाबू खेड़ा की कुश्ती ने दर्शकों को रोमांचित किया जिसमें सुनील बाबू खेड़ा विजयी रहे। अंतिम निर्णायक मुकाबला नितिन उर्फ दारा पासी उन्नाव व रंजीत प्रयागराज के बीच हुआ। जिसमे रोमांचक मुकाबले के साथ नितिन उर्फ दारा पासी विजयी हुए। समाजसेवी पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की अनुपस्थिति में पुष्प फाउंडेशन की टीम के सदस्य राघवेंद्र सिंह, कमलेश यादव, आशू सिंह, रामजी यादव, लोटन पासवान ने पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही दंगल कमेटी के आयोजक कौशल्या नन्दन को पुष्पेंद्र प्रताप सिंह की ओर से आर्थिक सहयोग पुष्प फाउंडेशन की टीम के द्वारा दिया गया। दंगल में मुख्य रूप से सोहन अम्बेडकर, शैलेश कुमार, सनी कुमार, नितिन, गंगा प्रसाद, राम सुमेर, सोनू मिश्रा, दुर्गाचरण, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### पानी आने से धान की सिंचाई समय पर, किसानों में खुशी



**कानपुर।** दुबियाना रजबहा में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता से क्षेत्र के किसान खुश हैं। यह रजबहा बिल्हौर उत्तरीपूरा, बदन निवादा, खजुरिया, नेवादा, पडराह और रामबक्स पुरवा समेत कई गांवों से होकर गुजरता है। किसान शीलू, नन्हे, राजकुमार और प्रिंस कुमार दीक्षित ने बताया कि रजबहा में समय पर पानी मिल रहा है। इससे वे अपने खेतों में धान की फसल की नियमित सिंचाई कर पा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस बार धान की फसल की स्थिति बेहतर है। उन्हें इस बार अच्छी पैदावार होने की उम्मीद है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में भरा गंदा पानी

**कानपुर।** शिवराजपुर विकासखंड क्षेत्र के आटी गांव में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थिति चिंताजनक है। केंद्र और प्रदेश सरकार ने लाखों रुपए खर्च करके इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया था। सरकार का उद्देश्य था कि ग्रामीणों को उनके घर के पास ही प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल सके। ग्रामीण अंकित तिवारी, अजय ऋषि और अखिल चंदेल ने बताया कि आरोग्य मंदिर में मरीजों को समय पर प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। डॉक्टर भी नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं।

## किसान यूनियन भानु ने किसानों के साथ बैठक आयोजित किया



विश्ववार्ता संवाददाता

**बीघापुर उन्नाव।** तहसील बीघापुर थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम जगतपुर में भारतीय किसान यूनियन भानु मंडल महासचिव लखनऊ फसल चिकित्सक उद्यान पति बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू किसान भवन गणेशी खेड़ा जगतपुर गांव पहुंचकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन भानू मंडल महासचिव लखनऊ पूर्व प्रधान मनोज शुक्ला को भारतीय किसान यूनियन का जिला उन्नाव सलाहकार बनाया पूर्व प्रधान मनोज शुक्ला को अंग वस्त्र व फूल मालाओं से सम्मानित कर किसान यूनियन भानु मंडल महासचिव लखनऊ बृजेंद्र प्रताप सिंह राजू ने मनोनयन प्रमाण पत्र दिया। और मंडल अध्यक्ष ने जगतपुर गांव के एक दर्जन लोगों को मानो नयन प्रमाण पत्र दिए आयोजित बैठक में मुख्य रूप से अभिषेक पांडे, पवन शुक्ला, अंकित सिंह, फुन्नी त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, मोहम्मद अफ़जल, राम बहादुर, देशराज सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### श्रीराम दरबार में जल बिहार महोत्सव का भव्य आयोजन



**पुरवा उन्नाव।** क्षेत्र के भादिन में श्रीराम दरबार प्रांगण में जल विहार महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ जहां क्षेत्रीय गणमान्य शामिल हुए। रविवार को क्षेत्र के गांव भादिन में भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं श्रीकृष्ण जी का जल विहार महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। आयोजक रमेश चंद्र बाजपेई व रुद्र बाजपेई ने गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित भी किया। भक्तों ने श्रीराम दरबार के दर्शन कर प्रसाद चखा। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार रावत, प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी शिवम चौरसिया, भारतीय चौरसिया महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रत्नम चौरसिया एडवोकेट, पत्रकार एकता वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मीडिया प्रभारी अवधेश कुमार, विनोद रावत, स्वयंवर राजपूत, लक्ष्मण प्रसाद लोधी, राजकुमार लोधी, धुन्नर लोधी, दिनेश कनौजिया, शिवप्रसाद लोधी, अनुराग तिवारी, आशीष बाजपेई समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण शामिल हुए।

## सपा जिलाध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री वितरित किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**उन्नाव।** समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने विधानसभा क्षेत्र 162 बांगरमऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं से रूबरू होते हुए पीड़ित परिवारों को यथा संभव राहत सामग्री वितरित की और लोगों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया एवं साथ ही सपा नेता रईस अहमद ने भी स्थानीय लोगों को यथा संभव राहत सामग्री वितरित की।

बांगरमऊ विधानसभा के कटरी क्षेत्र में गंगा नदी के उफान से स्थानीय निवासियों का जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है। पानी का बहाव तेज होने से अनेक गांव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं। ग्रामीण अपने घरों के भीतर पानी भर जाने के कारण छतों पर शरण लेने को मजबूर हैं। पशुओं के चारे की भी भारी कमी हो गई है और पीने के पानी की समस्या भी गंभीर रूप से सामने आई है। श्री यादव ने जनपद के उच्चाधिकारियों से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने, बीमारी से बचाव हेतु दवाओं के छिड़काव, पेयजल की समुचित



व्यवस्था एवं किसानों की फसलों के हुए नुकसान की भरपाई हेतु उन्हें उचित मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हाजी सैय्यद इरफान, शिवशंकर गौतम, जिला सचिव राम बहादुर यादव, जिला सचिव लवकुश यादव, प्रिंस यादव, मनीष सैनी, अजय यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा, फारूख खान, शैलेन्द्र पाल, अनूप यादव, राजा बेटा ब्लॉक अध्यक्ष गंज मुरादाबाद, राम औतार यादव, मोनू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

विश्ववार्ता
लखनऊ, सोमवार, 8 सितंबर 2025



## एक नजर

### रायबरेली-सुलतानपुर मार्ग पर आपस में तीन वाहनों की हुई भिड़ंत, पेट्रोल पंप कर्मी घायल

**अमेठी।** जायस थाना क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को बड़ा हादसा हो गया। हकीम का पुरवा के पास एक तेज रफ्तार कार ने पहले बाइक को टक्कर मार दी और फिर सड़क किनारे खड़ी एंबुलेंस से जा भिड़ी। हादसे में बाइक सवार भीम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल भीम सिंह भारत पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के समय वे सब्जी खरीदने के लिए निकला था। एंबुलेंस चालक ने बताया कि वह नियमित रूप से उसी स्थान पर वाहन खड़ा करता है। अचानक कार के टकराने से एंबुलेंस और कार दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। घायल भीम सिंह को पहले नजदीकी प्राइवेट नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें जगदीशपुर स्थित सूर्य हॉस्पिटल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर कार चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।



### गौरीगंज विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा, दिया मदद का आश्वाशन



**अमेठी।** जनपद में हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। सबसे अधिक प्रभावित गांवों में बेनीपुर, गुलालपुर, इबादुल्ला खाखरदेई, सेवई महापुर छरियावा, घोषियान और परशुरामपुर शामिल हैं।गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के सपा के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह ने रविवार को इन गांवों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर जाकर खेतों और बस्तियों का हाल जाना तथा किसानों से बातचीत की। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि जलभराव और लगातार बारिश से धान सहित अन्य फसलें पूरी तरह चौपट हो गई हैं। उन्होंने फौरन मुआवजा दिए जाने की मांग रखी। विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों का तत्काल सर्वे कराया जाए और नुकसान का सही आकलन कर किसानों को शीघ्र उचित मुआवजा दिलाया जाए।

### वैदिक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह सम्पन्न



**रायबरेली।** भारत के द्वितीय राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर वैदिक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस समारोह बड़े ही गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले दो दर्जन से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि डायट रायबरेली के पूर्व प्राचार्य जे.पी. सिंह ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि गुरु का सम्मान हमारी संस्कृति की धरोहर है। शिक्षक अपने आचरण और कार्य से नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाते हैं।इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य शिव नारायण सोनी, भगवान कुमार अवस्थी, एस.एन. सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ. अजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. कमलकांत द्विवेदी, अजय कुमार अवस्थी, जगतधर पांडे, प्रेमशंकर मिश्र, वी.पी. तिवारी, धर्मेश नारायण दीक्षित, जितेंद्र कुमार मौर्य, श्रवण कुमार अवस्थी, गोविंद वल्लभ मिश्र और विन्देश्वरी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों को शाल, प्रशस्ति पत्र और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पूर्व लिपिक श्याम सुंदर सिंह राठौर, राम सुमेर चौधरी और वेदप्रकाश श्रीवास्तव को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि जे.पी. सिंह का आयोजन समिति एवं विभिन्न संगठनों के लोग उपिस्थत रहे।

### मंदिर परिसर में महिलाओं में मारपीट, बढ़ा विवाद

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में रविवार को दो पक्षों की महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। मंदिर के बाहर दुकान लगाने और ग्राहकों को बुलाने को लेकर हुए विवाद में दोनों ओर से धक्का-मुक्की और हाथापाई की स्थिति बन गई।सूचना पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। इधर, ग्रामीणों में मंदिर परिसर में बढ़ते विवादों को लेकर नाराज़गी जताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### महानिदेशक प्रान्तीय रक्षक दल विभाग का दो दिवसीय भ्रण 8 व 9 सितम्बर को

**अमेठी।** महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, उप्र चैत्रा वी, आईएएस का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम होना प्रस्तावित हुआ है। उक्त के क्रम में 08 सितम्बर को महानिदेशक पूर्वान्ह 11 बजे सर्किट हाउस अमेठी पहुँचेंगी तथा जनपद अमेठी में समर्थ उप्र-विकसित उप्र @2047-अभियान के दृष्टिगत नामित प्रबुद्ध जनों के साथ विचार-विमर्श तथा सम्बन्धित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगी व अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे दिन 09 सितम्बर को जनपद अमेठी में समर्थ उप्र-विकसित उप्र @2047-अभियान के सम्बन्ध में विचार-विमर्श तथा समीक्षा एवं विभागीय कार्यालय का निरीक्षण, समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त अपरान्ह 4 बजे जनपद अमेठी से जनपद लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगी।

# जिले में दोनों पालियों में सकुशल सम्पन्न हुईं पीईटी-2025 की परीक्षा

## दो दिनों की चार पालियों में 39,552 पंजीकृत के सापेक्ष 32,050 उपस्थित, 7,502 अनुपस्थित

**रुद्र नारायण शुक्ल**

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2025 हेतु जनपद में बनाए गए 23 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। सकुशल परीक्षा संपन्न होने से जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि प्रथम पाली में 9,888 पंजीकृत में से 7,989 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 1,899 अनुपस्थित रहे, वहीं द्वितीय पाली में 9,888 पंजीकृत में से 8,101 उपस्थित और 1,787 अनुपस्थित पाए गए, इस प्रकार आज की दोनों पालियों में 19,776 पंजीकृत के सापेक्ष 16,090 उपस्थित और 3,686 अनुपस्थित रहे, दो दिनों की चारों पालियों में कुल 39,552 पंजीकृत में से 32,050 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए जबकि 7,502 अनुपस्थित रहे, अपर जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, जहां से सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरे द्वारा सतत निगरानी की जा रही थी। कंट्रोल रूम में शिफ्टवार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी और उनके पर्यवेक्षण के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी तैनात रहे, उन्होंने बताया कि दूसरे दिन भी समस्त संबंधित अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे और अभ्यर्थियों को ट्रैफिक, बस या ई-रिक्शा जैसी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे।



अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, सीओ सिटी अमित सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दोनों दिन की चारों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न हुई।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से ओलंपियन,पदमश्री-अर्जुन अवॉर्डी सुधा सिंह ने की शिष्टाचार भेंट

### खेल अवसंरचना और खिलाड़ियों के भविष्य पर हुआ सार्थक विचार विमर्श



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सुधा सिंह के बीच आत्मीय संवाद

**बीपी सिंह**

**रायबरेली।** भारत को एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स में स्वर्णिम पहचान दिलाने वाली, दो बार की ओलंपियन, पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड से अलंकृत धाविका सुधा सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके पति अमित सिंह भी मौजूद रहे।

संक्षिप्त मुलाक़ात औपचारिकता तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें भारत की खेल नीति, युवा प्रतिभाओं के सामने चुनौतियाँ और खेल अवसंरचना को आधुनिक स्वरूप देने पर गहन चर्चा हुई।

सुधा सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर केंद्रीय रक्षा मंत्री को बधाई दी और देशभर में तकनीकी व समावेशी खेल सुविधाओं की आवश्यकता पर बल दिया।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सुधा सिंह के समर्पण और उपलब्धियों को "देश की अमूल्य खेल पूंजी" बताते हुए कहा कि भारत को आप पर गर्व है। आपने न सिर्फ़ खेल जगत, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी आदर्श मार्ग प्रशस्त किया है।

**सुधा बनी खेल और नेतृत्व की मिसाल, महिला नेतृत्व की चमक**

लालगंज स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री में बतौर खेल अधिकारी कार्यरत सुधा सिंह उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षित कर रही हैं।

एशियन गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीतकर उन्होंने भारत का परचम लहराया। हाल ही में लखनऊ में आयोजित एक विशेष समारोह में भी रक्षा मंत्री ने उन्हें सम्मानित किया था। सुधा सिंह जैसी एथलीट यह साबित करती हैं कि खेल अब सिर्फ़ मैदान तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और नीतिगत विमर्श का भी सशक्त माध्यम बन चुका है।

## ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, पति व दो बच्चे घायल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** मोहनगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति और दो बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

जानकारी के मुताबिक तिलोई विकासखंड के रहने वाले हेमंत लाल शनिवार देर शाम को अपनी पत्नी फूलमती (30) और दो बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी से घर लौट रहे थे। परिवार जब शंकरगंज से लौटकर पूरे बाबू जनापुर गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। भारी टक्कर लगने से बाइक सड़क पर पलट गई और फूलमती गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मानें तो टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक चला रहे हेमंत लाल और उनके दोनों बच्चों को भी चोटें आईं, हालांकि उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।



घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हेमंत लाल और बच्चों को प्राथमिक उपचार दिलवाया और मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और मृतका के परिजनों को हर संभव मदद दिलाई जाएगी। घटना के बाद से मृतका के घर पर कोहराम मचा हुआ है। परिवार के सदस्य गमगीन हैं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।ग्रामीणों ने सड़क पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे भारी वाहनों पर नियंत्रण न होने पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, ऐसे में प्रशासन को सड़क सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## सेमरा में प्रधानपति चंदन सिंह का जन्मोत्सव जनसैलाब में बदला, हुआ अभिनंदन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**राही, रायबरेली।** राही विकास खंड की ग्राम सभा सेमरा में शनिवार को ग्राम प्रधान श्रीमती निशा सिंह के पति जनप्रिय युवा नेता चंदन सिंह (प्रधान प्रतिनिधि) का जन्मदिन ग्रामीणों के उमड़े जनसैलाब और उत्साह के साथ एक ऐतिहासिक समारोह में बदल गया।



सेमरा ग्राम स्थित उनके आवास पर सुबह से ही शुभकामनाएं देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी, जो देर शाम तक थमी नहीं। जन्मदिन का यह अवसर केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं रहा, बल्कि यह आयोजन जनसरोकार, जनविश्वास और जननेतृत्व की मजबूत मिसाल बनकर सामने आया। कार्यक्रम में न केवल ग्राम सभा सेमरा के लोग शामिल हुए, बल्कि आसपास की कई ग्राम सभाओं, कस्बों और राही ब्लॉक के अन्य गांवों से भी भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीणजन सम्मिलित हुए, जिससे यह आयोजन पूरे क्षेत्र की चर्चा का विषय बन गया। जैसे ही चंदन सिंह ने समर्थकों के बीच केक काटा, माहौल तालियों और जयघोषों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से हुआ स्वागत बताता है कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि जनता के दिलों में बसे हुए एक सेवाभावी जननेता हैं। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना था कि चंदन सिंह ने सेमरा गांव को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया है, जिसमें सड़क निर्माण, नाली-निकासी, पेयजल आपूर्ति, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, सार्वजनिक स्थानों का सुंदरीकरण और खेल सुविधाओं जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उनका कार्यकाल गांव के लिए स्वर्णिम अध्याय बन गया है। चंदन सिंह की छवि न केवल विकासकर्ता के रूप में बनी है, बल्कि वे जनसेवा की उस परंपरा को भी आगे बढ़ा रहे हैं, जिसकी प्रेरणा वे सदर क्षेत्र की लोकप्रिय भाजपा विधायक अदिति सिंह से प्राप्त करते हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विधायक अदिति सिंह उनके जीवन में सेवा, सादगी और नेतृत्व के प्रेरणा स्रोत हैं।

**» राजनीति नहीं, सेवा मेरा उद्देश्य जनता ने बनाया विश्वास का हक़दार : चंदन सिंह**

यह आयोजन चंदन सिंह के राजनीतिक जीवन में न केवल एक नई ऊर्जा का संचार कर गया, बल्कि यह जनता का स्पष्ट संकेत भी है कि अब वे अपने नेता को बड़ी भूमिका में देखने के लिए तैयार हैं। सेमरा में हुआ यह समारोह अब केवल एक जन्मदिन नहीं रहा, यह जनविश्वास, विकास और नेतृत्व की वह तस्वीर बन गया है, जो आने वाले समय में पंचायत चुनावी राजनीति की दिशा तय कर सकता है। चंदन सिंह ने विकास के जरिए राजनीति को जिया है, और अब जनता ने उन्हें अपना कहकर यह जता दिया है कि नेतृत्व वह नहीं जो कहे, बल्कि वह जो करके दिखाए। चंदन सिंह आज उसी बदलाव की पहचान हैं। इस आयोजन में शामिल प्रमुख जनप्रतिनिधियों में मुख्य रूप से भखरवारा के ग्राम प्रधान शैलेंद्र सिंह उर्फ गट्टू सिंह, परमानपुर ग्राम प्रधान राजू सिंह, सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, अतुल सिंह, बबलू सिंह, अखंड सिंह, मुन्ना सिंह, भोले सिंह, धीरेन्द्र सिंह, आदित्य सिंह, गुरुजी रमेश सिंह, सत्यम सिंह, दीपचंद, दिनेश, डॉ. हरकेश यादव, शिवचरन मौर्य, पंचम सिंह, दिलीप सिंह, अरविंद यादव, डिंपल तिवारी, चंद्रसेन तिवारी उपस्थित रहे। सभी लोगों ने चंदन का अभिनंदन करते हुए जन्मदिन की बधाई दी।

## प्रसव के दौरान जच्चा बच्चा की हालत बिगड़ने से हुई मौत

**अमेठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सातन पुरवा में प्रसव के लिए भर्ती हुई जच्चा बच्चा की अचानक हालत बिगड़ गई। जिनकी हालत गंभीर देख स्टॉप नर्श ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस दौरान रास्ते में दोनों की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया अस्पताल स्टॉप की लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। हालांकि परिजनों ने कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी अल्लादाद, मजरे सतनपुरवा निवासी अमीना खातून पत्नी गयासुद्दीन का प्रसव रविवार सुबह करीब 11 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सतनपुरवा में स्टाफ नर्स रेनू द्वारा कराया गया। प्रसव के बाद मां और नवजात की हालत अचानक बिगड़ने लगी। गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई। उधर अस्पताल कर्मियों का कहना है कि प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती हुई पीड़िता का सामान्य रूप से प्रसव हुआ था।

## साइकिल लादकर भाग रहे ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर

### चाचा भतीजा घायल, बाइक से पीछा कर रहे चाचा-भतीजा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को एक अजीबोगरीब मामला सामने आया। गौरीगंज तिराहे के पास दुकान के सामने खड़ी साइकिल को एक चोर ट्रैक्टर पर लादकर फरार हो रहा था। इस पर मौके पर मौजूद फ्रेंचाइजी संचालक ने अपने भतीजे संग बाइक से उसका पीछा करना शुरू किया।





स्थानीय लोगों के अनुसार जैसे ही चाचा-भतीजा ट्रैक्टर का पीछा करते हुए करीब पहुंचे, तभी ट्रैक्टर चालक ने रोकने के बजाय उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अचानक हुई इस टक्कर से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भिजवाया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। बताया जा रहा है कि जिस ट्रैक्टर पर चोरी की साइकिल लादी गई थी, उसी का चालक वारदात में शामिल था। पुलिस ने ट्रैक्टर की तलाश शुरू कर दी है और घायल चाचा-भतीजा से मामले की जानकारी जुटा रही है।

इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े चोरी और उस पर से पीछा कर रहे लोगों को टक्कर मारना कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस से ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मेरे बप्पा को मत ले जाओ... विसर्जन की बेला पर रो पड़ी नन्ही परी

**» गणपति बप्पा की शोभायात्रा में गूंजे भक्ति-गीत, अबीर-गुलाल से पवित्र हुआ वातावरण**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जगतपुर, रायबरेली।** अनंत चतुर्दशी पर जगतपुर कस्बा गणेश भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर हो उठा जब कस्बा चौराहा से रायबरेली रोड तक सजे-धजे पंडालों और भव्य दरबारों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, गणेश महोत्सव के अंतर्गत आयोजित झांकियों में भगवान गणेश और भक्त संवाद, कृष्ण-सुदामा की मित्रता, राधा-कृष्ण की लीलाएं, शिव-पार्वती विवाह, बरसाने की होली और शिव का तांडव जीवंत होकर उपस्थित हुए, जिनका दर्शन कर जनमानस भाव-विभोर हो उठा, जैसे ही बप्पा का काफिला विसर्जन के लिए आगे बढ़ा, तभी एक मासूम बच्ची परी फूट-फूटकर रो पड़ी और अपनी मासूम पुकार में कहने लगी—"मेरे बप्पा को मत ले जाओ", इस मार्मिक क्षण ने वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों की आंखों को भी नम कर दिया।



डीजे की गूंजती भक्ति धुनों और उड़े अबीर-गुलाल के बीच श्रद्धालुओं की आंखों से बहते आंसू एक अद्भुत आध्यात्मिक दृश्य रच रहे थे, दस दिनों तक नवयुवा कमेटी द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी, नृत्य और बाल कार्यक्रमों ने बच्चों और युवाओं को भक्ति व ज्ञान की ओर प्रेरित किया, अनंत चतुर्दशी के दिन हवन, पूजन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, शोभायात्रा की विशेष झलक यह रही कि महिलाएं और युवतियां पीले वस्त्रों में तथा पुरुष और बच्चे पीले कुर्ते और सफेद पायजामे में धार्मिक परंपरा का अनुपम रूप प्रस्तुत कर रहे थे, बप्पा की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों, बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहा, ऊंचाहार मार्ग और पावर हाउस से गुजरते हुए शारदा नहर की ओर अग्रसर हुई, जहां जगह-जगह लड्डू, बूंदी और फलों के प्रसाद से स्वागत हुआ, श्रद्धालुओं ने अपने-अपने हृदय की मनोकामनाएं पूरी होने का आशीर्वाद बप्पा से मांगा और गुलाल से पटी सड़कें भक्ति की आभा से आलोकित हो उठीं, तपती धूप में भी आस्था का उत्साह थमा नहीं, भक्तगण झूमते-गाते आगे बढ़ते रहे।

सुरक्षा की कमान थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार त्यागी के निर्देशन में पुलिस और होमगार्डों ने संभाली, इस पूरे उत्सव की सबसे अनोखी झलक रही हिंदू-मुस्लिम एकता जब यासीन ने पंडाल में आकर प्रसाद वितरित किया और अर्श ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धार्मिक उल्लास और सामाजिक समरसता का यह संगम लोगों के लिए अविस्मरणीय बन गया। स्थानीय जनों ने कहा कि यह आयोजन समाज में भक्ति, भाईचारा और समरसता की ज्योति प्रज्वलित करता रहेगा।

## पीएम ने 6 साल पूर्व किया था आरओबी का लोकार्पण, 6 माह में आयी थीं दरारें

### सांसद केएल शर्मा ने किया निरीक्षण, बोले उम्मीद है अब नहीं टूटेगा पुल ! कांग्रेस ने भाजपा पर कसा तंज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज,रायबरेली।** छह साल की लंबी प्रतीक्षा और अव्यवस्था झेलने के बाद आखिरकार लालगंज रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) से वाहनों का आवागमन शुरू हो गया। यह वही ओवरब्रिज है, जिसका लोकार्पण पीएम नरेंद्र मोदी ने 16 दिसंबर 2018 को बड़े धूमधाम से किया था।



विडंबना देखिए- सिर्फ छह माह में ही पुल दरारों और खामियों से भर गया और 6 वर्षों तक बंद पड़ा रहा। इस दौरान लालगंज कस्बे के लोग धूल-धक्कड़, जाम और भारी वाहनों के शोर से कराहते रहे। बाईपास बंद होने से ट्रक और बसें सीधे कस्बे से गुजरीं, जिससे नागरिकों का जीना दूभर हो गया। व्यापारियों को लगातार आर्थिक नुकसान हुआ और आम जनता परेशानियों में पिसती रही। रविवार को अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा ने ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि 16 दिसंबर 2018 में जिस पुल का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था, वह महज छह महीने में टूट गया। यह जनता की गाढ़ी कमाई से खिलवाड़ था। उम्मीद है अब यह पुल फिर से नहीं टूटेगा। सांसद ने यह भी बताया कि व्यापारियों और स्थानीय जनता की लगातार मांग पर यह मुद्दा कई बार उठाया गया। दिशा समिति की बैठक में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसे जोरदार ढंग से सामने रखा। बावजूद इसके, केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण सालों तक काम ठप पड़ा रहा।

जानकार बताते हैं कि मंत्रालय से अनुमति मिलने के बाद भी पुल की मरम्मत कार्य "गैदरिंग और फेब्रिकेशन" तक ही सीमित रहा। एनएचएआई की लचर व्यवस्था और ठेकेदारों की ढिलाई ने इस परियोजना को मजाक बना दिया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के लगातार दबाव और अथक प्रयास के बाद ही काम में तेजी आई। परिणामस्वरूप 3 सितंबर की आधी रात से आरओबी पर यातायात बहाल हो सका। आरओबी पुनः शुरू होने से लालगंज के हजारों नागरिकों ने राहत की सांस ली है। ओवरब्रिज चालू होने से अब भारी वाहन कस्बे के बाहर से गुजरेंगे और लोगों को धूल-धक्कड़ और यातायात अव्यवस्था से निजात मिलेगी।

**संकल्प** राजनीति नहीं, लोककल्याण और राष्ट्रहित ही मातृभूमि सेवा मिशन का संकल्प

## राष्ट्रधर्म ही सभी धर्मों से सर्वोपरि, युवाओं को उठानी होगी जिम्मेदारी : डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र

**» भारत की सबसे बड़ी पूंजी युवा शक्ति, युवा पीढ़ी को अपनी ऊर्जा राष्ट्रहित में समर्पित करने की जरूरत**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** राष्ट्रीय हित में कार्य कर रही अध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र (हरियाणा) स्थित मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक और करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्रोत डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म यही है कि भारत की युवा पीढ़ी संस्कृति की मुख्य धारा से जुड़े और राष्ट्रीय कर्तव्यों को अपना जीवन-संकल्प बनाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मातृभूमि सेवा मिशन का ध्येय किसी भी प्रकार की राजनीति से प्रेरित नहीं, बल्कि केवल राष्ट्रहित और लोककल्याण पर आधारित है। डॉ. मिश्र ने सेवा सद्भावना संदेश यात्रा लेकर देश भ्रमण पर निकले हैं।

विश्ववार्ता से एक विशेष भेंट में कह कि युवा ही राष्ट्र के कर्णधार हैं। उन्हें केवल नौकरी या राजनीति तक सीमित नहीं रहना चाहिए। सेवा, त्याग और राष्ट्रधर्म की भावना से ओतप्रोत होकर ही वे अपने व्यक्तित्व की पूर्णता और राष्ट्र की उन्नति सुनिश्चित कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों से जुड़े बिना युवा पीढ़ी अधूरी है। उन्होंने



एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्यबोध की एक नई लहर उठी है, जो युवाओं को प्रेरित कर रही है। लेकिन इस जागृति को स्थायी और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी भी युवा पीढ़ी के कंधों पर ही है। डॉ. मिश्र ने स्पष्ट कहा कि " राष्ट्रधर्म सभी धर्मों से सर्वोपरि है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां अनेक मत और पंथों के लोग रहते हैं, और यह विविधता ही सनातन धर्म की 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को और अधिक सशक्त बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मातृभूमि सेवा मिशन की साधना, यात्राएं और जन-जागरण कार्यक्रम केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राष्ट्रहित की नई चेतना जगाने का साधन हैं। यह संस्था युवाओं को केवल आध्यात्मिक मार्ग पर नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रधर्म के निर्वहन की ओर भी प्रेरित कर रही है।

डॉ. मिश्र ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि भारत का भविष्य केवल आर्थिक विकास या राजनीतिक शक्ति पर नहीं टिका है, बल्कि उस चेतना पर आधारित है जो युवा पीढ़ी अपने भीतर जगाती है। जब युवा त्याग, सेवा और लोककल्याण की राह चुनेंगे, तब भारत न केवल विश्व में आदर्श बनेगा बल्कि समस्त मानवता के लिए मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा।

## एक नजर

### वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप-भारत को मेंस कंपाउंड इवेंट में पहला गोल्ड

**मुंबई।** भारत ने साउथ कोरिया के ग्वांगजू शहर में चल रही वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। ऋषभ यादव, अमन सैनी और प्रथमेश फुगे की भारतीय टीम ने रविवार को पुरुषों की कंपाउंड कैटेगरी के फाइनल में फ्रांस की टीम को 235-233 से हराया। यह पहला मौका है, भारत ने इस टूर्नामेंट में पुरुष कंपाउंड टीम इवेंट का गोल्ड जीता है। यह टूर्नामेंट के इस सीजन में भारत का पहला गोल्ड भी है। मैच के शुरुआती तीन सेटों में दोनों टीमें 176-176 की बराबरी पर थीं, लेकिन चौथे सेट में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 59 अंक हासिल किए, जिसने फ्रांस पर दबाव बनाया। फ्रांस इस सेट में केवल 57 अंक ही बना सका और इस तरह भारत ने दो अंकों के अंतर से गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

### एशिया कप में बिना स्पॉन्सर के उतरेगी टीम इंडिया

एशियन क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने शनिवार को टीम इंडिया का वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि नई जर्सी में कोई भी स्पॉन्सर का नाम नहीं है ।जर्सी की बाएं ओर BCCI का लोगो है, जबकि दाहिने तरफ DP वर्ल्ड एशिया कप 2025 लिखा हुआ है। DP वर्ल्ड एशिया कप 2025 का स्पॉन्सर है। इसके अलावा जर्सी पर केवल इंडिया का नाम लिखा हुआ है। 22 अगस्त को सरकार के ऑनलाइन गेमिंग एक्ट-2025 लागू करने के बाद ड्रीम-11 ने BCCI के साथ करार खत्म किया था। इसके बाद BCCI ने 2 सितंबर को जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए टेंडर जारी किया था। टेंडर खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है।

### एशिया कप 2025, नेट प्रैक्टिस में जितेश ने विकेटकीपिंग की

एशिया कप 2025 की शुरुआत 9 सितंबर से UAE में होने वाली है। उससे पहले भारतीय टीम ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच, विकेटकीपर-बल्लेबाज के रोल के लिए संजू सैमसन और जितेश शर्मा के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई के ICC अकादमी में भारतीय टीम के दूसरे ट्रेनिंग सेशन में जितेश शर्मा को विकेटकीपिंग ड्रिल में ज्यादा समय बिताते देखा गया, जबकि संजू सैमसन ने कुछ समय थ्रो-डाउन प्रैक्टिस की और ज्यादातर समय आइसबॉक्स पर बैठे दिखे। ट्रेनिंग सेशन में जितेश को कोच गौतम गंभीर से ज्यादा बातचीत करते देखा गया। माना जा रहा है कि टीम मैनेजमेंट जितेश को पहले कुछ मैचों में विकेटकीपर के रूप में प्राथमिकता दे सकता है।

### दलीप ट्रॉफी के दोनों सेमीफाइनल ड्रॉ:

दलीप ट्रॉफी 2025 के दोनों सेमीफाइनल मैच ड्रॉ हो गए हैं। रविवार को साउथ जोन और सेंट्रल जोन ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच 11 से 15 सितंबर तक बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में खेला जाएगा। साउथ जोन ने नॉर्थ जोन के खिलाफ पहली पारी में 175 रन की बढ़त बनाई थी, जबकि सेंट्रल जोन ने वेस्ट जोन के खिलाफ पहली पारी में 600 रन बनाते हुए 162 रन की लीड हासिल की थी। चारों टीमों के कप्तानों की आपसी सहमति से मैच ड्रॉ कर दिए गए। साउथ जोन की ओर से पहली पारी में 197 और दूसरी पारी में नाबाद 52 रन बनाने वाले नारायण जगदीसन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जबकि, दूसरी मुकाबले में यह पुरस्कार सारांश जैन को मिला। उन्होंने पहली पारी में 3 विकेट झटके।

# हॉकी एशिया कप फाइनल में भारत और कोरिया के बीच खेला जाएगा

## दोनों टीमें चौथी बार खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगी

## कोरिया ने सबसे ज्यादा 5 बार ट्रॉफी जीती





**मुंबई।** हॉकी एशिया कप 2025 का फाइनल भारत और कोरिया के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें चौथी बार टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगी। मैच बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 7:30 बजे से शुरू होगा।

भारत ने अपने आखिरी सुपर-4 मैच में चीन को 7-0 से हराया और फाइनल में जगह बनाई। जिसमें सात गोल 6 अलग-अलग खिलाड़ियों ने किए। वही लगभग बाहर हो चुके कोरिया ने आखिरी सुपर-4 मैच में मलेशिया को 4-3 से हराकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत 9वीं बार एशिया कप फाइनल में

भारत ने 9वीं बार हॉकी एशिया कप के फाइनल में जगह बनाई। रविवार को खिताबी मुकाबले में टीम का सामना 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया से होगा। शनिवार को टीम इंडिया ने सुपर-4 स्टेज के आखिरी मैच में चीन को 7-0 से हराया। भारत से अभिषेक ने 2 गोल दागे। वहीं दिलप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह और राजकुमार पाल ने भी 1-1 गोल किया। टीम ने हाफ टाइम तक ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। फिर आखिरी हाफ में 4 और गोल दागकर 7-0 की जीत दर्ज कर ली।

**साउथ कोरिया 7वीं बार फाइनल में-** सुपर-4 स्टेज में शनिवार को साउथ कोरिया ने मलेशिया को 4-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने 7वीं बार फाइनल में जगह बनाई। मलेशिया और चीन की टीमें सुपर-4 स्टेज में 2-2 मैच हारकर बाहर हो गईं। भारत टूर्नामेंट में अजेय है, वहीं साउथ कोरिया पूल और सुपर-4 स्टेज में 2 मैच हार चुकी है।

**सुपर-4 मैच में भारत और कोरिया ने ड्रॉ खेला**

भारत और साउथ कोरिया के बीच सुपर-4 स्टेज का मैच 2-2 से ड्रॉ रहा था। साउथ कोरिया पिछली 2 बार की चैंपियन भी है, टीम ने 2022 में मलेशिया और 2017 में भारत को फाइनल हराकर खिताब जीता था।

**भारत के पास चौथी बार एशिया कप जीतने का मौका**

भारत ने अब तक 2003, 2007 और 2017 में 3 बार एशिया कप का टाइटल अपने नाम किया है। टीम 1982, 1985, 1989, 1994 और 2013 में 5 बार उपविजेता भी रही है। इसके अलावा भारत 1999 और 2022 में 2 बार तीसरे स्थान पर रहा है ।

## वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका ने लगातार दूसरा US ओपन जीता

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और डिफेंडिंग चैंपियन बेलारूस की आर्यना सबालेंका (27) ने लगातार दूसरा US ओपन खिताब जीत लिया है। शनिवार रात को आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में उन्होंने अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 7-6 (7/3) से हराया।

यह उनका चौथा ग्रैंड स्लैम है। सबालेंका का इस साल का यह तीसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल था। इससे पहले वह दो मौको पर अमेरिका की खिलाड़ियों से हार गई थी। उनको जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से हार मिली थी। रविवार को कार्लोस अल्काराज और जैनिक सिनर के बीच मेंस कैटेगरी का फाइनल मैच खेला जाएगा। पिछले साल यूएस ओपन में सबालेंका ने अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को हराकर अपना पहला यूएस ओपन का खिताब जीता था। यही नहीं, वह 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद अमेरिकी ओपन में लगातार ट्रॉफी जीतने वाली पहली महिला भी बनीं। सबालेंका जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में अनिसिमोवा से हार गई थी। फाइनल से पहले तक इन दोनों खिलाड़ियों के बीच नौ मैच खेले गए थे। उनमें अनिसिमोवा ने 6 में जीत हासिल की है। ऑल इंग्लैंड क्लब में सबालेंका को हराने के बाद अनिसिमोवा अपना पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल इगा स्वियातेक से 6-0, 6-0 से हार गई थी।



# अडाणी ग्रुप 2032 तक 5 .34 लाख करोड़ निवेश करेगा

### पावर में 1.94 लाख करोड़ इन्वेस्टमेंट होगा, रिन्यूएबल एनर्जी और ट्रांसमिशन पर भी फोकस

**मुंबई।** गौतम अडाणी का अडाणी ग्रुप अगले सात सालों (वित्त वर्ष 2032 तक) में इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन, रिन्यूएबल एनर्जी और ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन में करीब 60 बिलियन डॉलर (लगभग 5.34 लाख करोड़ रुपए) निवेश करने का प्लान बना रहा है। इस निवेश का मकसद भारत की तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिसिटी डिमांड को पूरा करना और देश को एनर्जी सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना है।

**रिन्यूएबल एनर्जी में 1.85 लाख करोड़ का निवेश होगा**

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (AGEL) रिन्यूएबल एनर्जी पर फोकस कर रही है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2030 तक अपनी रिन्यूएबल एनर्जी कैपेसिटी को मौजूदा 14.2 गीगावाट (GW) से बढ़ाकर 50 गीगावाट करने का टारगेट रखा है।



इसके लिए 21 बिलियन डॉलर (लगभग 1.85 लाख करोड़ रुपए) का निवेश किया जाएगा। AGEL सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट्स बनाती, चलाती और मेंटेन करती है, जो बड़े पैमाने पर ग्रिड से जुड़े हुए हैं।ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन में 1.50 लाख करोड़ का निवेश

वहीं अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (AESL), बिजली के ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में 17 बिलियन डॉलर (लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। कंपनी का टारगेट है कि वित्त वर्ष 2030 तक मौजूदा 19,200 किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइन्स को बढ़ाकर 30,000 किलोमीटर किया जाए। AESL न केवल बिजली ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में काम करती है, बल्कि स्मार्ट मीटरिंग और कूलिंग सॉल्यूशंस जैसे सेक्टरों में भी अपनी मौजूदगी रखती है।

**थर्मल पावर में 1.94 लाख करोड़ निवेश करेगी कंपनी**

भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट थर्मल पावर कंपनी अडाणी पावर, वित्त वर्ष 2032 तक अपनी कैपेसिटी को 17.6 गीगावाट से बढ़ाकर 41.9 गीगावाट करने के लिए 22 बिलियन डॉलर (लगभग 1.94 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगी।

# IT-कंपनियों को अमेरिका से काम मिलना बंद हो सकता है

**वशिंगटन।** 50% टैरिफ के बाद अब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी आईटी कंपनियों को भारत जैसे देशों में काम आउटसोर्स करने से रोकने पर विचार कर रहे हैं। अमेरिकी एक्टिविस्ट और ट्रंप की करीबी समर्थक लॉरा लूमर ने यह दावा किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में लूमर ने लिखा कि 'इसका मतलब है कि अब आपको अंग्रेजी के लिए 2 दबाने की जरूरत नहीं है। कॉल सेंटरों को फिर से अमेरिकी बनाएं।'

लूमर का इशारा भारत के कॉल सेंटर्स की ओर था, जहां से अमेरिकी कंपनियों के लिए सस्ते में कस्टमर सपोर्ट दिया जाता है। उन्होंने इसे मेक कॉल सेंटर्स अमेरिकन अगेन का नारा दिया, यानी कॉल सेंटर्स को फिर से अमेरिका में लाने की बात कही।

**भारत IT इंडस्ट्री पर असर पड़ सकता है-** ट्रंप प्रशासन और टैरिफ का डरः हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकारों ने विदेशी आउटसोर्सिंग और रिमोट वर्कर्स पर टैरिफ लगाने की बात कही है। इससे भारत के 283 बिलियन डॉलर के आईटी इंडस्ट्री पर असर पड़ सकता है, क्योंकि यह उद्योग अमेरिका पर बहुत अधिक निर्भर है। इससे भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए नौकरियां कम हो सकती हैं।




ट्रम्प ने हाल ही में कहा था भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए तैयार

# CEO से रोमांस करती दिखीं HR पति से तलाक लेंगी

### न्यू हैम्पशायर की अदालत में याचिका दायर, कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट में वायरल हुआ था वीडियो

**मुंबई।** टेक कंपनी एस्ट्रोनॉमर की HR हेड क्रिस्टिन कैबोट ने अपने पति एंड्रयू कैबोट से तलाक के लिए याचिका दायर की है। उन्होंने ये याचिका न्यू हैम्पशायर की एक अदालत में दायर की है।

दरअसल 18 जुलाई को क्रिस्टिन कैबोट और कंपनी के CEO एंडी बायरन का कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट के दौरान रोमांस करते एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इस घटना के बाद कंपनी ने CEO बायरन को 19 जुलाई छुट्टी पर भेज दिया था और दोनों के बीच अफेयर की जांच भी शुरू की थी। इसके बाद अगस्त में इन दोनों ने ही कंपनी से इस्तीफा दे दिया था। कोल्ड प्ले कॉन्सर्ट में क्या हुआ था?

18 जुलाई को मशहूर रॉक बैंड कोल्ड प्ले के बोस्टन में 'म्यूजिक ऑफ द स्फियर्स वर्ल्ड टूर' आयोजित हुआ था। इस दौरान बैंड के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन ने अपनी परफॉर्मेंस के बीच दर्शकों के



बीच लोकप्रिय किस कैम सेगमेंट शुरू किया, जिसमें कैमरा भीड़ में मौजूद जोड़ों पर फोकस करता है।

जैसे ही कैमरा एंडी बायरन और क्रिस्टिन कैबोट पर रुका, दोनों को एक-दूसरे की बाहों में लिपटे हुए देखा गया। स्क्रीन पर उनकी तस्वीर आने के बाद दोनों असहज हो गए और चेहरा छिपाने की कोशिश करने लगे। क्रिस मार्टिन ने माहौल हल्का करने के लिए मजाक में कहा, 'अरे, इन दोनों को देखो! या तो इनका अफेयर है या ये बहुत शर्मीले हैं।'

एंडी बायरन और क्रिस्टिन कैबोट कौन हैं?

एंडी बायरन जुलाई 2023 से सिनसिनाटी अमेरिका स्थित टेक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के CEO थे। यह कंपनी डेटा ऑर्केस्ट्रेशन टूल्स में एक्सपर्ट है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.3 बिलियन डॉलर ( 11,204 करोड़) से ज्यादा है।

बायरन ने पहले लेसवर्क (2019-2022) में प्रेसिडेंट और साइबररीजन (2017-2019) में चीफ रेवेन्यू ऑफिसर के तौर पर काम किया है। उनकी शादी मेगन केरिगन बायरन से हुई है और वे न्यूयॉर्क में अपने दो बच्चों के साथ रहते हैं। क्रिस्टिन कैबोट नवंबर 2024 में एस्ट्रोनॉमर में चीफ पीपल ऑफिसर के रूप में शामिल हुई थीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि 'असली जादू तब होता है जब लोग और बिजनेस स्ट्रैटेजी एक साथ हों।'

## एमएस धोनी क्रिकेटर से एक्टर बने द चेज में दिखेंगे

### टीजर में आर . माधवन के साथ फायरिंग करते दिखे कैप्टन कूल



टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब एक्टिंग की दुनिया में अपनी नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। जल्द ही वह एक्टर आर . माधवन के साथ 'द चेज' में दिखेंगे। रविवार को आर . माधवन ने इसका टीजर शेयर किया। इसमें धोनी और माधवन ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस पहने हैं और हाथों में गन लेकर ताबड़तोड़ फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म है या वेबसीरीज, यह टीजर में क्लियर नहीं किया गया है। इसे वासन बाला ने डायरेक्ट किया है। वासन आलिया भट्ट की मूवी जिगरा के भी डायरेक्टर थे।

वन मिशन। टू फाइटर्स। तैयार हो जाइए, धमाकेदार चेज शुरू होने वाली है। 'द चेज' टीजर अब आउट है। डायरेक्टेड बाय वासन बाला। कमिंग सून।₹ हाल ही में माधवन फिल्म 'आप जैसा कोई' में नजर आए थे। वहीं, वह जल्द फिल्म 'धुरंधर' में दिखेंगे, जो 5 दिसंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना और संजय दत्त भी नजर आएंगे। इसे 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' के डायरेक्टर आदित्य धर ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को आदित्य धर, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।

धोनी के जीवन पर फिल्म 'एम.एस. धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी' बन चुकी है। यह साल 2016 में रिलीज हुई थी। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत ने धोनी का किरदार निभाया था। इसके अलावा दिशा पाटनी, कियारा आडवाणी, अनुपम खेर और भूमिका चावला जैसे कलाकार भी इसमें अहम भूमिकाओं में दिखे थे। करीब 104 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 216 करोड़ रुपए कमाए थे।

धोनी फिलहाल इंटरनेशल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं और IPL में CSK की ओर से खेलते हैं। धोनी ने 2004 में इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। 2007 में कप्तान बनकर उन्होंने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया। 2011 में उन्होंने भारत को वनडे वर्ल्ड कप भी जिताया। उन्होंने 2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। IPL में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वह अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। उन्होंने 38 .30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं।



## अक्षय कुमार ने की जुहू बीच की सफाई

### कहा- ये सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, महाराष्ट्र CM देवेंद्र फडणवीस की पत्नी-बेटी भी रहीं मौजूद



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने रविवार को जुहू बीच पहुंचकर सफाई का काम किया। उन्होंने ग्लव्स पहनकर गणेश विसर्जन के बाद बीच पर इकट्ठा हुआ कूड़ा साफ किया। इस दौरान उनके साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी और बेटी भी मौजूद रहीं। इस दौरान अक्षय ने कहा कि सफाई सिर्फ सरकार का काम नहीं है, ये नागरिकों की भी ड्यूटी है। रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणनवीस के दिव्याज फाउंडेशन ने BMC (बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन) और मुंबई पुलिस के साथ मिलकर सफाई अभियान शुरू किया था। इस दौरान अक्षय कुमार और अन्य नागरिकों ने मिलकर सफाई में हाथ बंटाया। इस समय देवेंद्र फडणवीस की बेटी दिविजा और BMC कमिशनर भूषण गगरानी भी मौजूद रहे।

## उर्वशी रौतेला ने छीने कई फैंस के मोबाइल:एक्ट्रेस के साथ सेल्फी लेने के लिए लगी थी भीड़



उर्वशी रौतेला हाल ही में मिडिल ईस्ट में हुए एक इवेंट का हिस्सा बनी थीं, इस दौरान एक्ट्रेस ने कई फैंस के हाथों से उनके मोबाइल फोन ले लिए। हालांकि बाद में उनकी टीम से सभी मोबाइल लौटा दिए। उर्वशी रौतेला ने हाल ही में अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में डाकू महाराज एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लुक में रेड कार्पेट पर वॉक करती नजर आ रही हैं। इस दौरान बैरिकेड्स के पास कई फैंस उनके साथ एक सेल्फी लेने के लिए भीड़ में खड़े नजर आए। एक्ट्रेस के आते ही फैंस ने हाथ बढ़ाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, जिस दौरान उर्वशी ने एक फैन से उसका मोबाइल फोन छीन लिया। फैन बेहद कन्फ्यूज नजर आया, हालांकि एक्ट्रेस मोबाइल लेकर आगे बढ़ गईं। आगे बढ़ते हुए उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी लेने की बजाय कई और फैंस से मोबाइल ले लिए। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस दौरान कई फैंस ने हाथ पीछे खींचते हुए उन्हें अपना फोन देने से इनकार कर दिया ।कुछ कदम आगे बढ़ने के बाद उर्वशी रुकीं और अपने गाड्र्स को वो सारे फोन थमाते हुए उन्हें वापस लौटाने के लिए कहा। बताते चलें कि ये इवेंट दुबई का है। इस समय एक्ट्रेस ने दुबई की लग्जरी फैशन ब्रांड की ग्लैमरस ब्लैक और गोल्डन साइड स्लिट गाउन पहनी थी। स्लीक हेयरडू के साथ एक्ट्रेस ने गोल्डन जूलरी पहनी थी।

## सलमान खान ने कसा US प्रेसिडेंट पर तंज!

### कहा- दुनिया में जो सबसे ज्यादा परेशानी फैला रहा है उन्हीं को शांति पुरस्कार चाहिए



सलमान खान ने हाल ही में बिग बॉस 19 होस्ट करते हुए यूनाइटेड स्टेट के प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप पर तंज कसा है। एक्टर ने बिना नाम लिए उनकी नोबेल पुरस्कार पाने की चाहत का मजाक उड़ाया है। दरअसल, पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार में होस्ट सलमान खान ने सभी घरवालों को घर की शांति भंग करने के लिए जमकर फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने शो की कंटेस्टेंट पीस एक्टिविस्ट फरजाना खान को दूसरे घरवालों से झगड़ा करने पर कई बातें सुनाईं। इस दौरान उन्होंने कहा, 'ये हो क्या रहा है, पूरी दुनिया में जो सबसे ज्यादा ट्रबल (दिक्कतें) फैला रहे हैं, उनको ही पीस प्राइज (शांति पुरस्कार) चाहिए।' सलमान ने भले ही अपने इस बयान में किसी व्यक्ति विशेष का नाम नहीं लिया है और फरजाना से ये बात कही है। हालांकि उनके इस बयान को US प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप से जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्वे के वित्त मंत्री जेन्स स्टोल्टेनबर्ग को फोन करके नोबेल पुरस्कार की मांग की है। नॉर्वे के समाचार पत्र डैगन्स नेरिंग्सलिव के मुताबिक, ट्रम्प ने पिछले महीने स्टोल्टेनबर्ग से नोबेल और टैरिफ के बारे में बात की थी। इसके अलावा भी उन्होंने कई देश से नोबेल पुरुस्कार में उन्हें नॉमिनेट किए जाने की मांग की है। ट्रम्प अब तक भारत-पाकिस्तान, ईरान-इजराइल और थाइलैंड-कंबोडिया समेत 6 जंग रुकवाने का दावा कर चुके हैं। ट्रम्प ने कुछ महीने पहले कहा था कि उन्हें कई जंग रुकवाने और अब्राहम अकॉर्ड जैसे कामों के लिए पुरस्कार नहीं मिलेगा, लेकिन जनता उनकी उपलब्धियां जानती है। रेडिट पर बिग बॉस से सलमान का क्लिप सामने आने के बाद कई सोशल मीडिया यूजर इस पर रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'अब भाई की फिल्म की तारीफ नहीं, सिर्फ टैरिफ लगेगी।' वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है कि वो इस बयान पर अब डोनाल्ड ट्रंप के रिएक्शन का इंतजार कर रहे हैं। कई फैंस सलमान द्वारा इंटरनेशनल अफेयर फॉलो करने पर उनकी जमकर तारीफ भी कर रहे हैं।

## एक नजर

### असहाय बेटी को मिला सहारा, संदेश फाउंडेशन ने दी सिलाई मशीन



सुलतानपुर। हुनर को तराशने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संदेश फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल की है। गऊघाट,अलीगंज बाजार निवासी रीता यादव को संगठन की ओर से एक सिलाई मशीन और दीवार घड़ी भेंट की गई। मशीन मिलने पर रीता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।रीता यादव के पिता स्व. रामराज यादव और माता का देहांत हो चुका है। परिवार में कोई भाई भी नहीं है। चार बहनों में रीता सबसे छोटी है। दो बहनों की शादी हो चुकी है और दो की शादी बाकी है। ऐसे में परिवार की पूरी जिम्मेदारी बहनों पर ही आ गई है।रीता की दयनीय स्थिति की जानकारी मिलने पर संगठन ने मदद का निर्णय लिया। इस दौरान समाजसेवी सुरेश यादव देवलपुर ने आर्थिक सहयोग किया और संगठन अध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में रीता के घर पहुंचकर सिलाई मशीन सौंपी गई संगठन के सदस्यों ने रीता की शिक्षा के लिए भी सहयोग का आश्वासन दिया है। मौके पर समाजसेवी डॉ. सुरेश यादव, मास्टर दिनेश सिंह यादव, उपाध्यक्ष बृजेश वर्मा, अरविंद यादव, राहुल यादव सहित कई लोग मौजूद रहे। डॉ. सुरेश यादव ने रीता की आर्थिक स्थिति देखकर कहा कि वह क्षेत्रीय विधायक मोहम्मद ताहिर खां से बात कर और मदद दिलाने का प्रयास करेंगे।

### सेवार्थम के वाहन भगाएंगे मच्छर, स्प्रे वाहन से होगा धुंआ



लंभुआ-सुलतानपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में मच्छरों के प्रकोप को दूर करने के लिए अब सेवार्थम संस्था आगे आई है। सेवार्थम ने गांव-गांव मच्छर रोधी धुआ फेंकने वाले दो वाहन रविवार को एक समारोह में रवाना किया। यह वाहन गांव - गांव जाकर मच्छर भगाने वाले धुंए का स्प्रे करेंगे। संस्था ने रविवार को आयोजित समारोह में 200 से ज्यादा ग्रामीणों को मच्छरदानी का भी वितरण किया। सेवार्थम संस्था के अध्यक्ष डॉ आशीष तिवारी ने फोन पर बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र को नौ मंडल में विभाजित किया गया है। प्रत्येक मंडल में फॉगिंग करने वाला एक ई रिक्शा तय किया जाएगा। जिसमें धुंआ उत्पन्न करने वाले केमिकल व मशीन मौजूद है। जो कि रोजाना चार - पांच गांव में फॉगिंग करता रहेगा। इससे अधिकतम प्रत्येक गांव में प्रति सप्ताह फॉगिंग होती रहेगी। इसी तरह मच्छर से बचाव के लिए पहली खेप में 1250 मच्छरदानी भेजी गई है। हर जरूरतमंद परिवार तक यह मच्छरदानी पहुँचाने का लक्ष्य तय किया गया है। गोथुआजागीपुर में आयोजित कार्यक्रम में मच्छर से फैलने वाले रोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की जानकारी दी गई। इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। रविवार को दो वाहन क्षेत्र में रवाना किये गए। वाहनों को संस्था के सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ के जिलाध्यक्ष क्रमशः सुरेश शर्मा व नीतीश श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह को राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सचिन दूबे, प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र, संगठन मंत्री हरिओम अग्रहरि आदि मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा के अर्जुनपुर मंडल अध्यक्ष राजेश मिश्र, प्रतापपुर कमैंचा मंडल अध्यक्ष अमित त्यागी, भदैंया मंडल अध्यक्ष रोहित यादव, संगठन मंत्री विवेक तिवारी, लवलेश दुबे, कोषाध्यक्ष आचार्य चंद्रकेश मिश्र, महामंत्री राणा उत्कर्ष सिंह, देवी प्रसाद गौतम, पवन सरोज, मीडिया प्रभारी अमित बरनवाल आदि मौजूद रहे।

### क्षत्रिय कल्याण परिषद करेगा महाराणा की मूर्ति स्थापना

सुलतानपुर। राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा शहर के तिकोनिया पार्क में स्थापित होगी। इसके लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण



परिषद धन संग्रह करेगा। संगठन के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द सिंह राजा की अगुवाई में शहर के एमजीएस इंटर कॉलेज में हुई बैठक में बसंत सिंह को जिलाध्यक्ष, राजेंद्र प्रसाद सिंह की वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, राजेश सिंह, श्याम प्रकाश सिंह, अजय सिंह और अरविंद सिंह को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। रजनीश सिंह, मनोज कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, दिग्विजय सिंह, संतोष सिंह, अरुण सिंह और शैलेंद्र प्रताप सिंह को महासचिव नामित किया गया। सर्वेश सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। संगठन ने तिकोनिया पार्क में महाराणा प्रताप की कांस्य प्रतिमा स्थापित करने का संकल्प लिया। यहां प्रदेश सचिव अनिल कुमार सिंह, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह, विवेक कुमार सिंह, अनिल सिंह, सभासद भैया दीप सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य अनिल सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग रहे।

### मनरेगा से बनी सड़क का भाजपा जिला महामंत्री ने किया उद्घाटन

कादीपुर-सुलतानपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना



(मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम पंचायत जफरपुर (शर्मा बस्ती) में 250 मीटर लंबी इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया। रविवार को इस सड़क का उद्घाटन भाजपा जिला महामंत्री एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चौहान ने फीता काटकर किया। यह सड़क महेंद्र शर्मा के घर से रुद्र प्रताप शर्मा के घर तक बनाई गई है। निर्माण कार्य ग्राम प्रधान कृष्णदेव मौर्य के सौजन्य से मनरेगा योजना के तहत कराया गया। उद्घाटन अवसर पर ग्रामवासी व संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट ने माल्यार्पण कर घनश्याम चौहान का स्वागत किया। इस दौरान प्रधान कृष्णदेव मौर्य और पूर्व प्रधान पिंकू सिंह को भी सम्मानित किया गया। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए घनश्याम चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में सड़क का जाल बिछा रही है। ग्रामीण अंचलों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और छोटे-छोटे मार्गों के निर्माण से गांव में समृद्धि और खुशहाली का वातावरण तैयार हो रहा है। उद्घाटन समारोह में ओमप्रकाश भट्ट, रत्नेश राय, अनिल शर्मा, शुभम भट्ट, ललित शर्मा, पिंटू सिंह, जितेंद्र राय, घनश्याम शर्मा, वैभव शर्मा, राजन शर्मा, आनंद सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सुभासपा की महारैली को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां हुई तेज

विश्ववार्ता संवाददाता




सुलतानपुर। इसौली विधानसभा क्षेत्र के वलीपुर बाजार स्थित खेल मैदान में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की प्रस्तावित महारैली को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

जिलाध्यक्ष विनीत सिंह ने पूरी टीम के साथ कमर कस ली है ताकि रैली ऐतिहासिक बन सके। जिलाध्यक्ष का दावा है कि हर बूथ से कार्यकर्ताओं को लाने के लिए करीब 500 छोटे-बड़े वाहन लगाए जा रहे हैं। साथ ही लगभग 100 बड़े वाहनों की भी व्यवस्था की गई है। इसौली विधानसभा क्षेत्र से हर बूथों से कार्यकर्ताओं व समर्थकों को रैली स्थल तक पहुंचाने का इंतजाम किया गया है।

बताया जा रहा है कि इस महारैली में 20 से 25 हजार की भीड़ जुटने का अनुमान है। इसके लिए जिलाध्यक्ष खुद हर स्तर पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर सक्रिय किया जा रहा है।इस आयोजन को खास बनाने के लिए 17 सितंबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह बड़े स्तर पर कार्यक्रम कर रहे हैं। इस अवसर पर सूबे के कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि होंगे। स्थानीय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह और सुभासपा संगठन की संयुक्त ताकत को देखते हुए माना जा रहा है कि रैली स्थल भीड़ से खचाखच भर जाएगा। ब्लॉक प्रमुख ने जनता के लिए बैठने की व्यवस्था और नाश्ते-खाने का इंतजाम भी किया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इसौली की यह महारैली जिले की राजनीति की नई इबारत लिख सकती है। रैली की गूंज जिला और प्रदेश ही नहीं, बल्कि दिल्ली तक सुनाई देने की उम्मीद जताई जा रही है।

## विसर्जन के बाद गोमती मित्रों ने संभाली कमान, चला स्वच्छता अभियान

विश्ववार्ता संवाददाता



सुलतानपुर। गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर रविवार की भोर सीता कुंड धाम का नजारा बिल्कुल अलग था। जहां एक ओर समितियों द्वारा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा था, वहीं दूसरी ओर गोमती मित्रों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूरे धाम परिसर को साफ-सुथरा बनाने का अभियान छेड़ दिया। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह के निर्देशन में गोमती मित्रों ने अपने नियमित श्रमदान समय में बदलाव कर प्रातः 4:00 बजे से ही श्रमदान शुरू कर दिया। खास बात यह रही कि चार गोमती मित्र पूरी रात तट पर ही डटे रहे और प्रशासन को व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग दिया। विसर्जन के लिए पहुंची समितियों के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भी प्रयास की जमकर सराहना की।

श्रमदान के दौरान गोमती मित्रों ने इधर-उधर फैले कूड़े को इकट्ठा कर निर्धारित स्थान पर रखा और नगर पालिका प्रशासन से उसे हटवाने का अनुरोध किया। साथ ही कुंड में एकत्र हुई पूजन सामग्री को हटाकर पूरे कुंड को स्वच्छ किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, मुन्ना सोनी, राकेश सिंह दद्दू, प्रदीप कसौधन, राम क्विंचल मौर्या, राजीव कसौधन, पं. आनंद वत्स, जयनाथ, आभास शर्मा आदि मौजूद रहे। गोमती मित्रों ने संकल्प लिया कि नदी व तालाबों की स्वच्छता और संरक्षण का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## एसडीएम के स्टेनो के भाई पर अवैध कब्जे का आरोप

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के दियरा अल्देमऊ गांव में जमीन विवाद ने तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर के स्टेनो कुलदीप तिवारी के भाई प्रदीप तिवारी ने दबंगई और भाई के सरकारी रसूख का इस्तेमाल करते हुए बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की।जानकारी के मुताबिक, गाटा संख्या 2137 (ख) पर निर्मला पत्नी हरिदास कुमार निषाद, अखिलेश सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह, चंदभान यादव, राधा देवी पत्नी रामकरन और राकेश कुमार गुप्ता पुत्र महावीर गुप्ता ने बैनामा कराया है। वहीं गाटा संख्या 2137 (ड़) का बैनामा प्रदीप तिवारी निवासी दियरा के नाम पर है।

दोनों गाटों की पैमाइश और बंटवारा अब तक लंबित है।आरोप है कि प्रदीप तिवारी ने जेसीबी लगवाकर विवादित जमीन पर कब्जे का प्रयास किया और विरोध करने पर ग्रामीणों को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ितों ने बताया कि 4 सितंबर की रात भी कब्जे की कोशिश की गई।ग्रामीणों का कहना है कि प्रदीप तिवारी पूर्व में जिलाबदर रह चुका है और उसकी दबंगई से गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी से अवैध कब्जा रोकने और उनकी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए हैं, क्योंकि आरोप सीधे एसडीएम के स्टेनो के परिवार पर लग रहे हैं।

इस मामले पर थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि यह राजस्व का मामला है। क्षेत्र में अभी शांति व्यवस्था कायम है और शांति भंग की कार्यवाही की गई है।

## वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कुड़वार-सुलतानपुर। रात में खा-पीकर लेटे वृद्ध का शव सुबह घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा के बगल संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पुत्र की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला कुड़वार विकास खण्ड के थाना क्षेत्र धनपतगंज के अगई गांव का है। जहां गांव निवासी अवधेश कुमार मिश्र (75 वर्ष) पुत्र स्व. रामआधार मिश्र शनिवार को खाना खाने के बाद बाहर बने एक कमरे में सोने चले गए। रविवार सुबह जब परिजन सो कर उठे तो देखा कि एक छप्पर में खड़े ई-रिक्शा के बगल वृद्ध पड़ा मिला।परिजनों ने देखा तो उनके सिर, कमर और सीने के पास चोट के निशान थे। आनन-फानन में उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज ले कर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र विष्णुदेव मिश्र ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## सुर्खियां में जिलाध्यक्ष-एमएलसी की सीएम से मुलाकात

विश्ववार्ता संवाददाता



सुलतानपुर। जिले की राजनीति इन दिनों स्व. इंद्र भद्र सिंह की मूर्ति को लेकर गर्माई हुई है। इसी बीच भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह की रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात ने हलचल और तेज़ कर दी है।

हालांकि जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी का कहना है कि मुलाक़ात का मक़सद केवल जिले के विकास कार्यों और संगठन को मज़बूत करना था। जिलाध्यक्ष ने साफ तौर पर कहा कि जिलाध्यक्ष बनने के बाद अभी मेरी मुलाकात मुख्यमंत्री जी से नहीं हो पाई थी, एमएलसी साहब उनसे मिलने जा रहे थे, हम भी चले गये। लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे सीधे-सीधे प्रतिमा विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल, भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री विनोद सिंह धनपतगंज में सड़क किनारे स्थापित स्व. इंद्र भद्र सिंह की प्रतिमा को हटाने के विरोध में मोर्चा खोले हुए हैं। वहीं भाजपा के ही गोरखपुर-फ़ैजाबाद स्नातक क्षेत्र से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह प्रतिमा के पक्ष में मुखर हैं। विधायक विनोद सिंह ने आरोप लगाया है कि एमएलसी अतिक्रमणकारियों को संरक्षण दे रहे हैं और इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सख़्त कार्रवाई की मांग की है।

इन आरोप-प्रत्यारोपों और विरोध-समर्थन के बीच भाजपा जिलाध्यक्ष और एमएलसी का मुख्यमंत्री से मिलना, जिले की सियासत में नए समीकरणों और संकेतों को जन्म दे रहा है।

## लायंस क्लब 'पारिजात' का गठन, समाजसेवा को दिया नया आयाम

विश्ववार्ता संवाददाता




सुलतानपुर। जिले में समाजसेवा की दिशा में नई पहल के तहत लायंस क्लब 'पारिजात' का गठन किया गया। क्लब के पहले अध्यक्ष के रूप में अनुराग आनंद जायसवाल, सचिव पद पर शिशिर जायसवाल और कोषाध्यक्ष पद पर श्याम कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई।

रविवार को क्लब की ओर से पहली पाली में पर्यावरण पार्क में पौधरोपण कर हरियाली बचाने का संदेश दिया गया। वहीं दूसरी पाली में सिविल लाइन स्थित एक रेस्टोरेंट में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राजकीय हाईस्कूल कनकपुर सिकवा की प्रधानाचार्य चारुल गुप्ता, राजकीय अभिनव विद्यालय की शशिलता मिश्रा, संध्या जायसवाल और गीता त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित बरनवाल, रजनीश बरनवाल, विनय जायसवाल, निखिल बरनवाल, राकेश जायसवाल, संजय जायसवाल, परितोष कसौधन, मीनाक्षी बरनवाल, अलका गुप्ता, दीप्ति बरनवाल, नंदिनी, प्रीति संगीता और शिवांगी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि लायंस क्लब पारिजात समाजसेवा, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहेगा।

## झंडा बांधने से मना किया तो दलित युवक को पीटा

लंभुआ-सुलतानपुर। शनिवार को जबरन झंडा बांधने को लेकर तीन दबंग युवको ने दलित युवक को मारा - पीटा। इसका एक वीडियो भी शनिवार को प्रसारित हुआ है। पुलिस ने दलित युवक की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लंभुआ थाना क्षेत्र के सेमरी राजापुर गांव निवासी विजय कुमार शनिवार को अपरान्ह तीन बजे घर जा रहे थे। रास्ते मे उन्हें गांव के ही मौसम सिंह, दौलत सिंह व सौरभ तिवारी मिल गए। रोककर कहा कि यह झंडा खम्बे पर बांध दो। खम्बे पर पहले से ही एक नीला झंडा लगा हुआ था। खम्बे से टिकी सीढ़ी पर चढ़ने के दौरान युवक का वीडियो भी किसी ने बनाया है। इस दौरान युवक से मारपीट की गई। आरोपित युवकों ने विजय कुमार को मां बहन की गलियां दी। लाठी डंडे से मारने लगे। हल्ला गोहार पर ग्रामीणों को आता देख कर युवक धमकाते हुए भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया की प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## पीएम को ज्ञापन भेज शिक्षक संघ ने संघर्ष तेज करने का लिया निर्णय

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की आपात बैठक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में शिक्षक भवन, लखनऊ में संपन्न हुई। अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने बताया कि यह समय केवल सतर्कता और सावधानी का नहीं, बल्कि कानूनी लड़ाई के साथ-साथ सशक्त संघर्ष का भी है। प्रदेश में शिक्षकों के अस्तित्व पर जिस तरह से संकट मंडरा रहा है, वैसी लड़ाई पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने सभी शिक्षकों से तन मन धन से जुटने का आह्वान करते हुए संगठित होकर संघर्ष को न्यायालय से लेकर सड़क तक ले जाने का संकल्प दिलाया।

कार्य समिति के निर्णय अनुसार, सभी जनपद के अध्यक्ष / मंत्री 11 सितंबर तक शिक्षकों की सूची प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध कराएँगे। साथ ही 16 सितंबर को प्रधान मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। यह ज्ञापन कार्यक्रम सरकार को स्पष्ट संदेश देने के साथ-साथ समस्त शिक्षक समुदाय की एकजुटता का प्रतीक भी बनेगा। इसमें किसी भी दशा में शिथिलता बरतने की अनुमति नहीं होगी।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़, झारखंड, राजस्थान और दिल्ली जैसे कई राज्यों के शिक्षक भी इस संघर्ष में साथ देने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि समय कम है और सक्रियता अधिक दिखानी होगी। प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि जिलाध्यक्ष दिलीप पांडेय के निर्देशानुसार, जनपद के सभी शिक्षक 16 सितंबर, समय 2 बजे तिकोनिया पार्क में भारी संख्या में एकत्रित होकर पीएम को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित करेंगे। यह संघर्ष समस्त शिक्षक समुदाय का दृढ़ संकल्प बनकर इतिहास में दर्ज होगा।

## लंपी वायरल का कहर शुरू पशुपालकों में दहशत

विश्ववार्ता संवाददाता

कुड़वार-सुलतानपुर। क्षेत्र के जानवरों में लंपी वायरल का कहर तेजी से बढ़ रहा है। जिससे पशुपालकों में हड़कंप मच गया है। पशु चिकित्सक सूचना पर पहुंचकर यथा संभव इलाज करने में जुटे हैं।

» पशुपालकों से अपील- पशु चिकित्सक की सलाह पर ही इलाज कराएं

स्थानीय विकास खण्ड के भंडरापरशुरामपुर, नेवरा, प्रतापपुर, पूरे कालू पाठक, पूरे दयाराम समेत दर्जनों गांवों में गोवंश लंपी बीमारी की चपेट में आ गए हैं। बीमारी का फैलाव देखकर क्षेत्र के पशु पालकों में दहशत का माहौल है। लोग इसे महामारी का रूप मानकर चिंतित हैं। पशु चिकित्सक डॉ.राहुल गुप्ता ने बताया कि लंपी वायरल एक संक्रामक रोग है,जिसका संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है। लगातार टीकाकरण कराया जा रहा है और प्रभावित गोवंश का उपचार भी किया जा रहा है। उन्होंने पशु पालकों से अपील की है कि बीमार जानवरों को स्वस्थ जानवरों से अलग रखें और पशु चिकित्सक की सलाह पर ही इलाज कराएं।

चिकित्सक ने बताया कि लंपी वायरल से ग्रसित पशुओं में तेज बुखार,शरीर पर गांठें और दुग्ध उत्पादन में भारी गिरावट जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। बीमारी की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के पशु सहायकों को सतर्क किया गया है। बरसात के मौसम मौसम में लगाए जाने वाले टीके लगाए जा रहे हैं।

## धूमधाम से मनाया गया जशने ईद मिलादुन्नबी, अंजुमने सम्मानित

विश्ववार्ता संवाददाता

सुलतानपुर। नगर पंचायत लंभुआ में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का 1500वां जन्मदिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम व अकीदत के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह जामा मस्जिद गौसिया अंजुमन गुलशन-ए-मदीना स्टेज पर परचम कुसाई के साथ हुआ। सुबह 9:30 बजे जामा मस्जिद गौसिया से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जो मरहबा या मुस्तफा की सदाओं के बीच पूरे लंभुआ कस्बे में शान-ओ-शौकत के साथ गुजरा।विभिन्न जिलों से आए अंजुमनों ने स्टेज पर शानदार कलाम पेश किए। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अंजुमनों को आयोजकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

लंभुआ में लगे प्रमुख स्टेजों में अंजुमन 786 बहारे मदीना आयोजक नूर एम.डी, अंजुमन आशिकाना मुस्तफा आयोजक मो.उस्मान इदरीसी, अंजुमन गुलशन-ए-मदीना आयोजक खुर्शीद अहमद फारुकी, अंजुमन फैजाने मुस्तफा सुफियान खान, इमरान सिद्दीकी, अंजुमन फिदा-ए-रसूल आयोजक अफसर अली, अंजुमन खुशबू-ए-मदीना आयोजक सरताज अहमद इदरीसी, टीम जुल्फिकार-ए-मुस्तफा आयोजक अरमान अली व अंजुमन राजा-ए-मुस्तफा आयोजक अब्दुल फारूक शामिल रहे। कार्यक्रम आयोजक वाजिद हुसैन फारूकी ने पूरे कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देने के लिए प्रशासन और सभी अंजुमनों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।

इस मौके पर हाजी जाहिद हुसैन फारूकी, सिराजुद्दीन सिद्दीकी, मोहम्मद हसन फारूकी, मकबूल अहमद नूरी, शाहिद सिद्दीकी ठेकेदार, गुलाम दस्तगीर कादरी, वहाबुद्दीन प्रधान प्रतिनिधि खुदौली, अनीश अहमद फारूकी, सुशील बरनवाल, असलम भाई एम्बुलेंस, बृजकिशोर साहू, अजमत अली सिद्दीकी, सद्दाम हुसैन सब्बाग, उस्मान इदरीसी, पंकज जयसवाल, सद्दाम राईन, अफशर फारूकी, इरफानु फारूकी, समीर सब्बाग, गुलाम गौस फारूकी, शकील अहमद, रज्जब अली, सद्दाम सिद्दीकी, कौसर फारूकी, जफर फारूकी, साहिद प्रधान, अब्दुल खान, नियाज राईन, अख्तर फारूकी, सलमान हुसैन, वसीम इदरीसी, सादिक नेता समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विसर्जन शोभायात्रा का महाआरती व सम्मान समारोह से हुआ समापन

विश्ववार्ता संवाददाता



कादीपुर-सुलतानपुर। कस्बे में शनिवार की रात धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच शुरू हुई यात्रा का पटेल चौक पर महाआरती एवं सम्मान समारोह के साथ शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति ने नगर में विभिन्न स्थानों पर लगे गणेश पूजा पंडालों की समितियों के अध्यक्षों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में समिति अध्यक्ष आनंद प्रकाश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, उप जिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम और महामंत्री ललित कसौधन मौजूद रहे।

सम्मानित होने वालों में श्री गणेश बाल पूजा समिति के अध्यक्ष ऋषि, सिद्धि विनायक गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष ऋषभ जायसवाल, गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष आदित्य सोनी, मरी माता गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष बृजेश सिंह चौहान, तथा श्री गणेश पूजा समिति तुलसी नगर के अध्यक्ष शिवम तिवारी शामिल रहे। पटेल चौक से शुरू हुई विसर्जन शोभायात्रा गोमती नदी के देवाढ़ घाट तक पहुंची, जहां प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभासद बृजेश बहादुर सिंह, सूर्यलाल गुप्ता, अज्जू, राहुल गुप्ता, शिवम मोदनवाल, शिवम अग्रहरी, उत्कर्ष मोदनवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजित राम सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पत्नी को मारने के मामले में पति और जेठ पर केस दर्ज

कादीपुर-सुलतानपुर। पत्नी से मारपीट के मामले में पुलिस ने पति और जेठ के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया गांव की रहने वाली सुंदरी ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार रात लगभग आठ बजे उसका पति अचानक गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर उसने लात-घूंसों और डंडे से उसकी पिटाई की। इसी दौरान उसका जेठ भी मौके पर पहुंचा और जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर शनिवार को पति जितेंद्र निषाद और जेठ वीरेंद्र निषाद के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ढोल-मंजीरे की थाप पर गूंजे आल्हा-ऊदल के वीर गीत

विश्ववार्ता संवाददाता



जयसिंहपुर-सुलतानपुर। रविवार को नटौली स्थित एक विद्यालय परिसर में आल्हा गायन का आयोजन हुआ। ढोल-मंजीरे की थाप पर जब प्रसिद्ध आल्हा गायक अनिल तिवारी और उनके साथियों ने आल्हा-ऊदल की वीर गाथाओं के साथ नैनागढ़ की लड़ाई छेड़ी, तो तालियों की गड़गड़ाहट से वातावरण गुंजायमान हो गया।

अनिल तिवारी ने जब ..आल्हा ऊदल, दोनों भैया, रण में लड़े जुझारू रे..घोड़े सरकें, ढाल चमकें, काटे बिरनिहारी रे.., वीर रस में डूबे गायन ने जहां बुजुर्गों को पुरानी स्मृतियों से जोड़ दिया, वहीं युवाओं ने भी इस लोककला का भरपूर आनंद लिया। गायक की जोशीली आवाज़ और अद्भुत प्रस्तुति ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। आयोजन समिति के सदस्य हंसराज यादव ने कहा कि "आल्हा गायन हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान है। इसे जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं।" कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भी विलुप्त हो रही इस लोककला को संजीवनी देने की सराहना की। आल्हा गायन सुनने के लिए न केवल गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में लोग पहुंचे। श्रोताओं में मोहन श्याम तिवारी, वंशीलाल वर्मा, मनोज यादव, दिनेश सिंह, शोभनाथ तिवारी, पुष्पेन्द्र तिवारी, राम विलास तिवारी, राम मूरत तिवारी, कौशल किशोर तिवारी, कृष्णानंद पाठक, मनोज तिवारी, हरिश्चंद्र पांडे, अशोक सिंह, अजीत यादव, ओम प्रकाश वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### प्रज्वल रेवन्ना जेल लाइब्रेरी में काम करेंगे



**बेंगलुरु।** पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पोता प्रज्वल रेवन्ना जेल में काम करेगा। परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल प्रशासन ने उसकी ड्यूटी लाइब्रेरी में लगाई है। जेल प्रशासन का कहना है कि वे हफ्ते में तीन दिन यानि महीने में कम से कम 12 दिन काम करेगा। इस काम के बदले प्रज्वल को रोज 522 रुपए मिलेंगे। रेवन्ना का काम जेल की लाइब्रेरी में कैदियों को किताबें जारी करना और उनका रिकॉर्ड संभालना होगा। उसे पूरा काम सही से करने पर ही पैसे दिए जाएंगे। जेल नियमों के अनुसार, उम्रकैद भुगत रहे कैदियों को काम करना अनिवार्य है। हर कैदी को उसकी योग्यता और इच्छा के आधार पर काम दिया जाता है। दरअसल, बेंगलुरु की स्पेशल कोर्ट ने 2 अगस्त को रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### एक लाख लोगों ने गाजा सिटी छोड़ा

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बताया है कि 1 लाख लोगों ने गाजा सिटी को छोड़ दिया है। उन्होंने यरुशलम में हुई बैठक के दौरान इसकी जानकारी दी। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा कि हमास लोगों को रोकने की कोशिश कर रहा है ताकि उन्हें मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा सके। इजराइली पीएम के मुताबिक हमास ने महिलाओं और बच्चों को भी गोली मारकर रोकने की कोशिश की है। इससे पहले इजराइली सेना ने शनिवार को आसमान से पर्चे गिराकर लोगों से शहर खाली करने को कहा था। आईडीएफ गाजा सिटी में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी कर रही है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि गाजा सिटी में अब भी करीब 10 लाख फिलिस्तीनी मौजूद हैं। आईडीएफ ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ और कॉम्बैट जोन घोषित किया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने कहा कि यह जोन सिर्फ इजराइल की तरफ से घोषित है, इसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं है। इन संस्थाओं ने चेतावनी दी है कि लाखों लोगों के पलायन से मानवीय संकट और बढ़ेगा।

### गणेश विसर्जन जुलूस में करंट से एक की मौत

**मुंबई।** रविवार सुबह गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान एक व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि पांच लोग झुलस गए। घटना साकीनाका के खैरानी रोड पर सुबह करीब 10 .45 बजे हुई। बिजली का तार लटक रहा था, तभी गणेश प्रतिमा उससे टच हुई और करंट फैल गया। प्रतिमा के संपर्क में आए छह लोग सुभांशु कामत (20), तुषार गुप्ता (20), धर्मराज गुप्ता (49), करण कनोजिया (14) और अनुश गुप्ता (6) झुलस और बीनू सुकुमारन कुमारण (36) झुलसे थे। इलाज के दौरान कुमारण की मौत हो गई। बाकियों का इलाज जारी है।

### मदरसे में यौन उत्पीड़न: 12 साल के लड़के का मर्डर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के नयागढ़ जिले के एक मदरसे में एक नाबालिग छात्र की 5 नाबालिगों ने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पांचों आरोपी नाबालिगों को पकड़ लिया गया है। पुलिस जांच में पता चला है कि पांचो नाबालिग मृतक का लंबे समय से यौन शोषण कर रहे थे। पीड़ित कटक जिले का रहने वाला था और नीलापल्ली के एक मदरसे में पढ़ता था। उसके साथ सीनियर छात्रों ने पहले भी मारपीट की थी। आरोपियों ने पूछताथ में कबूल किया कि 2 सितंबर को पांचों नाबालिगों ने मिलकर उस पर हमला किया। उसका गला घोंट दिया और शव को खाली पड़े सैप्टिक टैंक में फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी 13 से 15 साल के हैं। पांचों पर पॉक्सो अधिनियम, 2012 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मुठभेड़ में 10 लाख का इनामी नक्सली ढेर

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में पुलिस और कोबरा बटालियन के साथ हुई मुठभेड़ में एक 10 लाख का इनामी नक्सली मारा गया। झारखंड पुलिस प्रवक्ता और आईजी ऑपरेशन्स माइकल राज एस ने बताया कि मौके से एसएलआर राइफल समेत अन्य हथियार बरामद किए गए हैं।

# उपराष्ट्रपति को नहीं मिलती रेगुलर सैलरी

## राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में मिलते हैं वेतन और भत्ते के रूप में मिलते हैं चार लाख

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** क्या आप इस बात से वाकिफ है कि हैं कि भारत का उपराष्ट्रपति एकमात्र ऐसा पद है जिसे नियमित तौर पर वेतन का लाभ नहीं मिलता। जी, हां सही सुन रहे हैं। भारत के उपराष्ट्रपति को ₹उपराष्ट्रपति₹ के रूप में कोई नियमित वेतन नहीं मिलता है, बल्कि वे संसद के ऊपरी सदन, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में अपनी भूमिका के लिए वेतन और भत्ता प्राप्त करते हैं। यह व्यवस्था 'संसद अधिकारी के वेतन और भत्ते अधिनियम, 1953' के तहत की गई है। 2018 में हुए संशोधन से पहले यह वेतन 1.25 लाख रुपये प्रति माह था। लेकिन इसे बाद में बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दिया गया था।

एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन और विपक्ष के उम्मीदवार पी. सुदर्शन रेड्डी, 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मैदान में हैं। यह चुनाव 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के लिए जरूरी हो गया है।

**धनखड़ को मिलेगी कुल तीन लाख 12 हजार रुपये पेंशन**




उपराष्ट्रपति को मुफ्त सरकारी आवास, दैनिक भत्ता, यात्रा भत्ता चिकित्सा सुविधाएं और अन्य कई प्रकार की भत्ते मिलते हैं। हालांकि, ये भत्ते उन्हें राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में सेवा देने के लिए मिलता है। उपराष्ट्रपति और उनके परिवार को उच्च-स्तरीय सुरक्षा, एक बड़ा स्टाफ और निजी सचिव भी प्रदान किए जाते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को राज्यसभा के पूर्व सभापति के तौर पर हर महीने 2 लाख रुपये की पेंशन मिलेगी। वे एक पूर्व सांसद भी हैं, जिसके लिए उन्हें प्रत्येक महीने 45,000 रुपये की पेंशन मिलेगी। इसके अलावा, राजस्थान के एक पूर्व विधायक के तौर पर वे हर महीने 42,000 रुपये के हकदार होंगे, जिसके लिए उन्होंहने हाल ही आवेदन दिया है। पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल के रूप में उन्हें 25,000 रुपये की मासिक पेंशन मिलेगी। यानि कि उन्हें हर महीने पेंशन के रूप में कुल 3 लाख 12 हजार रुपये मिलेंगे।

एक पूर्व उपराष्ट्रपति के तौर पर जगदीप धनखड़ को टाइप 8 का शानदार बंगला मिलेगा, जिसका सरकार द्वारा रख रखाव किया जाएगा। उन्हें एक सरकारी कार और सुरक्षा भी मिलेगी जो जेड या जेड प्लस कैटेगिरी तक की हो सकती है।

# शाह ने मुझे बुलाया था दिल्ली मैने उनका प्रस्ताव नहीं माना

## शिवपाल यादव ने खोला 13 साल पुराना राज

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** इन दिनों उत्तर प्रदेश की राजनीति में टोंटी चोरी के मुद्दे को लेकर हंगामा मचा हुआ है। भाजपा विधायक केतकी सिंह की ओर से दिए गए बयान के बाद सपा कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे गए थे और जमकर हंगामा किया था। वहीं अखिलेश यादव इस मुद्दे पर मुखर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे घर को गंगाजल से धुलवाया गया था, ये बात हम नहीं भूल सकते हैं। अखिलेश यादव ने योगी सरकार में अफसर रहे अवनीश अवस्थी और मुख्यमंत्री के ओएसडी रह चुके अभिषेक कौशिक का नाम लिया। इस बीच, उनके चाचा शिवपाल यादव का एक बयान चर्चा में है। शिवपाल यादव ने बताया कि 2012 में बीजेपी में मैं अमित शाह के सीधे संपर्क में था।





शिवपाल यादव ने कहा कि बीजेपी में मैं अमित शाह के सीधे संपर्क में था, लेकिन उनका जो प्रस्ताव था, वो मुझे मंजूर नहीं था। मुझे दिल्ली बुलाया, लेकिन मैं फिर गया नहीं, क्योंकि मैं मंत्री रह चुका था, इसलिए मंत्री पद मुझे मंजूर नहीं था। होली पर सैफई में पूरा परिवार और मीडिया मौजूद था। सब जानना चाहते थे कि यूपी का मुख्यमंत्री कौन होगा, उस समय वहां कौन था, सवाल पर शिवपाल यादव ने कहा कि हम, नेताजी (मुलायम सिंह यादव), प्रोफेसर जी (राम गोपाल यादव) और अखिलेश यादव थे। उस समय मैंने नेताजी से यही कहा था कि मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लीजिए और कम से कम एक साल मुख्यमंत्री रह लीजिए, उसके बाद अखिलेश यादव को बना दीजिएगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2012 में सपा सत्ता में आई तो सभी के सामने मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर चर्चा तेज हो गई थी। उस समय एक गुट जहां शिवपाल यादव को मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में देखना चाहता था तो एक अखिलेश यादव को यूपी का मुख्यमंत्री बनते हुए देखना चाहता था। हालांकि, शिवपाल यादव चाहते थे कि मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बने, लेकिन प्रोफेसर राम गोपाल यादव और अखिलेश यादव एक ओर हो लिए थे। पूरी प्लानिंग कर ली गई थी।

होली पर सैफई में मुलायम का पूरा परिवार जुटा हुआ था। यहां मीडिया का जमावड़ा भी लगा था। एक कमरे में मुलायम सिंह यादव, शिवपाल यादव, प्रोफेसर राम गोपाल यादव और अखिलेश यादव के बीच बातचीत हुई थी। तब शिवपाल यादव ने मुलायम सिंह से कहा था कि आप एक साल मुख्यमंत्री रह लीजिए, उसके बाद अखिलेश यादव को बना दीजिएगा, लेकिन उनकी बात को अनसुनी कर दी गई थी। राम गोपाल और अखिलेश यादव की जिद के आगे मुलायम हार गए थे और अखिलेश यादव यूपी के सबसे युवा मुख्यमंत्री बन गए थे। 2012 में जब अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री बने थे, वो उस समय 38 साल के थे।

यहीं से शिवपाल यादव और अखिलेश यादव के बीच दूरियां होने लगीं। हालांकि, शिवपाल यादव ने कभी-भी नेताजी के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला और हमेशा उनका सम्मान करते रहे। एक इंटरव्यू में शिवपाल यादव ने कहा था कि मैंने नेताजी की सलाह पर अलग पार्टी बनाई थी। नेता जी ने अखिलेश यादव को मेरे साथ बैठकर मतभेद सुलझाने के लिए बुलाया था, लेकिन जब अखिलेश ने न तो फोन उठाया और न ही व्यक्तिगत रूप से मिलने आए, तो नेताजी ने मुझसे नई पार्टी बनाने को कहा। बता दें कि शिवपाल यादव ने सपा और अखिलेश यादव से मतभेद होने के चलते पार्टी से अलग होकर 2018 में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) बनाई थी।

# एक्स का दावा–भारत तो अपनी जरूरत के लिए खरीदता है रूसी तेल

## अमेरिका भी रूस से यूरेनियम लेता है और भारत पर प्रतिबंध लगाता है, यह डबल स्टैंडर्ड

एजेंसी

**वाशिंगटन।** टेस्ला मालिक इलॉन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के फैक्ट चेक फीचर ने ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो के भारत के रूसी तेल खरीद से जुड़े दावों को गलत बताया है।

एक्स ने एक नोट में लिखा- भारत रूस से तेल अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए खरीदता है, न कि सिर्फ मुनाफे के लिए। यह खरीद अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन नहीं करती। अमेरिका खुद रूस से यूरेनियम और दूसरी चीजें खरीदता है, भारत पर प्रतिबंध अमेरिकी प्रशासन का दोहरा रवैया दिखाता है। दरअसल, पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफा कमाने और यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया था।

पीटर नवारो ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'भारत के ऊंचे टैरिफ अमेरिकी नौकरियों को नुकसान पहुंचाते हैं। भारत रूस से तेल सिर्फ मुनाफे के लिए खरीदता है, जिससे रूस की युद्ध मशीन को मदद मिलती है। इससे यूक्रेन और रूस के लोग मर रहे हैं और अमेरिकी



करदाताओं का पैसा बर्बाद हो रहा है। भारत सच को स्वीकार नहीं कर सकता।' नवारो की इस पोस्ट की एक्स के फैक्ट चेक फीचर ने तुरंत जांच की । इसके बाद एक्स ने एक कम्युनिटी नोट में मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए नवारो के दावों को गलत बताया।

नवारो एक्स की इस जांच से भड़क गए। उन्होंने मस्क पर निशाना साधते हुए लिखा, 'मस्क पोस्ट में प्रचार को बढ़ावा दे रहे हैं। यह नोट पूरी तरह बकवास है। भारत रूस से तेल सिर्फ मुनाफे के लिए खरीदता है।' उन्होंने कहा- रूस के यूक्रेन पर हमले से पहले भारत ऐसा नहीं करता था। भारत की सरकारी मशीनरी झूठ फैला रही है। भारत यूक्रेन में लोगों की मौत रोके और अमेरिकी नौकरियां छीनना बंद करें।

एक्स ने नवारो की इस पोस्ट की भी जांच की और लिखा, 'भारत का रूस से तेल खरीदना उसका खुद का फैसला है और यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करता।'

इससे पहले नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वॉर' बताया था। नवारो ने 27 अगस्त को ब्लूमबर्ग टीवी को दिए इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया था। नवारो ने कहा था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है। नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा था कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा- भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया।

### पार्टी को टूट से बचाने के लिए जापानी पीएम ने छोड़ा



**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इशिबा ने सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी में फूट से बचने के लिए यह कदम उठाया। जापानी मीडिया एनएचएक ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल, इशिबा की गठबंधन सरकार जुलाई में हुए ऊपरी सदन (हाउस ऑफ काउंसलर्स) के चुनाव में हार गई थी। इसके लिए इशिबा ने हाल ही में माफी मांगी थी और कहा था कि वह इस्तीफे पर विचार करेंगे। गौरतलब है कि चुनावी हार के बाद एलडीपी में 'इशिबा को हटाओ' आंदोलन जोर पकड़ गया था। पार्टी के कुछ नेताओं और सांसदों ने उनके नेतृत्व पर सवाल खड़े किए थे, जिसके बाद से पार्टी के भीतर विरोध और तेज हो गया था।

बता दें कि ऊपरी सदन के चुनाव परिणामों ने शिगेरू इशिबा की पार्टी पर उनकी पकड़ को कमजोर कर दिया था। इसके बावजूद उन्होंने कहा था कि वह अपने पद पर बने रहेंगे।

# रूडी ने साथी सांसद निशिकांत दुबे को बताया अहंकारी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने साथी सांसद निशिकांत दुबे के ऊपर बड़ा हमला किया है। उन्होंने निशिकांत दुबे को अहंकारी बताया है। इतना ही नहीं, राजीव प्रताप रूडी ने यहां तक कहा कि संसद के अंदर सरकार से इतर निशिकांत दुबे खुद में सरकार हैं। लेकिन मैं उनकी सरकार का हिस्सा नहीं हूं। मैं इंडिपेंडेंट हूं। राजीव प्रताप रूडी ने एक इंटरव्यू में कही हैं। इस इंटरव्यू में रूडी से दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब चुनाव को लेकर सवाल पूछे गए थे। सवाल के जवाब में भाजपा सांसद ने कहा कि निशिकांत दुबे अकेले दम पर ही संसद चलाना चाहते हैं। गौरतलब है कि दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब चुनाव में निशिकांत दुबे रूडी के सामने खड़े भाजपा के ही संजीव बालियान का प्रचार कर रहे थे।

वीडियो इंटरव्यू में राजीव प्रताप रूडी से दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब के चुनाव को लेकर सवाल पूछा जा रहा था। इसमें उनसे पूछा गया कि इस चुनाव में उनकी पार्टी ही उनके खिलाफ थी। आगे पूछा



**बोले- मैं उनकी 'सरकार' का हिस्सा नहीं**

गया कि क्या ऐसा भी था कि गृहमंत्री अमित शाह ने उनके खिलाफ प्रचार किया? इसके जवाब में राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह गलत सूचना एक व्यक्ति द्वारा फैलाई गई, जो सोचते हैं कि वह बतौर सांसद संसद को नियंत्रित करते हैं। वह संसद में ऐसे ही शो चलाते हैं। इन्हीं शख्स से गृहमंत्री का नाम इस मामले में उछाला था। इस पर इंटरव्यू करने वाला रूडी से पूछता है कि क्या आप निशिकांत दुबे की बात कर रहे हैं। इस पर रूडी कहते हैं कि आपको कैसे पता कि मैं दुबे की बात कर रहा हूं? फिर आगे वह कहते हैं कि मुझे लगता है आप सही हैं।

राजीव प्रताप रूडी आगे कहते हैं कि कभी-कभी कुछ लोग अहंकारी हो जाते हैं। फिर पूछा जाता है कि वह एक साथी सांसद हैं और आपकी ही पार्टी के हैं। इस पर रूडी कहते हैं कि वह संसद में शो चलाते हैं। वह इस बात का दावा करते हैं। उन्होंने ही तय किया था कि मुझे दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब का चुनाव नहीं जीतना चाहिए। इसके आगे रूडी से पूछा जाता है कि आखिर निशिकांत दुबे को आपसे प्रॉब्लम क्या है? इसके जवाब में भाजपा सांसद कहते हैं कि उनकी समस्या है कि वह शो चलाना चाहते हैं। सरकार से इतर वह खुद में एक सरकार हैं और मैं उनकी इस सरकार का हिस्सा नहीं हूं। रूडी ने आगे कहा कि दिल्ली कांस्टीट्यूशन क्लब चुनाव में उन्हें अमित शाह से लेकर जेपी नड्डा का पूरा समर्थन हासिल था। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ उम्मीदवार खड़ा करके गलत तरीके से विवाद पैदा करने की कोशिश की। इसके पीछे निशिकांत दुबे ही थे।

# खड़गे का सवाल- क्या चुनाव आयोग बन गया है भाजपा का ऑफिस

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग अब भाजपा का बैक ऑफिस बन गया है? खड़गे ने आरोप लगाया कि ईसी ने अब वोटर फ्रॉड मामले से जुड़ी जानकारी देना भी बंद कर दिया है। खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- मई 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अलंद विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाए गए थे। इसको लेकर जांच की जा रही है। चुनाव आयोग ने शुरुआत में कुछ दस्तावेज जरूर दिए, लेकिन अब अहम सबूत देने से इनकार कर रहा है, जिससे असली गुनहगारों को बचाया जा सके।

इधर, चुनाव आयोग ने अब तक खड़गे के आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि पहले ईसी कांग्रेस के वोट चोरी के दावों को बेबुनियाद करार दे चुका है। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि मई 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अलंद विधानसभा क्षेत्र में जांच एजेंसियों ने 5,994 फर्जी आवेदन पकड़े थे, जो बड़े स्तर पर वोटरों को हटाने की कोशिश का सबूत था। इसको लेकर



**» वोटर फ्रॉड की जानकारी ही नहीं दे रहा**

कांग्रेस सरकार ने सीआईडी जांच के आदेश दिए। जांच की शुरुआत में ईसी ने सबूत दिए, लेकिन अब भाजपा के दबाव में आकर जानकारी साझा नहीं कर रही है।

राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि EC ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र चुनाव चोरी किया है।

# कप्तान के सवालों ने छुड़ाये थानेदारों के पसीने

## दारोगाओं का बंदूक नहीं, कलम का लिया इम्तिहान

विश्ववार्ता ब्यूरो

**बागपत।** बागपत पुलिस लाइन रविवार की सुबह किसी स्कूल की परीक्षा कक्ष जैसी नजर आई। फर्क इतना था कि यहां डेस्क पर छात्र नहीं, बल्कि थानेदार और दारोगा बैठे थे। उनकी कॉपियों पर सवाल लिखे थे और कानून और पुलिसिंग से जुड़े ज्ञान का जवाब देने का जिम्मा था। वहीं, मास्टरजी की कुर्सी पर जिले के कप्तान एसपी सूरज राय बैठे थे।

कक्ष निरीक्षक की भूमिका एएसपी और सीओ ने निभाई। वे चारों ओर घूम-घूमकर देख रहे थे कि कहीं कोई पुलिसकर्मी नियमों को तोड़कर नकल तो नहीं कर रहा है। यह नज़ारा वाकई अनोखा था, क्योंकि पुलिस महकमे में इस तरह का इम्तिहान पहले कभी नहीं हुआ।

एसपी सूरज राय ने साफ शब्दों में कहा कि अब थाना या चौकी की जिम्मेदारी केवल वरिष्ठता के आधार पर नहीं दी जाएगी। कमान उसी को सौंपी जाएगी, जिसकी ज्ञान, समझ और काम करने की क्षमता बेहतर होगी। कप्तान का मानना है कि यह कदम न केवल पुलिसिंग को मजबूत करेगा, बल्कि जनता को बेहतर सेवा भी दिलाएगा।



परीक्षा में पुलिसकर्मियों से कानून, विवेचना और अपराध नियंत्रण से जुड़े सवाल पूछे गए। इसका मकसद यह जानना था कि थाने की कमान संभालने वाला पुलिस अधिकारी कितनी गहराई से कानून को समझता है और मौके पर फैसले लेने की क्षमता रखता है या नहीं। एसपी का कहना है कि केवल वरिष्ठता से जिम्मेदारी बांटने पर कई बार समस्याएं सामने आती हैं, लेकिन यह प्रक्रिया काबिलियत को तरजीह देती है।

यह पहल पुलिस महकमे में एक नई परंपरा की शुरुआत मानी जा रही है। अब तक थानों और चौकियों की जिम्मेदारी रैंक और वरिष्ठता को ध्यान में रखकर दी जाती थी, लेकिन अब इसमें बदलाव होगा। जो पुलिस अधिकारी इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उन्हें ही थाने की जिम्मेदारी मिलेगी।

एसपी सूरज राय का मानना है कि जब जिम्मेदारी ज्ञान और काबिलियत के आधार पर मिलेगी, तो पुलिस कर्मियों की जवाबदेही और भी बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा।

### इजरायल ने अचानक बंद किया एयरस्पेस

**तेलअवीव।** इजरायल के दक्षिणी रेमन हवाई अड्डे के ऊपर इजरायली हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। यमन के हूती आतंकवादी समूह द्वारा लॉन्च किए गए एक ड्रोन ने दक्षिणी इजरायली हवाई अड्डे पर हमला किया, जिसके कारण इजरायली सेना ने रविवार को हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया और उड़ानें स्थगित कर दीं। खबरों के अनुसार, इस घटना में दो लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती किया गया है।

इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि हूतियों ने कई ड्रोन दागे थे, जिनमें से कुछ को इजरायली हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक लिया गया। फिर भी, कम से कम एक ड्रोन ने दक्षिणी इजरायल के ऐलात शहर के पास स्थित रेमन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्र को सफलतापूर्वक निशाना बनाया। इस हमले का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि ड्रोन हमले में दो लोग घायल हुए हैं।

# भारत को लेकर यूं ही नहीं बदले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सुर

## अमेरिका ने सोचा था एक्स्ट्रा टैरिफ की बात पर भारत झुक जायेगा, लेकिन वह झुका नहीं

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के संबंधों में सुधार की संभावना नजर आ रही है, खासकर पीएम मोदी के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के ट्वीट के बाद। इस मामले पर पूर्व भारतीय राजनयिक केपी फैबियन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति को अब यह समझ में आने लगा है कि भारत के साथ उनकी आक्रामक व्यापार नीति, विशेष रूप से नई दिल्ली द्वारा रूसी तेल की खरीद के कारण 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ की धमकी, अपेक्षित परिणाम नहीं दे रही है।

ट्रंप के भारत के प्रति हाल के बदले रवैये पर फैबियन ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का कोई ठोस आधार नहीं है और ट्रंप ने भारत के दृढ़ संकल्प को कम आंका था। पूर्व राजनयिक ने कहा कि पीएम मोदी ने ट्रंप के सौहार्दपूर्ण ट्वीट का उचित जवाब दिया, लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि ट्रंप जल्द ही टैरिफ में बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा कि यह भी स्पष्ट है कि ट्रंप को अब यह समझ में आ रहा है कि जब उन्होंने 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ की धमकी दी थी, तब उनकी उम्मीद थी कि भारत झुक जाएगा, लेकिन वे गलत साबित हुए।

फैबियन ने जोर देकर कहा कि भारत मैत्रीपूर्ण संबंधों और पारस्परिक व्यापार के लिए तैयार है, लेकिन उससे एकतरफा फैसले या दबाव वाले उपाय स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें यह समझना होगा कि भारत, भारत है। भारत किसी अन्य देश का अनुयायी नहीं बन सकता। भारत सभी के साथ दोस्ती और व्यापार करना चाहता है, लेकिन उस पर कोई हुक्म नहीं चला सकता। बता दें कि शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप



ने वाइट हाउस में घोषणा करते हुए भारत-अमेरिका संबंधों को 'बहुत ही विशेष संबंध' बताया और पुष्टि की कि वह और पीएम मोदी हमेशा दोस्त रहेंगे। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर नाराजगी जताई कि पीएम मोदी इस समय क्या कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह भारत के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए तैयार हैं, तो ट्रंप ने कहा कि मैं हमेशा ऐसा करूंगा। मैं हमेशा मोदी के साथ दोस्त रहूंगा। वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। मैं हमेशा दोस्त रहूंगा, लेकिन मुझे वह पसंद नहीं है जो वह इस वक्त कर रहे हैं। फिर भी, भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत ही विशेष संबंध है। चिंता की कोई बात नहीं है।

ट्रंप की टिप्पणी के बाद शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत-अमेरिका संबंधों की पुष्टि पर गर्मजोशी से प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप की भावनाओं और द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की गहरी सराहना करते हैं और इसका पूर्ण समर्थन करते हैं। पीएम मोदी ने भारत-अमेरिका संबंधों को एक 'व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' की ओर बढ़ता हुआ बताया। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की तहे दिल से सराहना करता हूं और इसका पूर्ण समर्थन करता हूं। भारत और अमेरिका के बीच एक बहुत ही सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक और वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

ट्रंप के बयानों में बदलाव दिखाता है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक रिश्ते कितने जटिल हैं। एक तरफ, ट्रम्प भारत पर ज्यादा टैक्स लगाने का आरोप लगाते हैं। वहीं दूसरी तरफ, वे पीएम मोदी को अपना दोस्त बताते हैं और दोनों देशों के बीच अच्छे रिश्ते की बात करते हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले समय में अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक रिश्ते कैसे बदलते हैं। क्या दोनों देश मिलकर व्यापार से जुड़ी समस्याओं का समाधान निकाल पाएंगे? या फिर दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ेगा?

### बच्ची के साथ गलत हुआ, उसकी गवाही काफी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 3 सितंबर को एक बलात्कार मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अगर किसी बच्ची के साथ गलत हो, तो सिर्फ उसकी गवाही के आधार पर भी आरोप सिद्ध हो सकता है। कोर्ट ने यह आदेश 2017 के एक बलात्कार केस की सुनवाई के दौरान दिया। कोर्ट ने कहा आरोपी क्रॉस-एग्जामिनेशन के दौरान बच्ची के विश्वास को डगमगा नहीं पाया। केस में दोषी ने कोर्ट में सजा कम करने की याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस मनोज कुमार ने 12 साल की सजा को बरकरार रखा है।

एफआईआर के मुताबिक आरोपी टोनी 10 साल की पीड़ित बच्ची के स्कूल के पास एक दुकान में काम करता था। उसने खाने-पीने के बहाने बच्ची को अपने जाल में फंसाया। जब बच्ची को उस पर विश्वास हो गया, तब टोनी ने उसके साथ बलात्कार किया।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com